शुक्रवार
14 जून 2024

डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज


बिहार में अपराधिक घटनाओं पर तेजस्वी ने सरकार को घेरा, बोले- सब चुप्पी साधे हैं
2



# परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए यूपी सरकार कराएगी सास, बेटा, बहू सम्मेलन

- 27 से शुरू होगा विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का दूसरा चरण
- प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने जारी किए दिशा-निर्देश




**केटी न्यूज/लखनऊ**

जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का दूसरा चरण कम्युनिटी मोबिलाइजेशन 27 जून से शुरू होगा, जो 10 जुलाई तक चलेगा। योगी सरकार जनसमुदाय को परिवार नियोजन के महत्त्व के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों जैसे, सारथी वाहन और सास-बेटा- बहु सम्मलेन का आयोजन किया जाएगा। वहीं पखवाड़े का तीसरा चरण सेवा प्रदायगी 11 से 24 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस दौरान सभी स्वास्थ्य इकाईयों में परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों (बास्केट ऑफ च्वाइस) के बारे में परामर्श दिया जाएगा और योग्य एवं इच्छुक लाभार्थियों के लिए को यह साधन उपलब्ध भी कराए जाएंगे। बता दें कि परिवार कल्याण कार्यक्रमों को गति देने और जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इस संबंध में प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

### प्रदेश में सकल प्रजनन दर में आई है कमी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि जनसंख्या पखवाड़ा हर साल मनाया जाता है, जिसमें अधिकारी से लेकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता, समुदाय सक्रिय रूप से सहयोग करते हैं। इसके साथ ही साथ परिवार कल्याण के कई कार्यक्रम भी चलाये जा रहे है। इन्ही सब का परिणाम है कि प्रदेश में सकल प्रजनन दर में कमी आई है, जो हमें राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण से स्पष्ट होती है। एनएफएचस- 5 (2019-20) के अनुसार टीएफआर 2.4 है जबकि एनएफएचस-4 (2015-16) में यह आंकड़ा 2.7 था। इसी क्रम में एक जून से 20 जून तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के प्रारंभिक चरण पर काम शुरू हो गया है। इसके तहत लक्षित दंपत्तियों को प्रेरित करने, सेवा प्रदायगी गतिविधियों को अच्छे ढंग से जमीन पर उतारने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसमें सेवा प्रदाताओं का क्षमतावर्धन, परिवार नियोजन साधनों की आपूर्ति और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर काम किया जा रहा है। इस वर्ष जनसंख्या पखवाड़ा का नारा है- ह्यविकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान। वही इस बार की थीम मां और बच्चे की सेहत के लिए गर्भधारण का सही समय और अंतर रखी गयी है।

### परिवार नियोजन के प्रति किया जाएगा जागरुक

परिवार कल्याण कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. सूर्यांश ओझा ने बताया कि कार्यक्रम का पूरा जोर समुदाय को परिवार नियोजन के आधुनिक साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित करने, स्वास्थ्य कार्यकताओं को प्रशिक्षित करने और फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजमेन्ट इनफॉर्मेशन सिस्टम (एफपीएलएमआईएस) पोर्टल को सुदृढ़ करने पर है क्योंकि इसके द्वारा सभी स्तरों पर परिवार नियोजन सामग्री एवं साधनों का निरीक्षण एवं प्रबंधन किया जाता है। पखवारे के दौरान यदि कोई जनपद नवाचार करना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। जनपदों में परिवार कल्याण कार्यक्रम सुचारू रूप से चलाने के लिए यह पहल की गई है कि जिन जनपदों मे परिवार नियोजन सलाहकार नहीं हैं। वहां पर अन्य किसी भी कार्यक्रम के सलाहकार परिवार कल्याण काउन्सलर का भी उत्तरदायित्व निभा सकेंगे। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया गया है।

**यह है बास्केट ऑफ च्वाइस:** परिवार नियोजन के अस्थायी साधन जैसे त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा, साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली छाया, प्रसव पश्चात इंट्रायूट्राइन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस, गर्भपात पश्चात इंट्रायूट्राइन कॉन्सेट्राप्टिव डिवाइस , कॉपर टी, माला-एन, आकस्मिक गर्भनिरोधक गोली और कॉडोम।

## नीट यूजी परीक्षा परिणाम विवाद मामले में एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट में दी जानकारी

# 1563 छात्रों को दिए ग्रेस मार्क्स को एनटीए ने किया रद्द, 23 जून को दोबारा होगी परीक्षा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

नीट यूजी परीक्षा परिणाम में अनियमितता को देखते हुए एनटीए ने 1563 छात्रों का ग्रेस मार्क्स रद्द करके फिर से नीट एग्जाम आयोजित करने का फैसला लिया है। सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की बेंच ने मामले की सुनवाई की। 67 छात्रों को 720 में से 720 मार्क्स मिलने पर जब एनटीए से सवाल पूछा गया था तो एनटीए इसके पीछे की वजह ग्रेस मार्क्स बताया था। एनटीए ने अपनी सफाई में कहा था कि कुछ एग्जाम सेंटर्स पर लॉस ऑफ टाइम की वजह से कुल 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं जिसकी वजह से 44 छात्रों के मार्क्स 720 हुए। एनटीए ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में कह दिया है कि वो ग्रेस मार्क्स रद्द करके इन छात्रों का री-एग्जाम कराने को तैयार है।

**ग्रेस मार्क्स पाने वाले छात्रों के पास ये दो ऑप्शन:** जिन स्टूडेंट्स को एनटीए की तरफ से ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं उन्हें दो ऑप्शन दिए हैं। ये छात्र या तो 23 जून को री-एग्जाम में बैठ सकते हैं या फिर बिना ग्रेस मार्क्स वाले पुराने स्कोर के साथ ही काउंसलिंग की तरफ आगे बढ़ सकते हैं। जिन कैंडिडेट को कॉन्फिडेंस है कि वे दोबारा परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं तो वे री-एग्जाम में शामिल होने का फैसला ले सकते हैं।

### केवल 1563 छात्रों का ही नीट एग्जाम दोबारा होगा




नीट रिजल्ट के बाद दाखिल की गई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एनटीए ने कहा कि वे ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों का री-एग्जाम कराने को तैयार हैं। इससे पहले एनटीए ने कहा था करीब 24 लाख छात्रों में से केवल 1563 छात्रों के परीक्षा परिणाम तक समस्या सीमित है। बाकी स्टूडेंट्स को कोई परेशानी नहीं है।

### नीट यूजी काउंसलिंग पर नहीं लगाई जाएगी रोक

सुप्रीम कोर्ट ने फिर दोहराया है कि नीट यूजी की काउंसलिंग पर कोई रोक नहीं लगाई जाएगी। स्टूडेंट्स काउंसलिंग राउंड में शामिल हो सकते हैं। 23 जून को दोबार नीट एग्जाम होगा और 30 जून को इसका रिजल्ट घोषित होने की उम्मीद है। ताकि जुलाई में नीट की काउंसलिंग शुरू हो सके। एनटीए की तरफ से कहा गया कि छात्रों का डर दूर करने के लिए यह निर्णय लिया जा रहा है।

**ग्रेस मार्क्स देने से बढ़ी परेशानी:** दरअसल, पांच मई को देशभर में हुई नीट परीक्षा कराने वाली एनटीए ने 4 जून को जब रिजल्ट जारी किया तो देश भर में हंगामा खड़ा हो गया। वजह 67 बच्चों को जहां 720 में 720 नंबर मिले थे, वहीं इससे भी ज्यादा 1563 बच्चों को ग्रेस मार्किंग दी गई थी। यह ग्रेस मार्किंग 10, 20 या 30 नंबर की नहीं 100 से 150 नंबर तक की दी गई थी, जिसकी वजह से कई बच्चे जो मेरिट में बाहर थे वो मेरिट में आ गए और जो मेरिट वाले बच्चे थे उनके लिए गवर्नमेंट कॉलेज में एडमिशन पाना मुश्किल हो गया।

### नीट परीक्षा में धांधली हुई है, भ्रष्टाचार हुआ है : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया और लिखा, नीट परीक्षा में केवल ग्रेस मार्क्स की समस्या नहीं थी। धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने आगे लिखा, परीक्षा में बैठे 24 लाख छात्र-छात्राओं का भविष्य मोदी सरकार के कारनामों से दांव पर लग गया है। परीक्षा केंद्र और कोचिंग सेंटर का एक गठजोड़ बन चुका है, जिसमें पैसे दो-पेपर लो का खेल खेला जा रहा है। नीट घोटाले में कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक निष्पक्ष जाँच की मांग करती है।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पेपर लीक के आरोपों को किया खारिज



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को नीट यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों को खारिज कर दिया, परिणामों को लेकर छात्रों द्वारा जारी विरोध प्रदर्शन के बीच दावा किया कि इस तरह के दावों का समर्थन करने के लिए कोई सबूत नहीं है। प्रधान ने विपक्ष पर वार करते हुए यह भी कहा कि विपक्ष तथ्यों को जाने बिना संवेदनशील मुद्दे पर झूठ फैला रहा है। शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस नेता और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के एक ट्वीट के जवाब में कहा, नीट परीक्षा मामले में एनटीए माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उचित कार्यवाही करने को कटिबद्ध है। शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस नेता और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के एक ट्वीट के जवाब में कहा, नीट परीक्षा मामले में एनटीए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उचित कार्यवाही करने को कटिबद्ध है। प्रधान ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए आगे लिखा, मैं कांग्रेस को ये याद दिलाना चाहता हूं कि पेपर लीक रोकने और नकल विहीन परीक्षा के लिए केंद्र सरकार ने इसी साल पब्लिक एग्जामिनेशन एक्ट पारित किया है जिसमें कई कड़े प्रावधान हैं।

## हमारे पास जो भी संसाधन उपलब्ध हैं, आतंकवादियों से निपटने में उन सबका इस्तेमाल करें: पीएम मोदी

**केटी न्यूज/पटना**



जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में एक के बाद एक हुए आतंकवादी हमले के बाद गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की। इससें उन्होंने आतंकवादियों से पूरी क्षमता के साथ निपटने का स्पष्ट निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद थे। रिव्यू मीटिंग में पीएम मोदी को जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों के साथ ही अब तक उठाए गए कदम के बारे में जानकारी दी गई। पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर गृह मंत्री अमित शाह और केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे पास जो भी संसाधन उपलब्ध हैं, आतंकवादियों से निपटने में उन सबका इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने मनोज सिन्हा से जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात की जानकारी ली। पीएम मोदी को स्थानीय प्रशासन द्वारा अब तक उठाए गए कदम के बारे में पूरी जानकारी दी गई।

जम्मू संभाग में पिछले कुछ दिनों में लगातार कई आतंकवादी हमले हुए हैं। खुफिया एजेंसियों ने आतंकियों के नापाक मंसूबों के बारे में फिर से जानकारी दी है। इसके बाद से आतंकी हमलों के इनपुट मिलने के बाद जम्मू संभाग में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। डोडा के घने जंगलों और ऊंचे वाले इलाकों में भी एसओजी की टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही है। बुधवार शाम को इसी इलाके में आतंकियों ने हमला किया था। हमले में एक जवान घायल हो गया था।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत मामले में फैसला सुरक्षित

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में पिछले तीन दिनों तक सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। गुरुवार को ईडी की ओर से वकील एसवी राजू ने पक्ष रखते हुए कहा कि हेमंत सोरेन को जमानत नहीं दी जा सकती है।

## हिमाचल प्रदेश सरकार ने दिल्ली को पानी देने से किया इनकार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली में गहराते जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार को सुनवाई में हिमाचल प्रदेश ने सुप्रीम कोर्ट में अपने पिछले बयान से पलटते हुए कहा कि उसके पास अतिरिक्त पानी नहीं है। ऐसे में वो दिल्ली को पानी नहीं दे सकता। इसके बाद सर्वोच्च अदालत ने दिल्ली सरकार को जल आपूर्ति के लिए 'अपर यमुना रिवर बोर्ड' का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट में हिमाचल प्रदेश सरकार ने पिछला बयान वापस लेते हुए कहा कि उसके पास 136 क्यूसेक अतिरिक्त पानी नहीं है। पीठ ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल बंटवारे का मुद्दा जटिल है और अदालत के पास अंतरिम आधार पर इसका फैसला करने की तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है। पीठ ने कहा कि इस मुद्दे को 1994 के समझौता ज्ञापन में पक्षों की सहमति से गठित निकाय के विचारार्थ छोड़ दिया जाना चाहिए।

## राज्य में हो रहे अवैध निर्माण पर तुरंत रोक लगाएं : सीएम भूपेंद्र

**एजेंसी/अहमदाबाद**

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के अधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों से लोगों की शिकायतों पर ध्यान देने को कहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में कहीं भी हो रहे अवैध निर्माणों पर तुरंत रोक लगाई जाए। भूपेंद्र पटेल ने इस दौरान राजकोट के गेम जोन में लगी आग का भी जिक्र किया, जिसमें 27 लोगों की मौत हो गई थी।

एक कार्यक्रम के दौरान सीएम पटेल ने कहा कि एक छोटी सी भूल सरकार द्वार किए गए अच्छे कामों पर पर्दा डाल सकती है। सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा राजकोट अग्निकांड के बाद मैं सोच रहा था कि भले ही हम कितनी भी मेहनत करते हैं, लेकिन, फिर भी हम गलती कर बैठते हैं। मानव जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए और इस पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी अवैध निर्माण पर इसकी शुरूआत में ही रोक लगा दी जानी चाहिए। इससे सरकार और संपत्ति के मालिक, दोनों के लिए चीजें आसान हो जाएंगी।

## उप्र में हजारों लीटर अवैध शराब जब्त, नष्ट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश पर प्रदेश में अवैध और जहरीली शराब के खिलाफ अभियान जारी है। आचार संहिता समाप्त होने के एक हफ्ते के भीतर ही प्रदेश में अबतक हजारों लीटर अवैध और जहरीली शराब को आबकारी और पुलिस विभाग द्वारा नष्ट और जब्त किया जा चुका है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दोनों विभागों की पीठ इस बात को लेकर थपथपाई है कि पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान प्रदेश में कहीं भी अवैध और जहरीली शराब से जुड़ी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है। दोनों विभाग की संयुक्त टीमें प्रदेश के सभी जिलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई के जरिए प्रतिदिन सैकड़ों लीटर अवैध शराब को जब्त और नष्ट करने का काम कर रही हैं।

**एक सप्ताह में इन जिलों में हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई:** बीते एक हफ्ते में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अमरोहा, सहारनपुर, गाजियाबाद, सीतापुर, सुल्तानपुर, ललितपुर, हापुड़, मुरादाबाद, लखीमपुर, गोंडा, एटा अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, बस्ती, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, झांसी, उन्नाव, बांदा, प्रयागराज, चित्रकूट, गौतमबुद्ध नगर, फरुर्खाबाद, बदायूं, अमेठी, कुशीनगर, गोरखपुर और बस्ती से हजारों लीटर अवैध शराब को जब्त और नष्ट किया गया है।

प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा चल रही अनवरत कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी विभाग की पीठ थपथपा चुके हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के ऑफिशियल एक्स हैंडल के जरिए स्वयं सीएम योगी ने कहा है कि जहरीली अथवा अवैध शराब बनाने, बेचने और खरीदने के प्रयासों पर लगातार हुई कार्रवाइयों का ही असर है कि इसका पूरा सिंडिकेट समाप्त हो गया है।




## 12 जून को उप्र पावर कारपोरेशन ने प्रदेश की अधिकतम डिमांड 30240 मेगावाट को पूरा किया

# 30000 मेगावाट विद्युत आपूर्ति करने वाला पहला राज्य बना यूपी

**केटी न्यूज/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने 30 हजार मेगावाट से ज्यादा मांग के अनुरूप विद्युत आपूर्ति करने का रिकार्ड बनाया है। 12 जून को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने प्रदेश की अधिकतम डिमान्ड 30240 मेगावाट को पूरा किया। इसी दिन किसी भी दिवस की अधिकतम विद्युत खपत 653.526 मिलियन यूनिट (एमयू) का नया रिकार्ड भी बना।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं ऊर्जा मंत्री के मार्ग दर्शन और उनकी मंशा के अनुरूप प्रदेश में पहली बार



गर्मी में उपभोक्ताओं को 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक तापमान और गर्मी के कारण विद्युत मांग प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और विदयुत कर्मियों की कर्मठता से आपूर्ति के रिकार्ड भी बन रहे है। 11 जून को प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक विद्युत मांग 29,820 मेगावाट पहुंच गई थी। विद्युत खपत भी लगभग 643 एमयू पहुंची थी। यह रिकार्ड 12 जून को टूट गया और नया रिकार्ड बना।

गत वर्ष 24 जुलाई 2023 में अधिकतम मांग 28,284 मेगावाट का रिकार्ड बना था। लेकिन इस बार मई माह में ही यह रिकार्ड टूट गया जब 22 मई को 28,336 मेगावाट तक मांग की आपूर्ति की गई। कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने पुनः अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लगातार पड़ रही भयंकर गर्मी एवं विद्युत की मांग में हो रही बढ़ोत्तरी को देखते हुए सावधानी बरतें। सभी कार्मिक इस चुनौतीपूर्ण समय में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। फोन उठाएं, क्षेत्र में पेट्रोलिंग करें तथा टोल फ्री नम्बर 1912 पर आने वाली सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाई करें। अध्यक्ष का कहना है कि विद्युत मांग के अनुरूप बिजली की व्यवस्था की जा रही है। पावर कारपोरेशन ने पूवार्नुमान के अनुरूप विद्युत उपलब्धता की व्यवस्था कर रखी है और मांग बढ़ने पर अतिरिक्त व्यवस्था भी ससमय की जा रही है। उन्होंने बताया है कि सिस्टम की कैपेसिटी के कारण कही भी रोसटरिंग नही हो रही है। लोकल फाल्ट के कारण विद्युत आपूर्ति के बाधित होने की स्थिति में विदयुत कर्मी कम से कम समय में ठीक कर आपूर्ति बहाल करने हेतु प्रयासरत हैं।

# बिहार में बढ़ती अपराधिक घटनाओं पर तेजस्वी यादव ने सरकार को घेरा, बोले- सब चुप्पी साधे हैं

**केटी न्यूज/पटना**

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आए अभी 10 दिन भी नहीं हुए हैं कि बिहार में अपराध एक बार फिर से सिर उठाने लगा है। बिहार में अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। वहीं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के बढ़ते क्राइम पर सवाल खड़े किए हैं। तेजस्वी ने राज्य में 14 अपराधों की सूची साझा की है। तेजस्वी यादव ने एक्स प्लेफॉर्म पर ट्वीट शेयर करते हुए लिखा कि बिहार में डबल इंजन सरकार के चंद घंटों के मंगलराज का अद्भुत आपराधिक नजारा देखिए। मुख्यमंत्री और



दो उपमुख्यमंत्री सहित पूरा अमला आपराधिक घटनाओं पर चुप्पी साधे है।

**बिहार के 14 अपराध:** तेजस्वी यादव ने बिहार के 14 अपराध गिनाते हुए लिखा नवादा में सरेआम महिला को चाकू घोंपा गया। पटना में दो बहनों पर चाकू से हमला हुआ। भागलपुर में महिला को निर्वस्त्र करके पीटते हुए मार डाला। सुपौल में दो बच्चों के शव गड्ढे में मिले। मुंगेर की नदी में महिला का शव मिला। छपरा में वकीलों की गोली मारकर हत्या हुई। छपरा में युवती को गोली मारी और छपरा पुलिस पर भी हमला हुआ। भोजपुर में प्लंबर की हत्या हुई। मोतिहारी में व्यवसायी की गोली मारी गई। गोपालगंज में हार्डवेयर कारोबारी को गोली लगी। बगहा में ताबड़तोड़ फायरिंग, आरा में युवक को गोली लगी और पटना में कई राउंट की फायरिंग देखने को मिली।

## भाजपा की डबल इंजन सरकार का फेल मॉडल: अखिलेश

तेजस्वी यादव के ट्वीट पर रिएक्शन देते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सरकार की कड़ी आलोचना की है। अखिलेश यादव ने बिहार के साथ-साथ यूपी सरकार को भी मामले में घसीट लिया है। अखिलेश यादव ने लिखा कि भाजपाराज में उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार तक जंगलराज है। यही है भाजपा की डबल इंजन सरकार का फेल मॉडल।

## सम्राट चौधरी ने किया पलटवार... अपराधी को छिपाकर रखने वाले राजद के लोग होते हैं



तेजस्वी ने बिहार में हुए आपराधिक घटनाओं और मोदी सरकार में परिवारवाद को लेकर भाजपा को निशाने पर लिया है। इस पर अब बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पलटवार किया है। सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव के पोस्ट पर कहा कि बिहार में आपराधिक घटनाओं पर कार्रवाई होने में देर नहीं होती है। अपराधी को छिपाकर रखने वाले राजद के लोग होते हैं। भाजपा अपराध विरोधी है, अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे, जिन लोगों ने अपराध किया है, उन पर कार्रवाई होगी। एक अन्य पोस्ट में तेजस्वी यादव ने भाजपा के केंद्रीय मंत्रिमंडल में परिवारवाद को लेकर मोदी सरकार को घेरा था, जिस पर सम्राट चौधरी ने कहा कि बीजेपी में जो काम करते हैं उन्हीं को जगह मिलती है। वह किन्हीं के पुत्र हैं इस कारण से किन्ही को जगह नहीं मिलती। वंशवादी राजनीति के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी है।

तेजस्वी यादव ने अपने पोस्ट में लिखा था कि राजनीति में परिवारवाद के सबसे बड़े संरक्षणकर्ता, पालनकर्ता और पोषणकर्ता ही परिवारवाद पर लंबा-चौड़ा प्रवचन देते हैं। कथित विरासत वाली पार्टियों की बदौलत ही आज उनकी सरकार और सियासत सांस ले पा रही है। उनके कथनी और करनी के इस अंतर को हमारे महान देश की महान जनता बखूबी समझती है। वहीं एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा था कि बिहार में डबल इंजन सरकार के चंद घंटों के मंगलराज का अद्भुत आपराधिक नजारा देखिए।

## खबरें फटाफट

### सांसद सुधाकर सिंह बोले.. किसान विरोधी है बिहार सरकार



**पटना।** बिहार के पूर्व कृषि मंत्री और बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने बिहार सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की सरकार को किसानों का कोई चिंता नहीं है। राज्य में भीषण गर्मी की वजह से किसान धान की नर्सरी नहीं डाल पा रहे है। वही जहां नहरों में 25 मई तक ही पानी नहर में आ जाता है, लेकिन बिहार सरकार ने एक जून को नहरों में पानी छोड़ने की बात कही थी। लेकिन आज 13 तारीख हो गया है, फिर भी नहर में पानी नहीं है। वहीं सरकार आठ घंटा किसानों को बिजली देने की बात बोल रही है, फिर भी किसानों को बिजली नहीं मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बिजली की कटौती जारी है लेकिन सरकार कोई मतलब नहीं है। वहीं आने वाले दिनों में बहुत जल्द केंद्र की सरकार जाने वाली है। आगामी 24 जून से लोकसभा का सत्र की शुरूआत होगी और निर्वाचित सांसदों का शपथ ग्रहण होगा इस पर सुधाकर सिंह ने कहा कि अभी तो इसके बारे में हमें जान लिखित रूप से जानकारी नहीं दी गई है शपथ ग्रहण का कार्य है लेकिन यह पता नहीं है कि सदन में क्या होगा अगर मौका मिला तो हम बिहार के किसानों की समस्या को जरुर उठाएंगे।

### कटिहार में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला

**पटना।** बिहार में पुलिस टीम पर हमले जैसी वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला कटिहार का है, जहां छापेमारी करने गई पुलिस टीम को लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया और आरोपी को पुलिस की कस्टडी से छुड़ाकर ले भागे। घटना नगर थानाक्षेत्र के हरीगंज कोरैया पट्टी की है। दरअसल, नगर थाना की पुलिस के साथ उस वक्त हाथापाई की गई जब पुलिस टीम छापेमारी के दौरान एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। इस पर लोग आक्रोशित हो गए और महिला को छुड़ाने के लिए पुलिस वैन को घेर लिया और जवानों के साथ हाथपाई करने लगे।

## बायसी थाना क्षेत्र के ताराबाड़ी गांव में 24 की संख्या में आए डकैतों ने किया दुस्साहस

# पूर्णिया में बमबाजी कर चार घरों में डकैती पीछा करने पर दो लोगों को मारी गोली

- दहशत फैलाने के लिए डकैतों ने बमबाजी और कई राउंड फायरिंग
- 12 भर सोना, 2 किलो चांदी और 2 लाख रुपए कैश लूटकर हुए फरार

**केटी न्यूज/पटना**

पूर्णिया में बमबाजी और गोलीबारी कर भीषण डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया है। करीब 24 डकैतों ने चार परिवारों के घरों में पहले डकैती की और दहशत फैलाने के लिए बमबाजी और कई राउंड फायरिंग भी की। इसके बाद 12 भर सोना (करीब 120 ग्राम), 2 किलो चांदी और 2 लाख रुपए कैश लूटकर फरार हो गए। जब डकैतों का पीछा किया तो पूर्व वार्ड पार्षद सदस्य समेत दो लोगों को गोली मार दी। गोली लगने के बाद दोनों की स्थिति काफी गंभीर है। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हायर हॉस्पिटल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। जांच के दौरान पुलिस ने गांव में नदी से एक हथोड़ा, 11 जोड़ी जूता-चप्पल, मोबाइल कवर और बुलेट्स और कई अन्य चीजें भी बरामद की हैं। घटना बीते रात्रि बायसी थाना क्षेत्र ताराबाड़ी गांव की हैं। डकैती की घटना ताराबाड़ी गांव निवासी मो. नईम, मो. नौशाद, मो. अहिजुल, मो. अरशद के घर पर हुई है।



पीड़ित के पीड़ित परिवार फरहाज ने बताया कि रात के करीब 12 बज रहे थे। सब लोग सोने की तैयारी में थे। तभी बाहर से ताबड़तोड़ फायरिंग और बमबाजी की आवाज आने लगी। खिड़की से झांक कर देखा तो करीब दो दर्जन की संख्या में कुछ लोग घर की तरफ आ रहे थे। सभी बदमाश हथियार के लैस थे। कुछ ही देर बाद वे नईम और उनके रिश्तेदारों के घर में घुस गए। हथियार का भय दिखाकर नईम से मारपीट करते हुए घर में रखे 12 भर सोना और करीब 2 किलो चांदी समेत 1 लाख 40 हजार कैश लूट ले गए।

वहीं डकैतों का पीछा करने पर पूर्व वार्ड पार्षद सदस्य समेत दो लोगों को गोली मार दी। परिजन ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां पूर्व वार्ड पार्षद सदस्य आफाक आलम की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। गोली आफाक के हाथ में लगी। भागने के क्रम में अपराधी गांव से लगी नदी किनारे से एक हथौड़ा, 11 जोड़ी जूता-चप्पल, बांस-डंडे आदि छोड़ गए।

## महाराजगंज में पार्टी का झंडा हटाने को लेकर विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या, आक्रोश

**केटी न्यूज/ पटना**

महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र (सारण जिला) में दो पार्टियों के समर्थकों के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। इसी बीच एक भाजपा समर्थक की हत्या कर दी गई। कारण बस इतना था कि उसने अपने घर पर लगे पार्टी के झंडे को हटाने से मना किया था। इतनी सी बात पर विरोधियों ने चाकू गोदकर उसकी हत्या कर दी। आननफानन में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। हालांकि, घटना के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। परिजनों ने चौकीदार पर रसूलपुर के थानाध्यक्ष सहित कई अन्य पर पक्षपात का आरोप लगाया गया है। झंडा हटाने को लेकर उत्पन्न विवाद में चाकूबाजी की घटना में एक युवक की जान गवानी पड़ गई है। घर पर लगे चुनावी झंडे को जबरदस्ती उतारने को लेकर हुए विवाद में चाकू गोदकर युवक की हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। महाराजगंज लोकसभा चुनाव में कांग्रेस समर्थको पर हत्या का आरोप लगाया गया है। लोगों का कहना है कि चुनावी झंडे को हटाने को लेकर उपजा विवाद इस कदर तक हावी हो जाएगा। इसका अंदाजा किसी को नही था।

### परिजन बोले- चुनाव के पूर्व से ही चल रहा था विवाद

घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि युवक ने भाजपा का झंडे को अपने घर की छत पर लगया था। इसे लेकर चुनाव के पूर्व से विवाद चल रहा था। आज पुन: दबंगो ने भाजपा कार्यकत्ताओं पर चाकू से बार कर दिया, जिसमें एक की मौत हो गयी है। घटना की सूचना मिलने पर एकमा पुलिस अस्पताल पहुंची तो परिजन पुलिस से उलझ गए और सरेआम चौकीदार और थानाध्यक्ष पर धमकी देकर केश वापस कराने का आरोप लगाने लगे। हालांकि, पुलिस के लिखित शिकायत के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया गया तो मामला शांत हुआ। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

## मधुबनी में नदी में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत

**केटी न्यूज/ पटना**

मधुबनी में एक साथ तीन बच्चों की नदी में डूबने से मौत की दर्दनाक घटना सामने आई है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की खबर आग की तरह फैल गयी और देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी।

जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेजा। घटना बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के धनौजा गांव की है। जहां इस घटना से मृतकों के परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि तीनों बच्चे खिलौना बनाने के लिए नदी के पास मिट्टी काटने गये थे। तभी भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से परेशान बच्चे नदी में नहाने चले गये। नहाने के दौरान तीनों बच्चे नदी में डूब गये और एक साथ तीनों की मौत हो गयी। मृतकों में दो बच्चियां और एक बच्चा शामिल है। जिनकी पहचान धनौजा गांव निवासी मोहन मंडल के 8 वर्षीय पुत्र गुड्डू मंडल और 10 वर्षीय पुत्री खुशबू कुमारी और गांव के ही दिवेश मंडल की 10 वर्षीय पुत्री दुर्गा कुमारी के रूप में हुई है।

## मधेपुरा में हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार 3 युवकों की मौत

**केटी न्यूज/ पटना**

मधेपुरा के उदाकिशुनगंज में अज्ञात हाइवा और बाइक की आमने सामने की हुई टक्कर में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। घटना बुधवार की देर शाम की है। मृतकों की पहचान बराही आनंदपुरा के नेमुवा, वार्ड 8 निवासी हरदेव यादव के पुत्र मोहन कुमार, कुंवर यादव के पुत्र अवधेश कुमार, यूरेन यादव के पुत्र अमरेश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि बुधवार की देर रात बाइक पर सवार तीनों युवक किसी शादी समारोह से अपने घर नेमुआ बराही गांव लौट रहे थे कि रास्ते में उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के रहटा गांव के समीप एनएच 106 मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा ने रौंद कर फरार हो गया। वाहन की चपेट में आने से मोहन कुमार और अवधेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी, वही गंभीर रूप से जख्मी अमरेश ने जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया।

## बिहार में विधानसभा का चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी आम आदमी पार्टी

**केटी न्यूज/पटना**

अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी बिहार में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। आप के राज्यसभा सांसद संजय कुमार सिंह स्पष्ट कहा है कि बिहार में हमारी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। आम आदमी पार्टी के चुनावी तैयारी शुरू कर दे। ताकि आगामी चुनाव के बाद अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली में दिए जा रहे गुड गवर्नेंस का लाभ बिहार को भी मिल सके। संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी बिहार में चुनाव लड़ेगी यह तय है। लेकिन, कितने सीटों पर लड़ेगी? यह हमलोग बाद में तय करके बताएंगे। अब तक यह स्पष्ट है कि हमलोग बिहार में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि इंडी गठबंधन की सहयोगी पार्टियों में से एक आम आदमी पार्टी बिहार में भी गठबंधन धर्म का पालन करेगी। इंडी गठबंधन में सीट बंटवारे के फॉमूर्ला तय होने के बाद ही आप



अपनी सीटों का खुलासा करेगी। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी बिहार विधानसभा में उतरती है तो सीधे तौर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को ही टक्कर देगी। खास तौर पर केजरीवाल सीएम नीतीश कुमार की पार्टी और पीएम मोदी की नेतृत्व वाली भाजपा को चुनौती देंगे।

आप के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पिछले साल 22 जून को पटना आए थे। केजरीवाल को सीएम नीतीश कुमार ने न्यौता दिया था। उस वक्त सीएम नीतीश कुमार इंडी गठबंधन के साथ थे।

## सांसद पप्पू यादव को एक करोड़ रंगदारी मामले में मिली बेल

**पटना।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। फर्नीचर कारोबारी से एक करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में जमानत दे दी है। पूर्णिया के एक कारोबारी ने सांसद पप्पू यादव और उनके करीबी अमित यादव के खिलाफ रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए थाने में केस दर्ज कराया था। इस मामले में पप्पू यादव आज पूर्णिया की कोर्ट में पेश हुए, जहां कोर्ट ने उन्हें राहत देते हुए जमानत दे दी है।

दरअसल, पूर्णिया के नवनिर्वाचित सांसद पप्पू यादव और उनके करीबी अमित यादव के खिलाफ पिछले दिनों मुफस्सिल थाने में केस दर्ज हुआ था। राजा भगत नाम के फर्नीचर कारोबारी ने दोनों के ऊपर एक करोड़ की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था। कारोबारी ने पप्पू यादव और अमित यादव पर आरोप लगाया है कि दोनों ने पिछले साल दुगार्पूजा के दौरान उनसे रंगदारी की मांग की थी।

## समीक्षा बैठक में विस्तारकों की राय पर उपेंद्र कुशवाहा ने दी सलाह, बोले...

# कटुता बढ़ानेवाली बातें मीडिया में जानें से रोकें

**केटी न्यूज/पटना**

लोकसभा चुनाव में पिछली बार की तुलना में एनडीए को बिहार में कुल 9 सीटों का नुकसान हुआ है और अब एनडीए की हार के पीछे की वजह भी धीरे-धीरे सामने आ रही है। ऐसे में अब भाजपा की तरफ से की गई समीक्षा बैठक में एक बड़ी बात विस्तारकों की तरफ से कही गई है। उन्होंने कहा है कि जदयू का वोट भाजपा को ट्रांसफर नहीं हुआ है। इसके बाद अब इस मामले में एनडीए के एक और सहयोगी ने बड़ी बात कही है। दरअसल, काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरे एनडीए के सहयोगी उपेंद्र कुशवाहा चुनाव हार गए हैं। इसके बाद अब भाजपा की तरफ से किए गए समीक्षा बैठक में जो बातें सामने आई हैं उसपर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। कुशवाहा ने कहा है कि जो बातें भाजपा की तरफ से कही गई हैं। जिसमें यह कहा गया है कि जदयू का वोट भाजपा को नहीं मिला। यह मीडिया में नहीं



आनी चाहिए इससे काफी नुकसान होता है।

कुशवाहा ने कहा कि एनडीए के सभी घटक दलों के नेताओं से करबद्ध निवेदन है कि ऐसी खबरों को पब्लिक डोमेन में जाने से रोकें - बचें। क्योंकि इस तरह की खबरें हमारे आपस में कटुता बना-बढ़ा सकती है। आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति को जन्म दे सकती हैं। चुनाव परिणाम की समीक्षा अतिआवश्यक है। परन्तु यह हमारा (एनडीए का) आंतरिक मामला है। इसका मकसद हमारी कमियां ढूंढ कर मिलजुलकर उसको दूर करना है। ताकि आगामी विधानसभा चुनाव की फुलप्रूफ रणनीति बनायी जा सके। इसके आगे कुशवाहा ने कहा कि सार्वजनिक मंच पर चर्चा हमारे मूल मकसद को ध्वस्त कर सकती है। उधर विरोधी आग में घी डालने के लिए तो बैठा है ही। अत: हम सबको गंभीर होकर अर्जुन की तरह बिहार को फिर से 2005 के पहले वाली स्थिति में ले जाने से रोकने के लिए पुन: एनडीए सरकार की स्थापना के अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

आपको बताते चलें कि, बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से 17 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा को इस बार महज 12 सीटों पर जीत हासिल हुई है। इसके बाद अब पार्टी की तरफ से फीडबैक लेना शुरू कर दिया गया है। इस दौरान कई विस्तारकों ने प्रदेश अध्यक्ष से चुनाव को लेकर अपने अनुभव साझा किये हैं। इसके बाद जो मुद्दा सबसे प्रमुख रूप से निकलकर सामने आया है उसमें कहा गया है कि भाजपा के नेता को जदयू का वोट नहीं मिला है।



# बोर्ड की बैठक में पारित प्रस्ताव के बाद भी नहीं बन सका शहर की मंडी में यूरिनल

♦ शाहाबाद का पुराना मंडी होने के बाद भी एक भी टॉयलेट व यूरिनल की सुविधा नहीं

**केटी न्यूज/डुमरांव**




शहरी सरकार ने एक वर्ष पूरा कर लिया। लेकिन, शहरवासियों से किये गये वादे की अमलीजामा पहनाने में पिछड़ गयी। जिसमें गोला बाजार मंडी में महिलाओं की सुविधा को लेकर नगर परिषद ने मंडियों में यूरिनल बनाने का वादा किया था। इसके लिए पार्षदों की सहमति से बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव भी पारित हुआ लेकिन समय गुजरने के बाद भी नप प्रशासन ने इसे धरातल पर लाने की सुध नहीं ली। इस मंडी में शहर सहित दूर-दराज के ग्रामीण महिलाएं भी खरीदारी करने आती है लेकिन मुसीबत तब आती है जब बाजारों में टॉयलेट व यूरिनल नही दिखता। ऐसी हालत में खरीदारी करने आयी महिलाएं काफी गुस्से में दिखती है।

शाहाबाद का पुराना मंडी होने के बाद भी नगर परिषद प्रशासन द्वारा बाजारों में एक भी टॉयलेट व यूरिनल की सुविधा नहीं दी है जबकि नप दुकानों से व्यवसायी टैक्स की वसूली करती है। पुरुष तो बेचारे जहां-तहां इसके लिए जगह खोज लेते है लेकिन फंस जाती है तो महिलाएं। ऐसी हालत में उन्हें सुनसान गलियों और गंदगी भरे जगहों का सहारा लेना पड़ता है। मुख्य मंडी में कई हाई-फाई दुकानें भी खुली है लेकिन उसमें भी कही टॉयलेट नही दिखता। इस परेशानी को झेलती महिलाएं भिन्न-भिन्नाने लगती है और नगर परिषद को कोसती है।

मार्केट में आने वाली महिलाओं को लेकर भी नप संवेदनशील नही है। इस मार्केट में भी महिलाओं के प्रति घोर लापरवाही देखने को मिलती है। शहर में दर्जनो मार्केट खुले है लेकिन किसी मे भी टॉयलेट की सुविधा नही है। दो-तीन माकेर्टों में सुविधा है भी तो आम ग्राहकों को जाने से दुकानदार रोकते है। इस बात को लेकर कई बार दुकानदार व परेशानी महिलाओं के बीच झड़प भी हो चुकी है। हालांकि इस बात की जानकारी नगर परिषद के सभी वार्ड पार्षदों को है। बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दें रहा है। हर कोई अपने वार्ड को चकाचक करने में जुटा हुआ है। परंतु महत्वपूर्ण स्थल पर सभी चुप्पी साध ले रहे है। इनकी चुप्पी आम नागरिकों पर भारी पड़ रही है।

## एक नजर

### बक्सर में पटना सिकंदराबाद एक्सप्रेस पर पथराव




**बक्सर।** गुरुवार की शाम बक्सर से सटे चौसा स्टेशन के पास सिकंदराबाद से आ रही 12791 सिकंदराबाद पटना एक्सप्रेस पर यात्रियों ने पथराव किया है। आरोप चौसा स्टेशन पर पहले से खड़ी एक स्पेशल ट्रेन के यात्रियों पर लगा है। इस पथराव में ट्रेन में सवार किसी यात्री को चोट नहीं आई हैपथराव के बाद सिकंदराबाद पटना एक्सप्रेस के यात्रियों में अफरा तफरी मच गई थी। मिली जानकारी के अनुसार चौसा स्टेशन पर डाउन लाईन में एक स्पेशल ट्रेन को रोक एक्सप्रेस ट्रेनों को पार कराया जा रहा था। भीषण गर्मी के मौसम में ट्रेन खड़ी रहने से यात्रियों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया। सिकंदराबाद पटना एक्सप्रेस पार करने लगी। जिससे आक्रोशित यात्रियों ने पथराव शुरू कर दिया। बक्सर आरीपएफ के पोस्ट प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि स्पेशल ट्रेन के यात्रियों ने ही पथराव किया है।

**लू के थपेड़ो से बाजार में पसरा सन्नाटा**


डुमरांव। लू का कहर जारी है, जिससे लोग इसके शिकार हो रहे हैं। अनुमंडलीय अस्पताल में भी अधिकांश मरीज लू से ग्रसित पहुंच रहे हैं। इन मरीजों में बच्चों और महिलाओं की संख्या ज्यादा है। गुरूवार को भी अनुमंडलीय अस्पताल में काफी लोग लू लगने से बीमार पहुंचे हुए थे। ज्यादतर लोगों को कल्टी और लैट्रीन बार-बार होने की शिकायत थी। बहुतों को भर्ती कर पानी चढ़ाया जा रहा था। डाक्टरों का कहना है की घर से कभी भी खाली पेट नहीं निकले। खाली पेट रहने पर लू लगने का ज्यादा चांस रहता है। साथ ही पेयजल, निबू पानी और ओआरएस घोल का ज्यादा प्रयोग करन शरीर के लिए फायदामंद होता है। इसके सेवन करने से पसीना के रूप में शरीर से निकले नमक की कमी को यह दूर कर लोगों को स्वस्थ्य रखने और लू के असर को कम करने में काफी मदद करता है। धूप और लू कम होने पर ही घर से बाहर निकलने की कोशिश करनी चाहिए।

### आज पटना में सम्मानित होंगे जिले के दो रक्तवीर

**बक्सर।** विश्व रक्तदाता दिवस पर जिले के दो रक्तवीरों प्रियेश कुमार और बजरंगी मिश्र को पटना में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान सर्वाधिक संख्या में रक्तदान के लिए दिया जाएगा। वही, यह लगातार चौथा साल है जब दोनों रक्तवीरों का चयन इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए किया गया है। नियमित रूप से रक्तदान करने को लेकर दोनों जिले में रक्तवीर के नाम से प्रसिद्ध है। दोनों रक्तवीर न केवल स्वयं बढ़ चढ़कर रक्तदान करते है बल्कि युवाओं को भी नियमित रक्तदान करने के प्रति जागरूक करते है। दोनों रक्तवीर समय-समय पर रेड क्रॉस जैसी संस्था के रक्त अधिकोष में रक्त की उपलब्धता कराने में भी सहायक साबित होते हैं। इसको लेकर परियोजना निदेशक राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान भवन शेखपुरा ने उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किया है तथा दोनों को पत्र भेज सम्मान लेने के लिए आमंत्रित भी किया है। यह सम्मान समारोह विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह में प्रदेश के सभी जिलों से नियमित रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। जिसमें जिले के दो रक्तवीरों का चयन जिले से किया गया है। जो रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपनी अहम भूमिका निभाते है। वहीं जारी पत्र के माध्यम से 14 जून से 30 जून तक जिला अस्पतालों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है। इसके साथ ही रक्तदान के प्रति युवाओं व लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिले के प्रियेश कुमार एवं बजरंगी मिश्रा ने 71 बार नियमित रक्तदान कर मानवता की रक्षा करने में अपनी महती भूमिका निभाया है। पिछले चार बार से राज्य स्तर पर इन्हें सम्मानित करने को लेकर चयन किया जा रहा है। इस बार पूरे शाहाबाद क्षेत्र से केवल इन्हीं दो रक्तवीरों को सम्मानित होने के लिए चयनित किया गया है। उनके इस चयन से बक्सरवासियों में खुशी व्याप्त हैं। वही प्रियेश व बजरंगी ने कहा कि वे नियमित रक्तदान करने के साथ ही अन्य युवाओं को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते है।

## पंचायत सरकार भवन निर्माण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता सूची में शामिल

# जिले के 105 पंचायतों में होगा पंचायत सरकार भवन का निर्माण : डीएम अंशुल



♦ पंचायत सरकार भवन का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले के 105 पंचायतों पंचयायत सरकार भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसकी प्रशासनिक कवायद शुरू हो गई है। इनमें कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल बक्सर के द्वारा 49 एवं कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर के द्वारा 56 पंचायत सरकार भवन निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गुरुवार को डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में पंचायत सरकार भवन निर्माण के संबंध में समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पंचायत सरकार भवन निर्माण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता सूची में शामिल है। विभाग स्तर पर समय-समय पर इसका अनुश्रवण किया जाता है। उन्होंने पंयायत सरकार भवन का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा पूछने पर बताया गया कि कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल बक्सर के द्वारा 49 एवं कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर के द्वारा 56 पंचायत सरकार भवन निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल बक्सर एवं कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल बक्सर को पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए अलग-अलग सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान डीएम ने वैसे अंचल जहां अधिक से अधिक पंचायत सरकार भवन निर्माण का कार्य लंबित है। वैसे अंचल के अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए विभागीय नियमानुसार, गुणवतापूर्ण एवं मानक के अनुसार पंचायत सरकार भवन निर्माण का कार्य कराने का निर्देश दिया गया। डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि लगभग चिन्हित सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिए भूमि आंवटित कर दी गई है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई परेशानी आती है। तब उसका तत्काल समाधान निकाला जाए। निर्माण एजेंसियों पर सख्ती बरती जाए।

### डीएम ने की लोक शिकायत के द्वितीय अपील की सुनवाई



**बक्सर। जिला** पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा गुरूवार को लोक शिकायत की द्वितीय अपील की सुनवाई समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। इस दौरान डीएम द्वारा लोक शिकायत अधिकार निवारण से संबंधित 12 मामलों पर सुनवाई की गई। जिनमें चार मामलों का निष्पादन जिला पदाधिकारी द्वारा किया गया। शेष मामलों में संबंधित लोगों को आवश्यक निर्देश देते हुए अगली तिथि पर सुनवाई निर्धारित की गई। वही, डीएम ने अधिकारियों से लोक शिकायत संबंधित मामलों का निष्पादन समय से करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोक शिकायत संबंधित मामलों के निष्पादन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुनवाई में कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल बक्सर, सहायक कार्यपालक अभियंता विद्युत कोरान सराय एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भूमि सुधार उप समाहर्ता डुमरांव, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद डुमरांव, अंचलाधिकारी चौसा, राजपुर, ब्रह्मपुर, सिमरी, चक्की, नावानगर, थानाध्यक्ष इटाढ़ी एवं थानाध्यक्ष चक्की ओपी उपस्थित थे।

### वेयर हाउस में सीसीटीवी व अग्निशम यंत्र को हर समय चालू रखे : डीएम

**बक्सर ।** डीएम अंशुल अग्रवाल ने गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रखंड परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य फोकस वेयर हाउस की सुरक्षा तथा साफ सफाई पर था। इस क्रम में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के दिशा-निदेशों के आलोक में वेयर हाउस के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सुरक्षा के लिहाज से कई आवश्यक निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी एवं अग्निशमन यंत्रों को हर समय कार्यरत रखना है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी व अग्निशमन यंत्र के फंग्शन को भी परखा तथा संतोष जताया। उन्होंने कहा कि इस वेयर हाउस में ईवीएम तथा वीवीपैट मशीनों के सुरक्षा के लिहाज से जरूरी है कि यहां हमेशा सीसीटीवी तथा अग्निशमन यंत्र कार्यरत रहे। वही, उन्होंने वेयर हाउस में साफ-सफाई एवं बिजली संचालन आदि के लिए वहां उपस्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने कई अन्य बिंदुओं पर भी उप निर्वाचन पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया। निरीक्षण के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### टीआर -3 परीक्षा के संबंध में आयोग ने डीएम को दी जानकारी

**बक्सर।** गुरुवार को मुख्य सचिव, बिहार एवं अध्यक्ष बिहार लोक सेवा आयोग की अध्यक्षता में अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा टीआर-3 के सफल आयोजन के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीएम अंशुल अग्रवाल ने भाग लिया गया। आगामी आयोजित होने वाली परीक्षाओं में किसी प्रकार की कोई त्रुटि एवं प्रश्न पत्र लिख संबंधित कोई मामला न हो, इसके लिए आयोग ने अपने पूर्व के पैटर्न में कतिपय संशोधन के संबंध में इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में डीएम सहित शामिल होने वाले अन्य अधिकारियों को अवगत कराया। आयोग द्वारा आयोजित होने वाली अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा टीआर-3 से संबंधित प्रश्न पुस्तिकाओं के सुरक्षित रखरखाव के बिंदु पर जिला मुख्यालय में बज्रगृह का चयन करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे भी आयोग द्वारा कई बिंदुओं पर डीएम का ध्यान आकृष्ट कराया गया।

### बक्सर जिले के अधिवक्ता आज करेंगे कार्य बहिष्कार

**बक्सर।** प्रदेश के छपरा सिविल कोर्ट में वकील पिता-पुत्र की हत्या मामले को लेकर बक्सर में जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय में नो-वर्क की घोषणा की गई है। इस दौरान अधिवक्ता न्यायिक कार्यों में नहीं शामिल होंगे। अधिवक्ता संघ के महासचिव बिंदेश्वरी प्रसाद पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय ने आए दिन अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों पर दुख व्यक्त किया और बिहार सरकार से राजस्थान की तर्ज पर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। बता दें कि प्रदेश के छपरा सिविल कोर्ट के अधिवक्ता राम अयोध्या राय और उनके पुत्र सुनील राय की हत्या उस वक्त कर दी गई थी जब दो दिन पूर्व वह हर दिन की तरह न्यायालय में अपने कार्यों को निबटाने के लिए जा रहे थे।

### बजरंग दल ने फूंका आतंकवादी संगठनों का पुतला

**बक्सर।** जम्मू-कश्मीर में शिव खोड़ी से माता वैष्णों देवी कटरा जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर आतंकी हमले को लेकर बक्सर में बजरंग दल के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय राजमार्ग-922 पर कथकौली मैदान के समीप पाकिस्तान पोषित आतंकवादी संगठनों का पुतला दहन किया।

# अनुमंडलीय अस्पताल में ओपीडी में नहीं बैठे शिशु रोग चिकित्सक, लौटे मरीज

♦ रोस्टर के अनुसार पांच डॉक्टरों को देनी है ड्यूटी

♦ मरीजों को जाना पड़ा निजी अस्पताल में

**केटी न्यूज/डुमरांव**




अनुमंडलीय अस्पताल की ओपीडी सेवा डाक्टरों की मनमानी से नहीं लौट रही पटरी पर। गुरुवार को ओपीडी सेवा से बच्चा के डाक्टर के नहीं बैठने से दर्जनों मरीज मायूश होकर अस्पताल से लौट गए। बीते बुधवार को भी बच्चा के डाक्टर ओपीडी सेवा से नादारद रहे। रोस्टर के अनुसार डाक्टरों के ड्यूटी नहीं करने से मरीजों को निजी क्लीनिक का सहारा लेना पड़ता है, जहां उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानियों से गुजरना पड़ता है। बता दें कि अनुमंडलीय अस्पताल में एक दशक से बच्चा के डाक्टर का पद खाली था। खाली पद को लेकर इसकी आवाज विधान सभा तक गुंज चुकी है। बावजूद स्थिति में कोई सुधार होने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को पांच डाक्टरों की सेवा रोस्टर के अनुसार देना था। दांत के डाक्टर के छुट्टी पर रहने के कारण उनका कक्ष खाली था। वहीं हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. सुमित सौरव मौजूद थे। वहीं फीजिसियन में डा. अजीत कुमार, महिला चिकित्सक में डा. श्रुति प्रकाश मरीजों को देख रही थी। वहीं बच्चा के डाक्टर के अनुपस्थित होने के कारण उनकी कुर्सी खाली पड़ी हुई थी और मरीज को लेकर उनके अभीभावक उनका इंतजार कर रहे थे। अब सवाल उठता है कि जब दो-दो बच्चा के डाक्टर अनुमंडलीय अस्पताल में पदस्थापित हो गए तो फिर क्यों मरीज और उनके अभिभावकों को निजी क्लीनिक का सहारा लेना पड़ रहा है। इस संबंध में जब विधायक अजीत कुशवाहा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं शीघ्र इस पर संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों मिल वस्तु स्थिति से अवगत करसया जाएगा। इधर सीएस डा. एस सिन्हा का कहना है कि अनुमंडल अस्पताल में डीएस मौजूद हैं, अनुपस्थित डाक्टर पर कार्रवाई करने के लिए सक्षम हैं।

### शराब के साथ कुख्यात शराब तस्कर गिरफ्तार

**ब्रह्मपुर।** नैनीजोर ओपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के डेगा बाबा के पास से एक कुख्यात शराब तस्कर को 78 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी अपाची बाइक भी जब्त कर ली है। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान करनामेपुर ओपी क्षेत्र के महुआर गांव निवासी अशोक यादव पिता महाबीर यादव के रूप में हुई है। पुलिस की माने तो वह कुख्यात शराब तस्कर है तथा पूर्व में कई बार तस्करी के आरोप में जेल जा चुका है। जबकि पिछले साल वह शराब के साथ गिरफ्तार होने के बाद नैनीजोर ओपी परिसर से हथकड़ी सरका फरार हो गया था। जिसे बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया था। लेकिन, जेल से छूटने के बाद वह फिर से शराब तस्करी में सक्रिय हो गया है। ओपी प्रभारी फिरोज आलम ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुख्यात तस्कर यूपी से शराब की बड़ी खेप लेकर आ रहा है।

# हाजीपुर जोन के रेल अधिकारियों ने डुमरांव स्टेशन के गुड्स यार्ड का किया गहन निरीक्षण

♦ व्यवसाय को बढ़ावा व यार्ड के विकास की बनी वृहद योजना

♦ यार्ड पर व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए रखी कार्य योजना

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बुधवार की शाम हाजीपुर रेल जोन के सीसीओ अरविंद कुमार रजक ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ डुमरांव रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर में अवस्थित गुड्स यार्ड का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यार्ड के विकास तथा व्यवसाय को बढ़ावा देने संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अपने मातहतों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। साथ ही अधिकारियों के साथ इससे संबंधित योजनाओं को साझा किया। जिसमें यार्ड का विस्तार, यार्ड पर व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर संपर्क पथ का निर्माण, चारदीवारी का निर्माण, माल लोडिंग-अनलोडिंग के लिए आने-जाने वाले वाहनों को टर्निंग के लिए सुविधा सहित यार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विकास आदि शामिल है। निरीक्षण के दौरान सीसीओ अरविंद कुमार रजक ने मानक के अनुरूप यार्ड के विस्तार तथा गुड्स यार्ड में डबल लाइन के निर्माण लिए जमीन अधिग्रहण को जरूरी बताते हुए कहा कि इससे लिए संबंधित विभाग से संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि वर्षों से लंबित गुड्स यार्ड के निर्माण के बाद अभी तक उस पर पूरी तरह व्यावसायिक गतिविधियां शुरू नहीं हो पाई है जबकि गुड्स यार्ड को चालू हुए लगभग एक साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। रेल सूत्रों के अनुसार इसका मुख्य कारण गुड्स यार्ड का मानक के अनुरूप नहीं होना तथा उसका काफी संकीर्ण होना है जिस पर निर्माण के दौरान अपने पहले निरीक्षण में एडीआरएम ने इस पर सवाल उठाते हुए मातहत अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई थी। डुमरांव में लाखों रुपए से निर्मित गुड्स यार्ड अभी व्यावसायिक दृष्टिकोण से पूरी तरह अनुपयोगी ही साबित हुआ है। जिससे रेलवे के राजस्व के नुकसान के साथ-साथ इस इलाके के व्यावसायिक हितों का भी नुकसान हो रहा है।

## डुमरांव के अरैला गांव में श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह श्रीराम कथा प्रवचन का हो रहा आयोजन

# श्रीराम कथा मनुष्य को मर्यादाशील जीवन जीना सिखाती है : अंजनी गोस्वामी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



श्रीराम कथा हमें मयार्दा में रहना सिखाती है। साथ ही यह मानव का सही मार्गदर्शन भी करती है। जो मनुष्य सच्चे मन से श्रीराम कथा का श्रवण कर लेता है, उसका लोक ही नहीं परलोक भी सुधर जाता है। मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है और बहुत सत्कर्मों के बाद ही मनुष्य का जीवन मिलता है। उक्त बातें डुमरांव के अरैला गांव में श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दौरान श्रीराम कथा का प्रवचन करती कथावाचिका विदुषी अंजनी गोस्वामी ने कही। उन्होंने कहा कि मनुष्य को इसका सदुपयोग करना चाहिए और राम नाम का जप करते हुए अपने लोक व परलोक को सुधारना चाहिए। कलियुग में मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा राम नाम ही है। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि हमें अपने दाम्पत्य जीवन में गंभीर होना चाहिए। पति-पत्नी भाई-बहन, भाई-भाई का प्रेम, पिता-पुत्र, सास-बहू सभी को अपनी मयार्दा में रहना चाहिए। रामायण हमें मयार्दा सिखाती है। रामायण को प्रतिदिन श्रवण करने से मानसिक संतुलन ठीक रहता है। दुराचारी रावण की नकारात्मक सोच ने उसके पूरे कुल का विनाश कर दिया। जो मनुष्य ईश्वर की शरण में आएगा वह हर प्रकार के दल-दल से बच जाएगा। तुलसी की माला भगवान की पहचान है हमें गले में तुलसी की माला पहनना चाहिए। गले में तुलसी की माला और मुख में राम यही हमारे सकारात्मक भाव होना चाहिए। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि गुलाब का फूल दिखने में सुंदर है पर चखने में मीठा नहीं होता, गन्ना दिखने में सुंदर नहीं पर चखने में मीठा होता है। किंतु हमें अपना स्वभाव सुंदर और मीठा बनाना है तो भगवान राम की कथा कहना व सुनना चाहिए। इससे हमारा स्वभाव मधुर, मनोहर और मंगलकारी हो जाएगा। जब तक आपका जीवनप मंगलकारी व मनोहर नहीं होगा। तब तक आपका मन विचलित होता रहेगा। आप ईश्वर का ध्यान नहीं कर पायेंगे। ईश्वर के नजदीक जाने के लिए सबसे जरूरी होता है कि उनका ध्यान करें। दिखावा के लिए नहीं। इस महायज्ञ में मुख्य यज्ञाधीन महंत दीपक तिवारी जी महाराज, आचार्य आदित्य तिवारी जी महाराज, आचार्य अंकित ओझा, आचार्य अखिलेश उपाध्याय, आचार्य अभिषेक तिवारी, आचार्य निरंजन शुक्ला, पिंटू राय, जयप्रकाश राय, लालू राय, अमित कुमार, रवि, अरविंद, श्रीदेव सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे।

# बीडीसी की दबंगई, कार्यालय में घुस सीओ से किया दुर्व्यवहार, केस दर्ज

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर सीओ डॉ. शोभा कुमारी से एक बीडीसी द्वारा कार्यालय में घुस दुर्व्यवहार करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में सीओ ने उक्त बीडीसी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने, गाली गलौज तथा दुर्व्यवहार का आरोप लगा राजपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। घटना गुरुवार शाम की है। मिली जानकारी के अनुसार सीओ अपने चैंबर में बैठी थी, इसी दौरान बारूपुर के बीडीसी अली शेर उनके कार्यालय में गए। इसी दौरान किसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। बीडीसी ने सीओ के साथ गाली गलौज कर दिया। सीओ बीडीसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही डीएम अंशुल अग्रवाल को भी घटना की जानकारी दी है। वही, एफआईआर दर्ज होते ही पुलिस आरोपित बीडीसी को गिरफ्तार करने की रणनीति में जुट गई है। राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सीओ के बयान पर बीडीसी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने, गाली गलौज तथा दुर्व्यवहार के आरोप में एफआईआर दर्ज किया गया है।

## मूर्त रूप लेने लगी अमृत भारत योजना, प्लेटफॉर्म के निर्माण के लिए मिट्टी भराई का काम पूरा

# डुमरांव स्टेशन पर बनेंगे दो नये प्लेटफॉर्म

- 38,86,24,273.72 रूपए की राशि से किया जा रहा है डुमरांव सहित चार स्टेशनों का कायाकल्प
- नये प्लेटफार्म के निर्माण में बाधा बन रहा था पुलिस का पुराना बैरक



**केटी न्यूज/डुमरांव**

केन्द्र सरकार ने पिछले वर्ष ही रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प के लिए अमृत भारत योजना शुरू की थी। इसके तहत दानापुर व डीडीयू के बीच के चार स्टेशनों को शामिल किया गया था। वहीं बक्सर रेलवे स्टेशन को पहले से ही विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। अमृत भारत योजना में डुमरांव स्टेशन भी शामिल है। अब यहा अमृत भारत स्टेशन योजना के निर्माण कार्य में काफी तेजी आई है। उत्तरी साइड में नये प्लेटफॉर्म निर्माण में रोड़ा बन रहे रेल पुलिस के बैरक को तोड़ दिया गया है। जिससे यह उम्मीद लगाई जा रही है कि इस माह के अंत तक नये प्लेटफॉर्म की मिट्टी भराई का काम पूरा कर लिया जायेगा। जबकि सकुर्लेटिंग एरिया और पार्किंग निर्माण का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। योजना का काम पूरा हो जाने के बाद स्टेशन को एक नया लुक मिलेगा, जो काफी आकर्षक होगा। वही इस योजना के तहत दो नये प्लेटफार्म निर्माण के अलावे कई अन्य सुविधाओं की बहाली भी की जाएगी। बता दें कि निमार्णाधीन प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर पुलिस बैरक विकास कार्य में बाधा बन रहा था जिसके लिए पिछले कई दिनों से इसके खिड़की और दरवाजों को एक एक करके खोला जा रहा था। अब इसे पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया है। जिससे पूर्वी क्रासिंग से लेर पश्चिमी क्रासिंग तक यह एरिया पूरी तरह से खाली हो गया है। जहां, बिना किसी रोक टोक प्लेटफार्म निर्माण किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मिलेंगी ये सुविधाएं इस योजना के तहत डुमरांव स्टेशन पर दो नये प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जाना है। हलांकि यहा पहले से दो प्लेटफॉर्म है। नवीकरण योजना पूरी होने के बाद तीसरे और चौथे प्लेटफॉर्म की सौगात डुमरांव वासियों को मिलेगी। इसमें स्टेशन के एक साइड बनने वाले लगभग 600 मीटर लंबे प्लेटफॉर्म का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इस ओर 300 मीटर में सकुर्लेटिंग एरिया और पार्किंग का भी निर्माण किया जायेगा। बाउंड्री वॉल को लेकर जमीन की नापी में कुछ तकनीकी समस्या आ रही थी। इस समस्या का निदान करते हुए पुनः दूसरे चरण में बाउंड्री वॉल का निर्माण शुरू कर दिया गया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि एक पखवारे के भीतर पूर्वी क्रासिंग की तरफ बाउंड्री वॉल का पूरा कार्य कंप्लीट कर लिया जाएगा।

### निर्माण कार्य में हो रहा है विलंब

**डुमरांव।** योजना के तहत पूर्वी छोर से दक्षिण की तरफ लगभग 500 मीटर लंबे एक प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जाना है। दुर्गा मंदिर से शुरू हुए इस प्लेटफॉर्म का निर्माण पूर्वी रेल फाटक तक होगा। इसी छोर पर स्टेशन का प्राक्कलित भी भवन बनाया जाना है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि नई रेल लाइन बिछाने की कार्ययोजना अभी तैयार न हुई होती तो प्राक्कलित भवन का 50 फीसदी कार्य अबतक पूरा कर लिया गया होता। इसके साथ ही स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े नए फुट ओवर ब्रिज की भी प्रस्तावना तैयार की जा चुकी है।

जल्द ही इसका निर्माण कार्य भी शुरू होगा। इसके अतिरिक्त प्रवेश द्वारों का निर्माण, दिव्यांगजनों के अनुकूल टॉयलेट तथा अन्य सुविधाओं का विकास, प्रस्थान और द्वारमंडल में पोर्च निर्माण, प्लेटफॉर्म संख्या एक और दो के मिड लेवल को हाई लेवल का निर्माण सहित अन्य कई सुविधाएं शामिल की गई हैं। वर्तमान में जो प्लेटफार्म है। उसकी ऊंचाई काफी कम है। ऐसे में यात्रियों को ट्रेन से चढ़ने उतरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार यात्री चोटिल भी होते है। सूत्रों का कहना है कि इस प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाते हुये इसे भी विकसित किया जाएगा। ताकि यात्रियों को चढ़ने उतरने में दिक्कत नहीं आये।

### नये रेलवे लाइन को लेकर भवन निर्माण कार्य रूका

**डुमरांव।** उत्तरी छोर पर नये प्लेटफार्म निर्माण का कार्य तो शुरू कर दिया गया है, लेकिन दक्षिणी छोर पर रेलवे भवन बनाने काम नई रेलवे लाईन बिछाने को लेकर रूका हुआ है। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो जिस तरफ स्टेशन का निकास और प्रवेश भवन बनाया जाना है, उसी छोर पर डीडीयू पटना रेलखंड की तीसरी लाइन बिछ सकती है। ऐसे में या तो स्टेशन पर पहले से बने अप लूप लाइन को ही पटना डीडीयू रेलखंड की तीसरी नई लाइन से जोड़ना होगा या फिर अप लूप लाइन के बगल में एक नई रेल लाइन बिछाई जाएगी। पूर्व में लूप लाइन पर प्लेटफार्म नहीं होने के कारण यात्रियों को परेशानी होती थी। इसके बन जाने के कारण अब दिक्कत नहीं होगी। इसी संशय की स्थिति को लेकर स्टेशन के दक्षिणी छोर पर स्टेशन भवन के लिए शुरू हुई 15 मीटर गहरे पायलिंग के काम पर फिलहाल ग्रहण लगा है। इसके लिए गेज का निर्माण भी पूरा कर लिया गया था। इसका निदान कर लिये जाने के बाद ही पुनः भवन निर्माण शुरू होगा।

**योजना के तहत इन स्टेशनों को किया गया है शामिलः** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जिन चार रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है, बक्सर जिले के डुमरांव, रघुनाथपुर और चौसा तथा कैमूर जिले के दुर्गावती रेलवे स्टेशन शामिल है। पुनर्विकास के लिए चुने गए डुमरांव चौसा दिलदारनगर और डुमरांव का टेंडर एक साथ जारी किया गया था। तीनों स्टेशनों के कायाकल्प के लिए रेलवे की तरफ से कुल 38,86,24,273.72 रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी, जिसमे एडवांस के रूप में 20,93,100 रुपये का आवंटन हुआ था। डीपीआर और मास्टर प्लान के लिये भारत के राष्ट्रपति की ओर ई-टेंडरिंग निविदाओं को आमंत्रित कर कंसल्टेंसी सर्विस देने वाली कम्पनियों की निविदा प्रक्रिया को जनवरी में ही पूरा कर लिया गया था।

## एक नजर

### मादक पदार्थ व शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सिमरी।** तिलक राय के हाता ओपी पुलिस ने बुधवार की देर शाम क्षेत्र के भिक्षुक डेरा गांव के सामने स्थित गंगा तट से 898 ग्राम मादक पदार्थ व एक बोतल शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो कारोबारी बाईक पर सवार होकर यूपी से मादक पदार्थ व शराब लेकर पीपा पुल के रास्ते बिहार में प्रवेश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही ओपी पुलिस गंगा किनारे पहुंच कर वाहन जांच अभियान शुरू कर दी। कि इतने में दोनों कारोबारी बाइक पर सवार होकर मौके पर पहुंचे। लेकिन सामने पुलिस को देखकर दोनों कारोबारी बाइक घुमाकर भागने लगे। बाइक पर सवार होकर भाग रहे कारोबारी को देख पुलिस पीछा करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। जब पुलिस कारोबारी की तलाशी शुरू की तो बाइक पर रख झूले से 898 ग्राम गांजा के साथ ही एक बोतल शराब बरामद हुई। रोहित पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों कारोबारी सिमरी थाना क्षेत्र के मल्हचकिया व बलिहार गांव के निवासी बताए जाते हैं।

### आज आयोजित होगा रोजगार मेला

**बक्सर।** बक्सर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर स्थित संयुक्त श्रम भवन में 14 जून को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। यह रोजगार मेला बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग और जिला नियोजनालय बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार बेहतर अवसर मिलेंगे। रोजगार मेला में वी5- इनोवेटिव मैनजमेंट कम्पनी के लिए फिनो पेमेंट बैंक भाग लिया जायेगा। जिसकी उम्र सीमा का निर्धारण 18-30 वर्ष किया गया है। नियोक्ता द्वारा स्नातक पास योग्यताधारी युवक को कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर और टेरीटरी सेल्स मैनेजर के पद पर नियुक्ति की जायेगी। नियोक्ता के द्वारा कुल 24 पदों की रिक्तियां दशार्यी गई है। नियोक्ता द्वारा वेतन 15000-22000 प्रति महीना के अलावे की सुविधा देने की बात कही गयी है। चयनित युवाओं का कार्य स्थल पटना रहेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी बक्सर ने इच्छुक आवेदकों से अपील किया है कि वे 14 जून को जिला नियोजनालय बक्सर में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बायोडाटा, मैट्रिक, इंटर एवं आईटीआई के प्रमाण पत्र होना चाहिए। जिला नियोजनालय बक्सर में आकर अवसर का लाभ उठा सकते है। कार्य स्थल पर ही एनसीएस पोर्टल पर निःशुल्क निबंधन किया जायेगा। निबंधित अभ्यर्थी ही साक्षात्कार में भाग ले सकते है। यहां आने वाले सभी को इसमें भाग लेने का मौका दिया जाएगा। वही, इस रोजगार मेले के आयोजन की जानकारी मिलते ही युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### जिले में 26 से 28 जून तक आयोजित होंगे चलंत लोक अदालत

**बक्सर।** जिले के अलग अलग जगहों पर 26 से 28 जून तक चलंत लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस संबंध में सचिव, डालसा से मिली जानाकारी के अनुसार चलंत लोक अदालत एवं विधिक सेवा इकाई का आयोजन 26 से 28 जून तक बक्सर जिलें के विभिन्न स्थलों पर किया जाएगा। मोबाइल लोक अदालत एवं विधिक सेवा की शुरूआत 26 जून को नगर भवन बक्सर में सुबह 10.30 बजे से शाम 5.15 बजे तक किया जायेगा। जबकि शाम 04.15 से कला भवन बक्सर में इटाढी, राजपुर एवं चौसा प्रखंड से संबंधित मामलें एवं लोक अदालत के लाभ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जबकि 27 जून को बीआरसी भवन डुमरांव में सुबह 10.30 बजे से अपराहन 5.15 तक किया जायेगा। जिसमें डुमरांव, चौगाई, केसठ एवं नावानगर प्रखंड से संबंधित मामलों एवं लोक अदालत से लाभ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम डुमरांव बीआरसी में आयोजित किया जाएगा। अंतिम दिन 28 जून को बीआरसी ब्रह्मपुर में सुबह साढ़े दस से शाम सवा पांच बजे तक किया जायेगा। इस दौरान ब्रह्मपुर, सिमरी एवं चक्की प्रखंड से संबंधित मामलों एवं लोक अदालत से लाभ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जानकारी दी जाएगी। चलंत लोक अदालतों में डालसा के पैनल अधिवक्ता भी शामिल रहेंगे। बता दें कि लोगों को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने तथा आदालतों से मुकदमों का बोझ कम करने के लिए चलंत लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

## 224 लीटर देशी-विदेशी शराब के साथ छह तस्कर गिरफ्तार, तीन बाइक जब्त

- बुधवार की रात गुप्त सूचना सोनी गांव के पास से पुलिस को मिली सफलता, पूछताछ के बाद जेल भेजे गए तस्कर



**केटी न्यूज/राजपुर**

बुधवार की रात गुप्त सूचना पर छापेमारी कर राजपुर थाना की पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के सोनी गांव के पास तीन बाइक पर सवार छह शराब तस्करों को भारी मात्रा में तस्करी की शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जहा कागजी कार्रवाई पूरी कर बाइक व शराब को जब्त करते हुए पकड़े गए सभी छह तस्करों को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उतर प्रदेश से शराब की खेप राजपुर के खीरी स्थित सोनी मार्ग से लायी जा रही है। जिसको लेकर पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई। वही पुलिस ने नाटकीय ढंग से जाल बिछाते हुए सोनी मार्ग को घेर लिया। जहा आ रहे तीनों बाइक की जांच की जहा बोरी में बांध शराब की पेटिया मिली। उस दौरान सभी को गिरफ्तार करते हुए बाइक, शराब व तस्करों को थाने लाया गया। जहा पकड़े गए शराब की गिनती की गई। जिसमें विभिन्न ब्रांडों अंग्रेजी व देशी शराब कुल 224 लीटर शराब पायी गई। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया उक्त पकड़े गए तस्कर पहले से शराब तस्करी करते थे। इनमें राजपुर जमौली के सत्यनारायण सिंह का पुत्र तुलसी चौहान, रोहतास जिला स्थित दिनारा थाना के नरवर गांव निवासी अयोध्या साह का पुत्र विकास कुमार गुप्ता, राजपुर थाने के रसेन गांव निवासी रामायण चौधरी का पुत्र छोटक कुमार, शम्भूनाथ गुप्ता का पुत्र सत्यम कुमार, धर्मेंद्र चौधरी का पुत्र गुड्डु चौधरी उमेश राम का पुत्र मुकेश कुमार है। जिनके पास दो पल्सर व एक अपाची बाइक व 14 पेटी देशी शराब ब्लू लाइम 630 पीस, 10 पेटी अंग्रेजी 8 पीएम 480 पीस, एक पेटी 24 पीस 750 एमएल रॉयल स्टेज, 750 एमएल की कुल 5 बोतल विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी शराब कुल 223.263 लीटर के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिनकी कागजी कार्रवाई पूरी कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

## दोस्तों संग गंगा स्नान कर रहे युवक की डूबने से मौत, पसरा मातम

- गुरूवार की सुबह बक्सर के रामरेखा घाट की है घटना
- डुमरांव में रह इंटर की पढ़ाई करता था मृतक



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला मुख्यालय स्थित रामरेखा घाट पर दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने गया 18 वर्षीय युवक गहरे पानी मे जाने से डूब गया। जिसे बचाने के लिए आसपास के लोगों द्वारा प्रयास किया मगर, असफल रहे। बाद में युवक को पानी से निकाला गया। तब तक उसकी मौत हो गई थी। घटना गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया तथा घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दिया।

मौके पर पहुंचे परिजनों के क्रंदन चित्कार के से गंगा घाट का माहौल गमगीन हो गया। पुलिस जैसे तैसे उन्हें समझा बुझाकर शव को पोस्टमॉर्टम कराने सदर अस्पताल ले गई। मिली जानकारी के अनुसार सिमरी के मझवारी गांव निवासी मुन्ना कुमार का 18 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार किसी कार्यवश अपने दो अन्य दोस्तों के साथ डुमरांव से बक्सर आया था। वह डुमरांव में 12 वीं कक्षा के पढ़ता था। गर्मी से बेहाल हालात को देखते हुए तीनों दोस्त रामरेखा घाट गंगा नहाने के लिए चले गए। जहा पानी मे नहाने लगे। इसी बीच अंकित कुमार गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते उन दोनों दोस्तों की आंखों से गायब हो गया। जिसको ले दोनों दोस्तो द्वारा शोर मचाया। इसके बाद घाट पर रहने वाले स्थानीय लोग व गोताखोर पहुंचे जिसे ढूंढने का प्रयास शुरू किया गया। कुछ देर में डूबे युवक को ढूंढ निकाला, लेकिन तब तक अंकित की मौत हो चुकी थी। मृतक के दोस्त राहुल कुमार ने बताया कि उनके परिजनों को इस बात की सूचना दे दी गई है। वही, स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी नगर थाना की पुलिस को दी गई। जिसके बाद पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने ले गई। इधर, घटना की जानकारी परिजनों को दी गई तो घर में कोहराम मच गया। पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।

## मृतिका के पुत्र ने सोनवर्षा ओपी में तीन पर दर्ज कराया है केस

**केटी न्यूज/ नावानगर**

सोनवर्षा ओपी के कडसर गांव में दो दिन पूर्व हुई एक महिला की हत्या मामले में मृतिका के पुत्र ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में महिला के पति सुनील चौधरी समेत दो नामजद एवं एक अज्ञात पर की गई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मृतिका के पुत्र राकेश कुमार बताया है कि बीते 10 जून को देर शाम मेरी मां हैदराबाद से कडसर पहुंची थी। इसके पूर्व कडसर बस स्टैंड पर रामनगर गांव के एक महिला व एक अन्य व्यक्ति से उसकी मुलाकात हुई थी। जिसके बाद मेरी मां घर पहुंची। लगभग दोपहर 12 बजे मैने फोन कर मां के पहुंचने की जानकारी लेने के लिए फोन किया तो, कोई रिसीव नही किया। अगले दिन सुबह पड़ोसियों द्वारा सूचना मिली की मेरी मां का हत्या हो गया है। मृतिका के पुत्र ने बताया कि मेरे पिता सुनील चौधरी द्वारा घर बेचने की जानकारी पर मेरी मां मेरे पास से कडसर गई थी। साथ ही घर बेचने की विरोध शायद की होगी। जिसको लेकर मेरे पिता सुनील चौधरी ने रामनगर की एक महिला तथा एक अज्ञात के साथ मिल कर मेरी मां का गला घोंट कर हत्या कर दिया है। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष निशा रानी ने बताया कि मृतिका के पुत्र द्वारा दी गई आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सभी नामजद की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जो भी नामजद है उनके मोबाइल के लोकेशन लिया जा रहा है। साथ ही अन्य स्त्रोतों जानकारी ली जा रही है।






## जिले में निक्षय पोषण योजना के साथ साथ निक्षय मित्र योजना को भी दी जाएगी गति

# नोटिफिकेशन होते ही टीबी मरीजों के खाते में आयेगी 1500 रुपए की पहली किश्त

- निक्षय पोषण योजना के तहत नियमों में हुआ बदलाव, 84 दिनों के बाद खाते में भेजी जाएगी 1500 रुपए की दूसरी किश्त
- निक्षय पोषण योजना के लाभार्थियों के लिए सरकार ने 30 लाख रुपए भेजे हैं। जिसमें से 15 लाख रुपए इलाजरत मरीजों के खाते में भेजे जा चुके हैं




**केटी न्यूज/बक्सर**


जिले के टीबी के इलाजरत मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब तक जितने मरीजों का निक्षय पोषण योजना की राशि का भुगतान नहीं हुआ है, उनके खाते में राशि हस्तांतरित की जाने लगी है। साथ ही, इसको लेकर सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने सभी बैकलॉग को खत्म करने का निर्देश दिया है। ताकि, जिले में इलाजरत सभी टीबी मरीजों को जल्द से जल्द निक्षय पोषण की राशि मिल सके। सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के खत्म होने के बाद निक्षय राशि का भुगतान नहीं किया जा सका। क्योंकि बजट के बाद ही योजनाओं के लिए राशि भेजी जाती है। गत दिनों जिले को निक्षय पोषण योजना के लाभार्थियों के लिए सरकार ने 30 लाख रुपए भेजे हैं। जिसमें से 15 लाख रुपए इलाजरत मरीजों के खाते में भेजे जा चुके हैं। शेष राशि का भुगतान भी शनिवार तक पूरा कर लिया जाएगा। ताकि, योजना का लाभ सभी लाभुक को मिल सके।

**अब किश्तों में भेजी जाएगी मरीजों के खाते में राशि**

जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शालीग्राम पांडेय ने विभाग द्वारा अब निक्षय पोषण योजना की राशि के वितरण में बदलाव किया गया है। पहले टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन के बाद हर माह उनके खाते में 500 रुपए भेजे जाते थे। लेकिन नए नियमों के अनुसार टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन के बाद 1500 रुपए की पहली किश्त खाते में हस्तांतरित की जायेगी। जिसके 84 दिनों के बाद उनके खाते में दोबारा 1500 रुपए भेजे जाएंगे। हालांकि, विभाग ने इसमें एक और नियम जोड़ा है जिसके तहत यदि किसी मरीज का इलाज छह माह से ऊपर चलता है तो उसके बाद इलाज अवधि तक 500 रुपए उसके खाते में हस्तांतरित किया जाएगा।

**निक्षय मित्र योजना को भी दी जाएगी गति**

जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया कि निक्षय पोषण योजना के साथ निक्षय मित्र योजना को भी गति प्रदान की जाएगी। ताकि, टीबी मरीजों को दवाओं के साथ साथ पौष्टिक भोजन प्राप्त हो सके और उन्हें जल्द से जल्द इस बीमारी से छुटकारा मिल सके। डॉ. शालीग्राम पांडेय ने बताया कि जिले में निक्षय मित्रों को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक के लिए रणनीति तैयार की जायेगी। जिसमें पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर इलाजरत मरीजों को गोद लेने के लिए निक्षय मित्रों को तैयार किया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के साथ बैठक कर उनसे वार्ता की जायेगी। ताकि, जिले के सक्षम लोगों, संस्थाओं या एनजीओ को इसके लिए तैयार किया जा सके।

# प्रेमिका के साथ मिलकर निखिल ने रची अपने ही अपहरण की कहानी

- बिक्रमगंज डीएसपी ने खुलासा करते हुए यूपी से पकड़ा, पचास हजार की मांगी गई थी फिरौती

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

पुलिस ने 6 घंटे में अपहरण की एक घटना की खुलासा किया है। बड़ी बात यह है की अपहृत तथा फिरौती मांगने वाले की एक साथ बरामदगी होने के बाद भी अपहरण की यह घटना पुलिस के लिए अभी भी अबूझ पहेली बनी हुई है। यह अपहरण की घटना इसलिए अद्भुत है क्योकि रोहतास के करमैनी निवासी अजय तिवारी के अपहृत बेटा निखिल कुमार के साथ यूपी के बलिया लक्ष्मीपुर के अनिल पांडेय कि पुत्री प्रियंका कुमारी को भी पुलिस साथ पकड़ कर लाई है। युवती प्रियंका कुमारी ने अपहृत निखिल कुमार को अपना पति बताते हुए पिछले दिन मंदिर में शादी करने की बात पुलिस को बताई है। पुलिस ने कैमूर जिले से प्रेमी प्रेमिका के साथ ही फिरौती मांगने वाले कैमूर जिले के अमैठा के अभिषेक चौबे को भी गिरफ्तार किया है। बिक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया



कि नटवार थाना अंतर्गत करमैनी निवासी अजय तिवारी ने बुधवार को अपने बेटा निखिल कुमार के अपहरण होने कि कांड दर्ज कराया। जहां पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल टीम गठित कर तकनीकी जांच शुरू की। जिसमे पुलिस ने कैमूर जिले में रोहतास के अपहृत निखिल कुमार के साथ एक युवती प्रियंका कुमारी और फिरौती मांगने वाला मोबाइल ऑनर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपहरण कांड दर्ज होने के 6 घंटे में ही अपहृत निखिल के साथ युवती की बरामदगी और उसके ब्यान ने अद्भुत अपहरण की नई कहानी को सुन कुछ समय के लिए हैरानी परेशानी में तो जरूर आ गई, लेकिन बिक्रमगंज डीएसपी की सूझ बुझ ने मामले में कुछ घंटे के अंदर ही सफलता पाकर पूरी मामला ही सुलझा दी। इस दिलचस्प घटना के संबंध में बताया जाता है कि अपहृत निखिल ने कैमूर जिले के अमैठा के अभिषेक चौबे से अपने परिजनों को फोन करा कर पचास हजार रुपए के फिरौती की मांग की और परिजनों को पैसे के साथ किसी स्थल पर आने की बात कही जिसके बाद आनन फानन की स्थिति में बुलाये जगह पर गए लेकिन किसी का वहां पर ना होना परिजनों की बेचैनी और बढ़ा दी और परिजन सीधे नटवार थाना पहुंचे व अपने लड़के का अपहरण का असंका जताते हुए एक लिखित आवेदन दिया। डीएसपी कुमार संजय ने कहा कि फिरौती की मांगी गई रकम व पूरी मामले को देखकर ही प्रतीत हो गया कि मामला कुछ अलग है। जिसे पुलिसिया अंदाज में त्वरित कार्यवाई करते हुए तकनीकी मदद से तीनों को गिरफ्त में लिया गया।

## एक नजर

### दोस्तों के साथ नहाने गए इंटर के छात्र की सोन नदी में डूबने से मौत

**आरा।** कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहां गांव स्थित सोन नदी में डूबने से इंटर के एक छात्र की मौत हो गई। छात्र नहाने के दौरान गहरे गड्ढे में डूब गया। घटना गुरुवार सुबह की है। मृत छात्र धनडीहां गांव निवासी प्रभुनाथ सिंह का 17 वर्षीय पुत्र करण कुमार था। परिजनों की ओर से अवैध बालू खनन के कारण बने गड्ढे में डूबने से मौत होने का आरोप लगाया जा रहा है। छात्र के मामा प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि वह गांव स्थित सोन नदी में गांव के ही कुछ लड़कों के साथ नहाने गया था। बालू के अवैध खनन होने के कारण सोन नदी में अधिक गड्ढा हो गया है। नहाने के दौरान वह गहरे गड्ढे में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसके साथ रहे लड़कों की सूचना पर परिजन सूचना पहुंचे और खोजबीन शुरू की गयी। बाद में पुलिस भी पहुंची और स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से उसके शव को निकाला गया। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### किशोर न्याय परिषद ने एक माह तक फर्स्ट सेवा करने का दिया आदेश

**जहानाबाद।** किशोर न्याय परिषद ने अरवल उत्पाद थाना में दर्ज एक मामले में सुनवाई के दौरान एक विधि विरुद्ध बालक को सामुदायिक सेवा के तहत अस्पताल में मरीजों को फर्स्ट एड की सेवा करने का आदेश दिया है । किशोर न्याय परिषद के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी -सह- प्रधान दंडाधिकारी निवेदिता कुमारी ने यह आदेश दिया है कि विधि विरुद्ध बालक को एक माह सेवा प्रदान करना है । प्राप्त जानकारी के अनुसार किशोर न्याय परिषद में लंबित एक मामले की सुनवाई के दौरान विधि विरुद्ध बालक को उसके आचरण में सुधार लाने के लिए यह कदम उठाया है । आदेश के आलोक में विधि विरुद्ध बालक को सदर अस्पताल अरवल में एक माह तक मरीजों की सेवा करने को कहा गया है । फैसला सुनाने के बाद अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह- प्रधान दंडाधिकारी ने सिविल सर्जन को आदेशित किया है कि विधि विरुद्ध बालक को उचित ट्रेनिंग देकर यह कार्य कराना सुनिश्चित करें, इसके अलावा यह भी कहा गया है कि विधि विरुद्ध बालक के कार्य तथा उपस्थिति की पूर्ण विवरणी महीने के अंतिम तारीख को किशोर न्याय परिषद को उपलब्ध कराये जाएं। सामुदायिक सेवा के दौरान विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण भी किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उक्त बालक द्वारा सही तरीके से सामुदायिक सेवा प्रदान की जा रही है।

### दो महिला चोर को पकड़ किया पुलिस के हवाले

**दिनारा।** दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोंगाढ़ी गांव में चल रहे यज्ञ में चेन काटते समय दो महिला चोर को ग्रामीणों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले । दिनारा थाना क्षेत्र के पोंगाढ़ी गांव में यज्ञ चल रहा है, जिसमें दो महिला चोर को चेन काटते समय ग्रामीणों ने पकड़ लिया। जिसकी सूचना दूरभाष के माध्यम से स्थानीय पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जैसे ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो पकड़े गए दोनों महिला चोर को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के भलुआही निवासी प्रीति सिंह दिनारा थाना क्षेत्र के पोंगाढ़ी गांव के यज्ञ में गई थी। जिस दौरान गिरफ्तार दो महिला चोर के द्वारा उन्हीं का सोने का चेन काटा गया था। जिस घटना को लेकर श्रीमती सिंह के द्वारा घटना में शामिल उत्तर प्रदेश मऊ जिला थाना घोषी क्षेत्र के साकिम अमदापुर निवासी उमेश कुमार की पत्नी रीना देवी एवं गाजीपुर जिला मोरबदाबाद थाना क्षेत्र के साकिम दौलताबाद निवासी राहुल कुमार की पत्नी पूजा देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया।

### नोनहर पंचायत सरकार भवन में बैठक आयोजित

**बिक्रमगंज।** बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत नोनहर अंतर्गत आदर्श पंचायत सरकार भवन नोनहर में मुखिया के साथ बैठक आयोजित की गई । जिस बैठक में पीरामल फाउंडेशन के जिला प्रोग्राम लीडर कुश कुमार द्वारा बताया गया कि आगामी 10 अगस्त 2024 से जिले में एमडीए अभियान चलाया जाना है । जिसको लेकर पंचायत नोनहर में नाइट ब्लू सर्वे किया जाना है । इस सर्वे में गांव के 20 वर्ष से ज्यादा आयु के महिला एवं पुरुष का ब्लड जांच का सैंपल लिया जाएगा । इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पंचायत के मुखिया द्वारा बताया गया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। जिससे की गांव के लोगों का नाइट ब्लड सर्वे के दिन फाइलेरिया जांच हेतु ब्लड सैंपल लिया जा सके।

## खबरें फटाफट

### संतोष को संदेश व प्रियंका को महिला थाने की कमान

**आरा।** संदेश, महिला और चांदी थाने में नये थानाध्यक्ष की पोस्टिंग कर दी गई। एसपी की अनुशंसा पर डीआइजी नवीन चंद्र झा की ओर तीन थानाध्यक्षों की पोस्टिंग की मुहर लगा दी गयी। उसे लेकर एसपी नीरज कुमार सिंह द्वारा गुरुवार को जिला आदेश भी जारी कर दिया गया। जिला आदेश के अनुसार इंस्पेक्टर संतोष कुमार को संदेश और जगदीशपुर थाने की सब इंस्पेक्टर प्रियंका कुमारी को महिला थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सहार थाने के दारोगा अनिल कुमार को चांदी थाने की कमान दी गयी है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर संतोष कुमार फिलहाल पुलिस कार्यालय के चुनाव कोषांग में तैनात थे। तीनों को 24 घंटे के अंदर योगदान करने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि आवेदन मिलने के बाद भी केस दर्ज करने में आनाकानी करने में कुछ रोज पहले एसपी द्वारा ओर से महिला थानाध्यक्ष अंशु कुमारी और मुंशी का काम करने वाली चालक सिपाही पिंकी कुमारी को सस्पेंड कर दिया गया था। वहीं कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में बुधवार को संदेश थानाध्यक्ष आदित्य कुमार और चांदी के थानाध्यक्ष द्वारा लाइन क्लोज कर दिया गया था।

### एक दिवसीय नियोजन शिविर का आयोजन

**जहानाबाद।** बिहार सरकार, श्रम संसाधन विभाग, जिला नियोजनालय द्वारा जिले में दिनांक 19 जून, 2024 को एक दिवसीय नियोजन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि दिनांक 19 जून, 2024 को एक दिवसीय नियोजन शिविर का आयोजन जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र में पूर्वाह्न 10 :00 बजे से अपराह्न 04 :00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त शिविर के लिए निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां हिस्सा ले रही है। इसमें 100 पदों पर 10वीं पास योग्यता के पुरुष-महिला भाग ले सकते है। जिनकी आयु 18 से 29 वर्ष के बीच हो। इन्हें वेतन के रूप में 15103/- से 15963 रुपये तक मिलेगा। कंपनी का कार्यक्षेत्र हैदराबाद है। उसी प्रकार पर अभ्यर्थी भाग ले सकते है। साक्षात्कार के दौरान अभ्यर्थियों को अपने साथ सभी दस्तावेज लाना होगा। साक्षात्कार के बाद ही चयन होगा। इसके बाद वह कंपनी के साथ अनुबंध कर नौकरी पर जा सकते है। यह युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए सुनहरा मौका है।

## भोजपुर जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के धोकरहा गांव की घटना, छानबीन में जुटी पुलिस

# खेत पटवन करने निकले किसान का कुएं से मिला शव, परिजन बोले- की गई है हत्या

- गांव के एक व्यक्ति के साथ पटवन करने निकले थे किसान
- एसडीपीओ बोले: पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद क्लीयर होगा मौत का कारण, की जा रही छानबीन

**केटी न्यूज/आरा**

इमादपुर थाना क्षेत्र धोकरहा गांव में खेत की पटवन करने निकले एक किसान की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। उनका शव बुधवार की देर शाम गांव के बधार स्थित एक कुएं से बरामद किया गया। उनकी पीठ और एक पैर में जले का निशान मिला है। एक पैर में चोट का भी निशान मिला है। मुंह, कान और से खून और पानी निकला हुआ था। मृत किसान धोकरहा गांव निवासी स्व. अभिलाख सिंह के 50 वर्षीय पुत्र उमा कांत सिंह थे। परिजनों की ओर से साथ रहे गांव के ही एक किसान पर करंट लगाकर हत्या करने के बाद शव को कुएं में फेंके जाने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि परिजनों द्वारा हत्या का कारण नहीं बताया जा रहा है।

पुलिस शुरूआती जांच में करंट लगने के कारण मौत होने की आशंका जता रही है। इधर, सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात उनके भाई उमाकांत सिंह गांव के एक व्यक्ति के साथ खेत की पटवन करने बधार में गये थे। उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटे। उनके साथ गए व्यक्ति द्वारा भी किसी तरह की कोई सूचना नहीं दी गई। वह बुधवार की सुबह तक भी नहीं लौटे, खोजबीन शुरू की गयी। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल पाया। इसी बीच बुधवार के शाम एक ग्रामीण के जरिए सूचना मिली कि उनका शव बधार में स्थित कुएं में पड़ा है। सूचना मिलने पर वे लोग पहुंचे। पुलिस भी पहुंची और शव को निकाला गया। ओम प्रकाश सिंह की ओर से खेत पटाने के लिए साथ गए व्यक्ति पर ही करंट लगाकर अपने भाई की हत्या करने और शव कुएं में फेंके जाने का आरोप लगाया गया है। इधर, एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि एक किसान की मौत हुई है। मामले की छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### थाने से बंदूक रिलीज करा घर लौट रहे बुजुर्ग किसान की मौत



**आरा।** भोजपुर के चरपोखरी थाना क्षेत्र के तेतरियां गांव के समीप बंदूक रिलीज करा थाने से लौट रहे एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गयी। उनकी लाइसेंसी दोनाली बंदूक भी गायब है। हालांकि बंदूक की कुछ गोली उनके जेब से बरामद की गयी है। घटना गुरुवार की शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है। मृत किसान तेतरियां गांव निवासी 80 वर्षीय पुत्र बंशीधर तिवारी थे। उनके पैर और कमर में चोट के निशान भी मिले हैं। ऐसे में परिजनों की ओर से हत्या करने के बाद उनकी बंदूक लूटे जाने की बात कही जा रही है। परिजनों की ओर से बाइक से ठोकर मार या धक्का देकर गिराने के बंदूक लूटे जाने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि पुलिस की ओर से शुरुआती जांच के बाद गिरने से चोट लगने या लू-लगने से किसान की मौत के बाद अपराधियों द्वारा बंदूक ले भागने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि अपराधी किसान की उनकी धोती में लपेट बंदूक ले चले गए हैं। इधर, दिनदहाड़े किसान की हत्या कर बंदूक लूटे जाने की सूचना से इलाके में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर एसडीपीओ राहुल सिंह और थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। अफसरों की ओर से अपने स्तर से छानबीन की गयी। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### करंट लगने से शौच करने निकले किसान की मौत

आरा। गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बीबीगंज गांव में गुरुवार की सुबह शौच करने निकले एक किसान की करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक बीबीगंज गांव निवासी स्व.राम गोविंद महतो के 49 वर्षीय पुत्र उमेश महतो एवं पेशे से किसान थे।? उनके बेटे सोनू कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह उसके पिता शौच करने के लिए बधार की ओर जा रहे थे। रास्ते में पहले से बिजली का तार टूट कर गिरा था और उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। उसके पिता उसी करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गए और झुलस कर बेहोशी की हालत गिर पड़े। कुछ देर बाद रास्ते से जा रहे एक ग्रामीण ने उन्हें जमीन पर गिरा देखा, तो सूचना दी। तब वे लोग पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर अस्पताल में मौजूद टाउन थाने की पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि किसान अपने तीन भाई और चार बहनों में चौथे स्थान पर थे। उनके परिवार में पुत्र सोनू कुमार,राज कुमार सिंह और पुत्री सुमन कुमारी है। उनकी पत्नी पुष्पा देवी की पूर्व में बीमारी के कारण मौत हो गई थी। इधर, किसान की मौत की सूचना पर भाकपा-माले नेता दिलराज प्रीतम सहित अन्य लोग भी अस्पताल पहुंचे। भाकपा-माले नेता ने किसान को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# वाहन दुर्घटना दावा एवं बैंक ऋण मामले में लंबित वादों का करें निष्पादन : जिला जज

- आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है
- सुलह के आधार पर लंबित मामलों के निष्पादन पर बल, ताकि जनता कोर्ट कचहरी के चक्कर से बचेगी

**केटी न्यूज / जहानाबाद**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पटना के ईमेल के आलोक में सभी प्रकार के लंबित एवं सुलहनीय वादों के निष्पादन के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला जज ब्रजेश कुमार ने सभाकक्ष में अरवल जिले के सभी बैंक प्रबंधकों एवं उनके अधिवक्ताओं के साथ-साथ बीमा कंपनी के प्रबंधको एवं उनके अधिवक्ताओं के साथ बैठक किया और इनसे संबंधित अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के लिए बैंक प्रबंधकों एवं बीमा कंपनी के प्रबंधकों के अलावे उनके अधिवक्ताओं के साथ कई अहम मुद्दे पर विचार विमर्श किया, ताकि इनसे जुड़े मामले के निष्पादन में वृद्धि हो सके। बताते चले की 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है, इसी को लेकर बैंकों के ऋण मामले एवं सुलह के आधार पर लंबित वाहन दुर्घटना दावा वादों के निष्पादन के लिए सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रिलायंस श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी, चोलामंडलम इंश्योरेंस कंपनीके प्रबंधक एवं उनके अधिवक्ता के साथ साथ अरवल जिले के अग्रणी बैंक प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया,दक्षिण बिहार ग्रामीण, केनरा बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया आइसीआइसीआइ बैंक, के प्रबंधकगण के साथ-साथ उनके अधिवक्ता उपस्थित थे, जिसमें अधिवक्ता बिंदु भूषण प्रसाद, रामानंद सागर, विनीता कुमारी बैठक में उपस्थित रहे ।

### स्टेट हाइवे पर सड़क हादसे में बियर फैक्ट्री के मजदूर की मौत

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर गड़हनी थाना क्षेत्र के नहसी गांव के समीप बुधवार की देर शाम सड़क हादसे में बियर फैक्ट्री के एक मजदूर की मौत हो गई। फैक्ट्री से घर लौटने के दौरान किसी वाहन ने उसे कुचल दिया। उसमें गंभीर रूप से जख्मी मजदूर ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के असलान गांव निवासी परशुराम सिंह के 42 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार सिंह थे। उनके जीजा कामता कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार की देर शाम वह बियर फैक्ट्री से वह काम कर घर लौट रहे थे। तभी नहसी गांव के समीप पीछे से आ रहा कोई वाहन उन्हें रौंदते हुए निकल गया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना परिजन पहुंचे और इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी ले जाया गया। वहां से रेफर कर दिया। हालांकि सदर अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार: बिक्रमगंज।** एक्साइज विभाग ने दावथ थाना के मलियाबाग से प्रमोद कुमार को एक फ्रूटी पैक एवं संझौली थाना क्षेत्र के बैरी गांव से रामबृज राम को 1 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया है।




## चयनित खिलाड़ी सीवान में आयोजित 14वां राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

# जिला स्तरीय सब जूनियर व सीनियर वूशु प्रतियोगिता का आयोजन

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



भोजपुर जिला स्तरीय सब जूनियर-जूनियर-सीनियर वूशु प्रतियोगिता का आयोजन खेल भवन आरा में किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि, संघ के मुख्य संरक्षक शाहिद अलीम उर्फ हनी एवं अतिथि जिला खेल पदाधिकारी संजीव कुमार, संघ के उपाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार श्रीवास्तव एवं भोजपुर वूशु संघ के महासचिव राजेश प्रसाद ठाकुर उपस्थित थे। संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 70 से 80 बालक-बालिका ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के संचालन में अंतर राष्ट्रीय खिलाड़ी सह कोच नूतन कुमारी एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी चंदन कुमार, इरशाद अहमद एवं एनआईएस कोच आयुष ठाकुर, ऋषभ कुमार तिवारी, शिवशरण ओझा, प्रिय रंजन कुमार उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में सब जूनियर सांडा में रोहित कुमार, शशिकांत यादव, हर्ष राज, सार्थक राज, रणवीर राज, सागर कुमार यादव, अर्पित राज, प्रिंस राज, करण कुमार स्वर्ण पदक एवं आयुष राजपाल, रितिक राज, रौनक कुमार, शिवम कुमार सिंह रजत पदक प्राप्त किए। सब जूनियर सांडा बालिका वर्ग में अंशु कुमारी, पीहू राय, रिद्धिमा कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। सांडा जूनियर वर्ग बालक में विशाल कुमार, राहुल कुमार, अभी कुमार, कुमुद लाल एवम कुमार अंकुश ने स्वर्ण पदक, साथ ही जूनियर बालिका वर्ग में नैना कुमारी एवं मानसी कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए एवं सीनियर सांडा पुरुष वर्ग में आदेश कुमार, प्रिय रंजन कुमार, शुभम कुमार, अमरेश कुमार, संजय कुमार एवं राजवीर सिंह ने पदक पक्का किया वहीं सीनियर महिला वर्ग में नूतन कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, साथ ही ताओलू बालिका वर्ग में अदविका, वर्षा रानी ने स्वर्ण पदक तथा बालक वर्ग में ईशांत ठाकुर स्वर्ण पदक एवं जूनियर बालक-बालिका वर्ग में कुणाल लाल, प्रिया सोनी, अंकित शर्मा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया एवं सीनियर में आयुष ठाकुर, शिव शरण ओझा, पंकज कुमार सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आगामी 18 से 20 जून तक 14वां राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता जो की सिवान में आयोजित है, उसमे जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पदक विजेता खिलाड़ियों को भोजपुर वूशु संघ के अध्यक्ष डॉक्टर केएन सिन्हा, उपाध्यक्ष स्मिता सिंह द्वारा बधाई दिया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# इस माह के अंत तक तैयार हो जाएगा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे

- शानदार रोड इंफ्रास्ट्रक्चर की लगातार सौगात दे रही है योगी सरकार
- पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से कनेक्ट होगा लिंक एक्सप्रेस वे

**केटी न्यूज / गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश में रोड कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने पर लगातार काम कर रही योगी सरकार इस माह के अंत तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन की पूर्ण सुविधा शुरू करने की तैयारी में है। जून के पहले सप्ताह तक इस एक्सप्रेसवे का 97 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा एवं दिल्ली तक त्वरित एवं सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाईपास एनएच- 27 ग्राम जैतपुर के पास से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जनपद आजमगढ़ के सालारपुर में समाप्त होगा। 91.352 किमी लंबे इस एक्सप्रेसवे की कुल लागत 5876.67 करोड़ रुपये (भूमि अधिग्रहण पर व्यय समेत) है। इससे जनपद गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे तीव्र संपर्क तथा बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करेगा। साथ ही साथ संबन्धित क्षेत्र के जनमानस को भी एक दूसरे के और निकट लाने में मदद करेगा। यूपी एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर 10 जून तक अद्यतन जानकारी के अनुसार के अनुसार गोरखपुर लिंक एक?सप्रेसवे का 97 फीसद निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मेन कैरिजवे में क्लियरिंग एंड ग्रबिंग का काम 100 फीसद,



मिट्टी का काम 100 फीसद पूरा कराया गया है। एक?सप्रेसवे पर कुल प्रस्तावित 341 संरचनाओं में से 337 बन चुके हैं। अन्य के निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

दो दिन पूर्व गोरखपुर के कमिश्नर अनिल ढींगरा ने बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में निर्माण कार्य मे तेजी लाते हुए इस माह के अंत तक लिंक एक्सप्रेसवे का काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल के एक बड़े क्षेत्र के लोगों को लखनऊ पहुंचने में महज साढ़े तीन घंटे का समय लगेगा। इसके अलावा दिल्ली से लेकर आगरा तक के शानदार सफर का आनंद लोग ले सकेंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से गोरखपुर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। एक्सप्रेसवे के प्रवेश नियंत्रित होने से वाहनों के ईंधन खपत में महत्वपूर्ण बचत, समय की बचत एवं पर्यावरणीय प्रदूषण का नियंत्रण भी संभव हो सकेगा।

इस एक्सप्रेसवे से अच्छादित क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ ही कृषि, वाणिज्य, पर्यटन तथा उद्योगों की आय को बढ़ावा मिलेगा। एक्सप्रेसवे से अच्छादित क्षेत्रों में स्थित विभिन्न उत्पादन इकाइयों, विकास केंद्रों तथा कृषि उत्पादन क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ने हेतु एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के रूप में सहायक होगा। एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ योगी सरकार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर भी बना रही है।

## एक नजर

### सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से घुसी कोयले से लदी ट्रक, चालक व खलासी की मौत

**जौनपुर।** थाना जलालपुर क्षेत्र के वाराणसी - लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार की सुबह रेहटी गांव के पास सड़क पर खड़ी एक ट्रक में पीछे



से आ रही कोयला लदी ट्रक के अनियंत्रित हो जाने के कारण टकरा गई। हादसे में कोयले लदी ट्रक के चालक और खलासी की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की सुबह वाराणसी लखनऊ मार्ग पर रेहटी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क पर खड़ी ट्रक में कोयला लदी ट्रक अनियंत्रित होकर पीछे से घुस गई। जिसमें चालक व खलासी दोनों की मौत हो गई। चालक की शिनाख्त मिन्टु पुत्र स्व झोरयी निवासी पाराखान,जिला अयोध्या व खलासी हनुमान उम्र 32 वर्ष पुत्र मिश्रीलाल निवासी मढ़ना थाना महराजगंज, जिला अयोध्या के रूप में हुई है। कोयले से लदी ट्रक वाराणसी से अयोध्या के लिए जा रही थी। घटना की सूचना राहगीरों ने स्थानीय थाने पर दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।तथा हादसे की जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने मृतक के घर पर सूचना दी। सूचना पाकर परिजनो ने थाने पर पहुंच कर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

### जौनपुर में पाही पर सो रहे एक व्यक्ति की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर की हत्या

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गांव पाल्हामऊ कला में पाही पर सो रहे एक व्यक्ति की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी।खबर मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा दो संदिग्ध लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार पल्हामऊ गांव के निवासी चन्द्रभूषण तिवारी(57 वर्ष) पुत्र नरसिंह तिवारी बुधवार की रात को भोजन करने के बाद घर से कुछ दूरी पर स्थित पाही पर सोने के लिए गए थे।रात में सोते समय अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी । सुबह आसपास लोग वहां पहुंचे तो खून से लतफत उनका शव मिला । यह खबर मिलते ही मौके पर भारी भीड़ एकत्रीत हो गई, हत्या की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा आला अफसर मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करने के बाद आगे की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### एसपी ने कार्य मे शिथिलता बरतने पर तीन थानाध्यक्षों को किया लाइन हाजिर

**जौनपुर।** एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा ने गुरुवार को तीन थानाध्यक्षों को लाइन हाजिर कर दिया है।एसपी के कठोर कदम से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है । जनपद के तीन थाना प्रभारियों को कार्यों में किया लाइन हाजिर। एसपी डॉ0 अजय पाल शर्मा ने लापरवाही बरतने वाले व घटनाओं का खुलासा न कर पाने तथा आम जनता के साथ उचित व्यवहार न रखने के आरोप में थाना प्रभारी सरायख्वाजा राजेश कुमार मिश्र, थाना प्रभारी मीरगंज देवानंद रजक, थाना प्रभारी सुजानगंज महेश पाल सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। वही हाल ही में स्वाट टीम के विवेक तिवारी को कुख्यात शूटर एक लाख के इनामी बदमाश प्रिंस सिंह के एनकाउंटर किए जाने में बेहतरीन प्रदर्शन किए जाने पर सुजानगंज थाने का थाना प्रभारी नियुक्त कर दिया है। एस ओ जी से रमेश कुमार को थानाध्यक्ष मीरगंज व विवेचना सेल से अमित कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक सरायख्वाजा नियुक्त किया। एसपी द्वारा तीन थाना प्रभारी को लाइन किए हाजिर किए जाने से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। यह भी चर्च शुरू हो गया है अब देखना है कि चर्चित थानाध्यक्ष सरपतहा पर कब कार्रवाई होती है ।

## खबरें फटाफट

### अवैध वाहन स्टैंड का संचालन होने पर थाना प्रभारी नपेंगे : डीआईजी

**चंदौली।** नेशनल हाईवे व बाजारों के समीप अवैध स्टैण्ड का संचालन हुआ तो सीधे थाना प्रभारी पर कार्यवाही होगी। वहीं क्षेत्राधिकारियों से भी जबाब तलब किया जाएगा। यह दिशा निर्देश गुरुवार को डीआईजी ओमप्रकाश सिंह ने मातहतों के साथ अपराध गोष्ठी के दौरान दिया। डीआईजी ने गुरुवार को बकरीद त्योहार पर सुरक्षा ब्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर थाना प्रभारियों के साथ बैठक किया, जिसमें उन्होंने गौ तस्करी पर लगाम लगाने, अपराधियों पर गैंगेस्टर की कार्यवाही, अवैध सम्पत्ति का कुर्की के 14ए की कार्यवाही करने के लिए दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही पैदल गश्त बढ़ाई जाय। थाना प्रभारी अपने बन्द कमरों से बाहर निकलें। जनसुनवाई में पीड़ितों की बात सुनी जाय, बीट स्तर तक जिम्मेदारी तय हों। बीट प्रभारियों की समीक्षा हर सप्ताह में थाना प्रभारी करें। सभी लोंगो को जिम्मेदारी दी जाय। इसके साथ ही साइबर क्राइम के नाम पर थाना व साइबर के बीच पीड़ित त्रिशंकु की तरह लटक रहे हैं। ऐसी स्थिति न आने पाए। जिले के साइबर अपराध थाने में सबसे पहले मुकदमा दर्ज हो।

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**बलिया।** गुरुवार को रेलवे स्टेशन बलिया के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुँची जीआरपी ने शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक सफलता नहीं मिल सकी। इस बाबत जीआरपी थानाध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि घटना क बाद से शिनाख्त कराने की कोशिश जा की रही है। उन्होंने मृतक के शिनाख्त में आम जन से सहयोग की अपेक्षा किया है।

### गर्मी ने जनजीवन को किया बेहाल

**नरहीं।** आसमान से बरस रहें आग ने आम जनजीवन के साथ ही पशु पक्षियों को भी बेहाल कर दिया है वृहस्पतिवार को तापमान 44 डिग्री से ऊपर चला गया।मौसम विभाग के अनुसार मानसून बंगाल में आकर रूक गया है मानसून बिहार में 10 जून जबकि बलिया में पहुंचने का समय 12-13 जून है ऐसे में मानसून को दस्तक देने में अभी देरी हो सकती हैं लिहाजा अभी प्रचंड गर्मी से जूझना पड़ सकता है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से मनाने के लिए योगी सरकार ने तेज की तैयारी

# अमृत सरोवरों के साथ ही ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों पर मनाया जाएगा योग दिवस

- प्रदेश में 15 जून से लेकर 21 जून तक प्रत्येक जनपद में मनाया जाएगा योग सप्ताह
- पुलिस थानों, विद्यालयों और चिकित्सालयों में भी योगाभ्यास का होगा आयोजन

**केटी न्यूज/लखनऊ**

योगी सरकार ने आगामी 21 जून को होने वाले दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कार्यक्रम स्थलों के चयन को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। स्थल चयन में प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक स्थान, नदियों, झीलों, तालाबों, अमृत सरोवरों को प्रमुखता दी जाएगी। इसके साथ ही, पुलिस थानों, विद्यालयों और चिकित्सालयों में भी योगाभ्यास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जनमानस को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 15 जून से लेकर 21 जून तक प्रत्येक जनपद में योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। योग सप्ताह का आयोजन समस्त जनपद मुख्यालय के अतिरिक्त तहसीलों, ब्लाकों एवं ग्राम पंचायतों में भी किया जाएगा।



#### पीएचसी और सीएचसी में भी होगा प्रतिदिन आयोजन

योग सप्ताह को लेकर हाल ही में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में स्थलों के चयन में विशेष महत्व वाले स्थलों को प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों के लिए निर्धारित स्थलों में प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक महत्व के स्थान, प्रमुख नदियों, झीलों, तालाबों के किनारे, सभी अमृत सरोवरों एवं प्रमुख नैसर्गिक सौन्दर्य से परिपूर्ण स्थलो को चयन में प्रमुखता दी जाएगी। जनपदों के समस्त पुलिस थानों, पुलिस लाइन, पीएसी बटालियन, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड एवं प्रान्तीय रक्षा दलों में भी आयोजन संपन्न कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त समस्त प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्रों के मध्य मिष्ठान, फल एवं शुद्ध पेयजल का वितरण किया जाएगा। यही नहीं, आरडब्लूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आयुष चिकित्सालय, 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालय एवं आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में भी आयोजन किया जाएगा।

#### प्रतिदिन होंगी प्रतियोगिताएं और सेमिनार का आयोजन

योग सप्ताह को लेकर जो कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं उसका भी विवरण दिया गया है। इसके अनुसार, 15 जून से 21 जून तक प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा। इसके अलावा 15 जून को आयोजन का उद्घाटन होगा, जबकि 16 जून को रंगोली प्रतियोगिता और योग के माध्यम से उच्च रक्तचाप प्रबंधन विषय पर सेमिनार का आयो्ज होगा। 17 जून को स्लोगन प्रतियोगिता और जीवनशैली जन्य समस्याओं में योग का महत्व विषय पर सेमिनार होगा। 18 जून को निबंध लेखन प्रतियोगिता के साथ ही आधुनिक जीवन शैली में महिलाओं के लिए योग का महत्व विषय पर सेमिनार होगा। 19 जून को आशु भाषण एवं ड्राइंग प्रतियोगिता के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर सेमिनार होगा। इसी तरह

#### 4 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान

इस पूरे कार्यक्रम पर प्रदेश सरकार 4 करोड़ रुपए खर्च करेगी। मुख्यालय स्तर पर आयोजनों पर 1.12 करोड़ रुपए, कॉलेज स्तर पर आयोजन पर 9.5 लाख रुपए, जनपद स्तर पर आयोजन के लिए 2.63 करोड़ रुपए और उद्घाटन एवं समापन कार्यक्रम पर 15 लाख रुपए खर्च किए जाने का बजट प्राविधान किया गया है। पूर्व की भांति इस बार भी प्रत्येक जनपद में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इस समिति में मुख्य विकास अधिकारी/नगर आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक/बेसिक शिक्षा अधिकारी/क्रीड़ा अधिकारी और गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि सदस्य होंगे। वहीं क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी संयोजक सदस्य होंगे।

#### जन जागरूकता के लिए होगा प्रचार प्रसार

योग सप्ताह के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु व्यापक पैमाने पर इसके प्रचार और प्रसार पर भी जोर दिया गया है। वृहद स्तर पर जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के लिए योगी सरकार द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों, होर्डिंग, बैनर, अन्य सोशल मीडिया नेटवर्कों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। सरकारी वेबसाइट एवं जनसामान्य तथा कर्मचारियों के लिए प्रेषित होने वाले पत्रों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 को प्रदर्शित किया जाएगा। यही नहीं, प्रमुख हस्तियों, खिलाड़ियों, योग गुरुओं, सांस्कृतिक प्रतिष्ठित महानुभावों आदि के वीडियो बना कर भी जनसामान्य के बीच प्रसारित किए जाएंगे और उन्हें इस आयोजन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला शांति समिति की बैठक

**केटी न्यूज/जौनपुर**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में और पुलिस अधीक्षक डॉ.अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में आगामी बकरीद के त्यौहार को शांतिपूर्ण वातावरण में भाईचारा के साथ मनाये जाने की अपील की गयी। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया कि खुले में कुबार्नी न करें और प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी न दें। नमाज के लिए निर्धारित स्थान पर ही नमाज अदा करें, नमाज स्थल के आस-पास बेतरतीब वाहन न खड़ा करें। साथ ही साथ अपशिष्ट पदार्थो को निर्धारित स्थल पर निस्तारित कराये।

जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को निर्देशित किया, कि त्यौहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनी रहे। ईदगाह के समीप की सड़क को ठीक करने के निर्देश एक्सईएन जलनिगम को दिया है। एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि सड़के गड्ढा मुक्त होनी चाहिए, जिससे लोगो को आवागमन



में कोई असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया है, कि जिन जगहों पर खराब पेयजल की समस्या है वहां पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्या का निस्तारण कराये। नगर पालिका द्वारा हेल्पलाइन नम्बर 1533 जारी किया गया है जिसमें नगर पालिका से सम्बन्धित शहर में साफ-सफाई, सीवर, पेयजल आदि से जुड़ी समस्याओं से सम्बन्धित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जिलाधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक शहर बृजेश कुमार को निर्देशित किया कि सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़े होने वाले पर जुमार्ना लगाने की कार्रवाई की जाए। जिन जगहों पर सड़क अतिक्रमण की समस्याएं अधिक है वहां पर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा अनाउंसमेंट कर लोगों को गाड़ियों को उचित जगह खड़े करने के लिए जागरूक किया जाए।






## अब किसी मरीज की जान प्लेटलेट व प्लाजा की कमी से नही जाएगी

# सीएमओ ने जिला अस्पताल में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का किया उद्घाटन

- लाइसेंस मिलना जिला चिकित्सालय के लिए बहुत ही गर्व एवं खुशी की बात : मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

**केटी न्यूज/जौनपुर**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर डा. लक्ष्मी सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. के.के. राय द्वारा ब्लड कम्पोनेन्ट सेपरेशन यूनिट का उद्घाटन किया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह ने बताया, कि यह उपलब्धि जिला



चिकित्सालय एवं पूरे जिले के लिए बहुत बड़ी है। इस उपलब्धि के अवसर पर उन्होने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. के.के. राय ने बताया, कि ये लाइसेन्स मिलना जिला चिकित्सालय के लिए बहुत ही गर्व एवं खुशी की बात है। इसके लिए बहुत दिनों से प्रयासरत थे, सबकी कड़ी मेहनत एवं लगन से आज यह शुभ अवसर आया है। जिससे मरीजों को काफी लाभ होगा। अब एक यूनिट ब्लड से तीन मरीजों की जान बचा सकते है। हम एक यूनिट ब्लड से एक यूनिट पीआरबीसी, एक यूनिट प्लेटलेट एवं एक यूनिट प्लाजमा मरीजों को उपलब्ध करा सकते है।

औषधि निरीक्षक चन्द्रेश द्विवेदी ने ब्लड सेन्टर सुचारू रूप से चलने के लिए हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर ब्लड सेन्टर इंचार्ज डा. सैफ हुसैन खान ने समस्त अतिथि एवं पत्रकारों का धन्यवाद किया एवं डा. सैफ द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि चिकित्सालय में भर्ती मरीजों एवं निजी चिकित्सालय की ब्लड से सम्बन्धित किसी प्रकार की कोई समस्या नही होगी, अब किसी भी मरीज की जान प्लेटलेट एवं प्लाजमा की कमी की वजह से नही जायेगी। इस अवसर पर ब्लड सेन्टर इंचार्ज डा. सैफ हुसैन खान, डा. नरेन्द्र कुमार, वरिष्ठ परामर्शदाता एवं औषधि निरीक्षक चन्द्रेश द्विवेदी एवं सीनियर लैब टेक्नीशियन हृदय कुमार कुशवाहा तथा समस्त ब्लड सेन्टर के स्टाफ मौजूद थे।

## सुभाषितम्

यदि हमारे मन में शांति नही है तो इसकी वजह है कि हम यह भूल चुके है कि हम एक दुसरे के है। - मदर टेरेसा

## भारत की शुद्ध घरेलू बचत 47 साल के निचले स्तर पर

भारत में कर्ज लेकर खर्च करने की प्रवृत्ति लगातार बढ़ती जा रही है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारें, स्थानीय संस्थाएं और भारतीय परिवारों में कर्ज का बोझ पिछले 10 सालों से बड़ी तेजी के साथ बढ़ा है। पहले फ्लैट और मकान के लिए लोग कर्ज लेते थे। अब हर काम के लिए कर्ज लेकर खर्च करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। सरकारों ने भी विकास योजनाओं के नाम पर भारी कर्ज लिया है। लोक लुभावन योजनाओं में कर्ज की राशि को खर्च किया है। जिन योजनाओं के लिए कर्ज लिया गया। वह समय पर पूरी नहीं हुई। विकास योजना जिसके लिए कर्ज लिया जाता है। उसकी आय, ब्याज और किस्त की तुलना में काफी कम वसूली होती है। जिसके कारण पिछले 10 वर्षों में सरकारों और स्थानीय संस्थाओं द्वारा लगातार आम जनता पर टैक्स बढ़ाया जा रहा है। टैक्स बढ़ने से महंगाई भी बढ़ रही है। भारतीय परिवारों की क्रय शक्ति कर्ज के कारण पिछले वर्षों में तेजी के साथ बढ़ी थी। लेकिन अब मध्य एवं निम्न वर्ग कर्ज की किस्त नहीं चुका पा रहे हैं। कर्जदार के डिफाल्टर होने से वित्तीय संस्थानों आर्थिक की स्थिति गड़बड़ा रही है। बाजार में उपभोक्ताओं की वस्तुओं की मांग भी कम होने लगी है। पिछले एक दशक में भारतीय परिवारों में सोना, चांदी और जेवरात में निवेश करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। अनावश्यक खर्च उपभोक्तावादी संस्कृति के कारण बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। खर्च चलाने के लिए बैंक और एनएफसी कंपनियों से लोग पर्सनल लोन ले रहे हैं। जिसके कारण लोगों की बचत साल दर साल कम होती जा रही है। बचत बढ़ने के स्थान पर भारतीय नागरिकों पर कर्ज बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में प्रॉपर्टी में निवेश बढ़ा है। इसमें कर्ज ज्यादा है, बचत का हिस्सा बहुत कम है। जिसके कारण लोगों पर ब्याज और किस्त का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। भारत सरकार ने बचत को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय बचत संगठन, डाकघर, राष्ट्रीयकृत बैंक, बचत प्रमाण पत्र, भविष्य निधि के माध्यम से बचत में निवेश बढ़ाने के जो प्रयास पिछले कई दशकों में किए गए थे। उसमें 47 वर्ष के बाद सबसे कम बचत देखने को मिल रही है। 1991 में आर्थिक सुधार कार्यक्रम भारत में लागू किए गए। उसके बाद से कर्ज लेने की प्रवृत्ति भी तेजी के साथ बढी है। दुनिया के देशों में पहले भारत को बचत करने वाले देश के रूप में पहचान थी। लेकिन अब बचत के मामले में भारत लगातार पिछड रहा है। अफ्रीका जैसे छोटे देश भी बचत के मामले में भारत से बेहतर स्थिति में है। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में जो आंकड़े जारी किए हैं। उसके अनुसार भारत में शुद्ध घरेलू बचत पिछले 47 सालों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। यह सबसे ज्यादा चिंता की बात है। वर्ष 2023 में बचत घटकर सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में मात्र 5.3 फीस दी रह गई है। जो 2022 में 7.3 फीसदी थी। कर्ज लेकर खर्च करने की प्रवत्ती भारत में सभी वर्गों के बीच में बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। जिसके कारण गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा आर्थिक दबाव में है। महंगाई, बे रोजगारी और कर्ज के बोझ से देश में आत्महत्या करने की प्रवृत्ति भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। सरकार को बचत योजनाओं में बचत बढ़ाने के लिये प्रोत्साहन देने के लिए आम लोगों को राहत देने पर विचार करना होगा। वहीं कर्ज लेकर घी पीने की जो प्रवृत्ति भारतीय समुदाय में बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। उसको नियंत्रित करने की जरूरत है। समय रहते यदि आय और व्यव के असंतुलन पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में भारतीयों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया की जो प्रवृत्ति पिछले वर्षों में सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। उसको बदलना अब जरूरी हो गया है। भारत में 90 के पहले कर्ज लेने को सामाजिक बुराई माना जाता था। कर्जदार को सामाजिके प्रतिष्ठा नहीं मिलती थी। 1993 के बाद जितना ज्यादा कर्ज उतनी बड़ी सामाजिक प्रतिष्ठा के रूप में देखा जाने लगा। जिसके नुकसान अब सामने देखने को मिल रहे हैं।

## चिंतन-मनन

## धर्म का मूल केंद्र है वर्तमान

धर्म जगत ने धर्म को केवल परलोक के साथ जोड़कर भारी भूल की है। इसका परिणाम यह हुआ कि धर्म का असली प्रयोजन तिरोहित हो गया। वह स्वर्ग-सुखों के प्रलोभन और नरक-दुख के भय से जुड़ गया। हर धर्म-प्रवर्तक ने धर्म को जीवन से जोड़ा, किंतु धर्म-परंपराओं ने उसे स्वर्ग और नरक से जोड़ दिया। धर्म का मूल केंद्र वर्तमान है न कि भूत और भविष्य। हम वर्तमान क्षण को कैसे जियें, धर्म का सारा दर्शन इसी पर टिका हुआ है। वर्तमान विषम है तो भविष्य भी विषम होगा। यदि वर्तमान सम और सुखमय है तो भविष्य भी सम और सुखमय ही होगा। यानी भविष्य वैसा ही होगा जैसा वर्तमान है। इसीलिए धर्म का असली प्रयोजन वर्तमान को सजाने-संवारने का है। इस केंद्रीय विचार से भटक जाने के कारण धर्म भूत और भविष्य में उलझ गया। वर्तमान को उसने बिल्कुल ही भुला दिया। इसलिए लोगों ने वर्तमान को केवल अतीत का परिणाम मान लिया। इससे भाग्यवाद की विचारधारा का जन्म हुआ। भाग्य को बदला नहीं जा सकता, इसलिए वे वर्तमान से विमुख हो गए और भविष्य की चिंता में पड़ गए। जिसके पास कोठी, महंगी कार और विदेशों में छुट्टी मनाने के साधन हैं, वे अतीत के परिणाम हैं। जो वैभव-संपन्न नहीं हैं, वे जप-तप में इसलिए लगे हैं ताकि भविष्य में भी साधन-संपन्न बन सकें। ऐसे में धर्म का पूरा उद्देश्य ही बदल गया। जो आत्म-केंद्रित था, वह वस्तु-केंद्रित हो गया। जो वस्तु-विमुख था, वह वस्तु-सम्मुख बन गया। इसी विचार के फलस्वरूप धर्म के नाम पर व्यापार और सौदेबाजी चलने लगी। जहां भी प्रलोभन और भय है वहां धर्म नहीं है। धर्म है आत्म उज्ज्वलता का साधन। धर्म है सोई हुई शक्तियों के पुनर्जागरण का उपादान। यह है आत्म-स्वभाव में रमण। धर्म ही है आत्म शांति और विश्व शांति का एकमात्र साधन। वर्तमान जीवन को आनंदपूर्ण बनाने का गुर। भगवान महावीर ने कहा है- आत्मा ही नरक है, आत्मा में ही स्वर्ग है, आत्मा में ही बंधन है, आत्मा में ही मोक्ष है। जिसके भीतर नरक नहीं, उसके लिए बाहर कहीं भी नरक नहीं। जिसके भीतर स्वर्ग नहीं, उसके लिए बाहर कहीं भी स्वर्ग नहीं।

# महाराज और शिवराज पर भरोसे का मतलब

- राकेश अचल

केंद्रीय हिन्दू मंत्रिमंडल में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व केंद्रीय मंत्रीय ज्योतिरादित्य सिंधिया को शामिल करने के पीछे क्या वजह ये जानने में लोगों की बड़ी दिलचस्पी है। भाजपा के इन दो हंसों की जोड़ी 2018 के विधान सभा चुनाव में आमने-सामने थी। तब महाराज यानि ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस में हुआ करते थे और चौहान मप्र के मुख्यमंत्री थे इस चुनाव में भाजपा ने माफ करो महाराज ,हमारे नेता शिवराज का नारा दिया था और कांग्रेस की और से माफ करो शिवराज ,हमारे नेता महाराज का नारा उछला और कामयाब भी हुआ था । शिवराज सत्ताच्युत हो गए थे ,लेकिन महाराज अपनी पार्टी के सत्ता में आने के बाद भी मुख्यमंत्री नहीं बन पाए थे। मप्र की इस जोड़ी ने ही 2020 में फिर कमाल किया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस से बगावत कर कांग्रेस की सरकार गिरा दी । मुख्यमंत्री कमलनाथ को पदच्युत कराकर अपने अपमान का बदला लिया और एक बार फिर शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनवा दी थी। 2020 से ही ये जोड़ी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी की नजरों में चढ़ी हुई थी। 2023 के विधानसभा चुनाव में भी इस जोड़ी ने हाड़तोड़





मेहनत कर मप्र में भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाकर भाजपा की सरकार बनवाई। ज्योतिरादित्य सिंधिया को तो 2020 के करतब के लिए पुरस्कार के रूप में राज्य सभा की सदस्यता और केंद्रीय मंत्री मंडल में स्थान मिल गया था ,किन्तु शिवराज सिंह को कोई इनाम-इकराम नहीं मिला था। उलटे उनके स्थान पर मोहन यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर चौहान को अपमानित जरूर किया गया था भाजपा की और से। शिवराज सिंह मंजे हुए खिलाडी निकले। उन्होंने अपमान का कड़वा घूँट बिना ना-नुकुर के पी लिया। नतीजा ये हुआ कि 2024 के आम चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ चौहान को भी केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिल गयी। ज्योतिरादित्य सिंधिया को तो मंत्री बनना ही था क्योंकि वे प्रधानमंत्री के गांव-गौड़े के नाते दामाद लगते हैं ,लेकिन शिवराज सिंह चौहान को उनकी योग्यता और मौन साधना की वजह से मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। एक समय उनका नाम मोदी के उत्तराधिकारी के रूप में भी सुर्खियों में आया ,लेकिन वे शायद अभी इस लायक नहीं बन पाए हैं।

प्रधानमंत्री ने केंद्र में बैशाखी सरकार का गठन करने के फौरन बाद अपने मंत्रिमंडल में सिंधिया और चौहान को एक खास मकसद से जगह दी है। इन दोनों को मंत्रिमंडल में लिए जाने से जातीय संतुलन बना या नहीं ये भी हम नहीं जानते । हम ये जानते हैं कि मोदी जी के पूर्व मंत्रिमंडल के नाकाम कृषिमंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की वजह से मोदी जी और उनकी पार्टी को किसान आंदोलन के दौरान जो फजीहत झेलना पड़ी उसे देखते हुए ही शिवराज सिंह चौहान को नया कृषि मंत्री बनाया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी मध्य्प्रदेश से ही थे । वे किसान आंदोलन को ढंग से हैंडिल नहीं कर पाए थे। दरअसल तोमर यानि ग्वालियर के मुन्ना भैया ,मौन सिंह साबित हुए थे । वे न किसानों को मना पाए और न किसान यूनियनों को। उन्हें किसान संगठनों से संवाद स्थापित करने में भी कोई कामयाबी नहीं मिली। उलटे सरकार के माथे पर 700 किसानों की हत्या का दाग और लग गया था। विवादास्पद कानून वापस लेने पड़े थे सो अलग। देश के किसान अभी भी आंदोलित है। किसान आंदोलन किसी भी समय भड़क सकता है । किसान आंदोलन का खमियाजा भाजपा ने आम चुनावों में भी उठाया। ऐसे में वाचाल,मिलनसार और किसानों से सीधा रिश्ता कायम करने में समर्थ शिवराज सिंह चौहान को चुना गया। हालाँकि मुख्यमंत्री के रूप में शिवराज सिंह चौहान के ऊपर भी मंदसौर गोलीकांड का दाग लगा हुआ है। बहरहाल अब शिवराज सिंह को आपने आपको एक बार फिर प्रमाणित करना है। उनके पास एक मुख्यमंत्री के रूप में 18 साल से जयादा समय का अनुभव है ,जो प्रधामंत्री जी के अनुभव से भी कहीं ज्यादा है। अब आइये महाराज यानि ज्योतिरादित्य सिंधिया की बात करते हैं। सिंधिया के डीएनए में संघ, भाजपा और कांग्रेस के गुण समाहित हैं।सिंधिया की दादी राजमाता विजयाराजे सिंधिया पहले कांग्रेसी,फिर जनसंघी और अंत में भाजपा में रहीं। सिंधिया के पिता माधवराव सिंधिया पहले जनसंघ में फिर कांग्रेस में रहे। खुद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजनीति में अहला कदम कांग्रेस के माध्यम से रखा और 20 साल तक कनग्रेस में मान-सम्मान पाने के बाद अपमान मिलते ही कांग्रेस से किनारा कार भाजपा की सदस्यता ले ली। सिंधिया को मंत्रिमंडल में शामिल करने के पीछे उनका गुजरात से रिश्ता होने के साथ ही उनकी कर्मठता और ईमानदारी भी मानी जाती है।

मेरे अपने सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी ने बहुत सोच-विचार के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया को संचार मंत्रालय के साथ ही पूर्वोत्तर के विकास की जिम्मेदारी दी है। सिंधिया को संचार मंत्रालय देने के पीछे मकसद आने वाले दिनों में होने वाले 5जी इसप्रेक्टम की नीलामी भी है । आपको याद होगा कि इसी देश में कांग्रेस की सरकार के जमाने में अब तक का सबसे बड़ा 2 जी घोटाला हुआ था। इस घोटले में कांग्रेस के सहयोगी द्रमुक के नेता और मंत्री शामिल होने के आरोप लगे थे। तत्कालीन संचार मंत्री ऐ राजा को तो पंद्रह महीने जेल में भी काटना पड़े थे। हालाँकि राजा बाद में बरी हो गए थे। मोदी जी नहीं चाहते की 5 जी स्प्रेकटुम के आवंटन में कोई घोटाला हो इसलिए सिंधिया को इसकी जिम्मेदारी दी गयी। केंद्रीय मंत्री मंडल में फिलहाल सिंधिया अकेले ऐसे मंत्रीं हैं जिनका दामन पाक-साफ दिखाई देता है। उनके पिता के साथ तो नैतिकता का भी तमगा जुड़ा था । उन्होंने एक मामूली सी हवाई दुर्घटना के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री पीव्ही नरसिम्हाराव को अपना त्यागपत्र सौंप दिया था। हवाला कांड में नाम आने के बाद कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से भी निकाल दिया था ,लेकिन उन्होंने उफ तक नहीं की और एक निर्दलीय के रूप में लोकसभा चुनाव जितने के बाद वे फिर कांग्रेस में शामिल हो गए थे । वे चाहते तो भाजपा में भी जा सकते थे ,लेकिन उन्होंने फिर भी ऐसा नहीं किया । मौजूदा सरकार को पूर्वोत्तर में जड़ें जमाने के लिए एक उत्साहीलाल की जरूरत थी । इस कसौटी पर ज्योतिरादित्य सिंधिया खरे उतरे इसीलिए उन्हें संचार मंत्रालय के साथ पूर्वोत्तर मामलों की भी जिम्मेदारी दी गयी । पूर्वोत्तर में मणिपुर सबसे ज्वलंत मुद्दा है । मणिपुर के मामले में संघ और भाजपा ही नहीं खुद मोदी जी नाकाम साबित हुए हैं। मणिपुर अभी भी जल रहा है । संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने ने भी फिर एक बार मणिपुर को लेकर नयी सरकार को आगाह किया है।पूर्वोत्तर में हाल के लोकसभा चुनावों में भाजपा को अपेक्षित कामयाबी नहीं मिली है। अब देखना ये है कि नए कृषि मंत्री और नए संचार मंत्री के रूप में शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया कितने कामयाब हो पाते हैं? इन दोनों नेताओं की कामयाबी ही इनके बच्चों की कामयाबी कि लिए दरवाजे खोलेगी। चौहान और सिंधिया कि बेटे राजनीयति में पदार्पण कि लिए कमर कसकर तैयार हैं।

# पराजय पर विलाप, जनादेश का अपमान

- तनवीर जाफरी

जनादेश 2024 तो जरूर आ चुका है परन्तु षड़यंत्रकारी एक्जिट पोल की हवा निकलने के बाद आये आश्चर्यचकित करने वाले इस जनादेश ने खास तौर पर उन लोगों के मुंह का स्वाद बिगाड़ कर रख दिया है जो अबकी बार 400 पार जैसे फर्जी नारों और गोदी मीडिया द्वारा प्रचारित झूठे एक्जिट पोल में दिखाई गयी मोदी के नेतृत्व में भाजपा की धमाकेदार वापसी की पूरी उम्मीद लगाये बैठे थे। सत्ता की दलाली करने वाले एक चैनल ने तो अपने एक्जिट पोल में एन डी ए को 400 पार करा भी दिया था। परन्तु भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में इस बार के परिणाम कुछ ऐसे आये हैं कि एन डी ए बहुमत के आंकड़ों को पार करने के बावजूद विलाप कर रहा है जबकि बहुमत के आंकड़ों से दूर रहने के बाद भी विपक्षी गठबंधन में जश्न का माहौल है। चुनाव परिणाम जो भी हों परन्तु परिपक्व राजनीति का तकाजा तो यही है कि भारतीय लोकतंत्र में जनमत चाहे जो भी हो जैसा भी हो उस का सम्मान किया जाना चाहिये व उसे विनम्रतापूर्ण स्वीकार किया जाना चाहिये। परन्तु इस बार के चुनाव परिणामों के बाद खासतौर पर कुछ विशेष सीटों पर मिली पराजय या उनके अप्रत्याशित नतीजों के बाद पराजित पक्ष के लोगों ने अपना गुस्सा मतदाताओं पर निकालना शुरू कर दिया है। कई पराजित लोग तो मतदाताओं के निर्णय की खुलकर आलोचना कर रहे हैं। इनमें सबसे अधिक व तीखी प्रतिक्रिया फैजाबाद संसदीय सीट को लेकर सुनाई दी। इसी लोकसभा सीट के अन्तर्गत अयोध्या विधानसभा क्षेत्र भी आता है जहां निर्मित राम मंन्दिर को लेकर भारतीय जनता पार्टी न केवल फैजाबाद,न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के मतदाताओं से यह आस लगाये बैठी थी कि इसी वर्ष 22 जनवरी को हुये राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद उसे ऐतिहासिक बहुमत हासिल होगा। इसी सीट से लल्लू सिंह जो कि बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हैं तथा पांच बार अयोध्या से विधायक और दो बार फैजाबाद लोकसभा सीट से ही लोकसभा का चुनाव भी जीत चुके हैं वह तीसरी बार भी बड़े ही आत्मविश्वास के साथ इसी लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में थे। परन्तु यहाँ के मतदाताओं ने एक अप्रत्याशित जनादेश देते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी अर्थात इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को 54,567 मतों से जिता दिया। केवल अयोध्या ही नहीं बल्कि चित्रकूट, मेहंदीपुर बालाजी, सलासर धाम जैसी और भी अनेक धर्म नगरियां हैं जहाँ भाजपा धर्म ध्वजा के सहारे जीत हासिल करना चाहती थी परन्तु ऐसे सभी क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशियों को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। हद तो यह है कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने स्वयं को अवतारी होने का भ्रम पाल रखा था और 2019 के चुनाव में काशी से ही 4 लाख 71 हजार के अंतर से जीत हासिल की थी वे इस बार कांग्रेस के प्रत्याशी अजय राय को मात्र 152513 मतों से ही पराजित सके। जबकि ऐतिहासिक रोड शो, प्रेस कॉन्फ्रेंस और गंगा में क्रूज यात्रा जैसी शो बाजियों के सहारे वे इस बार 10 लाख से अधिक मतों से जीतने का सपना देख रहे थे। राजनैतिक विश्लेषकों का तो यहाँ तक कहना है कि यदि कांग्रेस ने मोदी के मुकाबले प्रियंका गांधी को उतारा होता तो शायद इस बार वे प्रधानमंत्री बनना तो दूर सांसद भी नहीं बन पाते। ठीक इसके विपरीत कांग्रेस समाजवादी गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में वह धमाका कर दिया जिसकी शायद इण्डिया गठबंधन को भी उम्मीद नहीं थी। यहाँ इण्डिया गठबंधन ने 42 सीटों पर जीत हासिल की। उधर भाजपा द्वारा पप्पू प्रचारित किये गए राहुल गाँधी जहां वायनाड से 3.64 लाख वोटों से जीते वहीँ उन्होंने उत्तर प्रदेश के मंत्री बीजेपी के प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को रायबरेली से 3.90 लाख वोटों से पराजित किया। उपरोक्त जनादेश निश्चित रूप से न केवल मंहगाई,बेरोजगारी,साम्प्रदायिकता तथा धर्म के नाम पर समाज को विभाजित कर जन सरोकार के मूल मुद्दों से जनता जनार्दन का ध्यान भटकाकर उसे धार्मिक भावनाओं में उलझाकर रखने के विरुद्ध था बल्कि यह जनादेश जनता द्वारा सत्ता का घमंड चूर कर देने के लिये भी था। परन्तु जनता के हाथों अपनी मुंह की खाने वाले भाजपाइयों को जो 400 पार और 370 पार जैसे नारों में जी रहे थे उन्हें यह जनादेश कतई नहीं भाया। इसलिये न केवल अंधभक्तों ने बल्कि साम्प्रदायिक विद्वेष के बल पर अपनी नैय्या पार करने की इच्छा पाले कई पराजित उम्मीदवारों ने भी मतदाताओं को ही गरियाना शुरू कर दिया। अयोध्या-फैजाबाद के मतदाताओं को तो इतना कोसा गया व उनके लिये ऐसी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया मानो इस लोकसभा सीट की भाजपा ने अपने नाम रजिस्ट्री ही करा ली थी जिसे जनता ने छीन लिया। आखिर अयोध्या की जनता ने किन कारणों से यह जनादेश दिया? क्या जो राम को लाये हैं हम उनको लायेंगे जैसा नारा जो भाजपाई लगाते फिर रहे थे वह नारा पूरे देश का सर्वस्वीकार्य नारा है ? क्या शंकराचार्यों से लेकर अयोध्या के साधु संत तक इस अहंकारी नारे से सहमत हैं ? अब तो लोग यही मान रहे हैं कि भगवन राम ने ही अहंकारियों को आईना दिखाया है और चेताया है कि धर्म किसी भी व्यक्ति की निजी आस्था व विश्वास का विषय है राजनीति व सत्ता के लिये दुरूपयोग का नहीं। इसी तरह रायबरेली की जनता के हाथों पराजित भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह तो अपनी शर्मनाक पराजय से रायबरेली के मतदाताओं से इतना आग बबूला हुये कि उन्होंने घोषणा कर दी कि वे एक वर्ष के अवकाश पर रहेंगे और रायबरेली की जनता का कोई काम ही नहीं करेंगे। जिसे काम कराना हो वह राहुल गाँधी के पास ही जाये। इसी तरह साम्प्रदायिकतावादी भक्तजन भाजपा के सपने टूटने के लिये कहीं मुस्लिम मतदाताओं को जिम्मेदार ठहराते हुये अपशब्द कह रहे हैं तो कहीं दलितों व पिछड़ों को गालियां रहे हैं। सवाल यह है कि क्या देश का मतदाता किसी भी दल या राजनेताओं का गुलाम है जो उनकी इच्छाओं के अनुरूप ही मतदान करे ? क्या यह जरूरी है कि भक्तों, साम्प्रदायिकतावादियों की नजरों में जो सबसे जरूरी विषय हो मतदाता भी उसे वैसी ही प्राथमिकता दें? हिमाचल प्रदेश दिल्ली, उत्तरांचल, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, उड़ीसा जैसी कई जगहों पर भाजपा ने निश्चित रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। विपक्षी दलों के नेता उन राज्यों के मतदाताओं को तो गलियां नहीं दे रहे हैं? बल्कि वहां आत्म मंथन की बात कर रहे हैं। एन डी ए खासकर भाजपाई नेताओं व अंधभक्तों को भी मतदाताओं को गरियाने या परिणाम पर विलाप करने के बजाय आत्म मंथन ही करना चाहिये। पराजय पर इस तरह का विलाप व मतदाताओं को कोसना व गालियां देना तो दरअसल जनता जनार्दन द्वारा दिये गये जनादेश का अपमान ही कहा जायेगा।

# संसद में दागी नेताओं की संख्या बढ़ना चिन्ताजनक

- ललित गर्ग

देश में 18वीं लोकसभा चुनी जा चुकी है, मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और रिकॉर्ड संख्या में मतदाता होने के गर्व करने वाली स्थितियां हैं वहीं चिन्ताजनक, विचलित एवं परेशान करने वाली स्थितियां भी हैं। खबर आई है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं जो पिछली बार से तीन प्रतिशत अधिक है। भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाए जाने एवं उन्हें राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारी दिया जाना-हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता एवं पवित्रता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम आदर्श एवं मूल्यपरक समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार नेता एवं जन-प्रतिनिधि कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं अठाहरवीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है। आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं। अरविन्द केजरीवाल जैसे नेता आम चुनाव में कहते हैं कि आप लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी को वोट दें ताकि मैं जेल जाने से बच जाऊं। हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे सुशासन एवं ईमानदार व्यवस्था स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? कैसे संसद में दागियों के पहुंचने के लिये द्वार बंद होंगे? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल पर ही वर्ष 2020 से सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करने लगे है। निश्चित ही इस आदेश का मकसद देश की राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना ही था। लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ नहीं क्योंकि तमाम राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीतने वाले उम्मीदवार थे, अब चाहे उनका आपराधिक रिकॉर्ड ही क्यों न हो। बड़ा प्रश्न है कि आखिर राजनीति में तब कौन आदर्श उपस्थित करेगा? क्या हो गया उन लोगों को जिन्होंने सदैव ही हर कुबार्नी करके आदर्श उपस्थित किया। लाखों के लिए अनुकरणीय बने, आदर्श बने। चाहे आजादी की लड़ाई हो, देश की सुरक्षा हो, धर्म की सुरक्षा हो, अपने वचन की रक्षा हो अथवा अपनी संस्कृति और अस्मिता की सुरक्षा का प्रश्न हो, उन्होंने फर्ज और वचन निभाने के लिए अपना सब कुछ होम दिया था। महाराणा प्रताप, भगत सिंह, दुगार्दास, छत्रसाल, शिवाजी जैसे वीरों ने अपनी तथा अपने परिवार की सुख-सुविधा को गौण कर बड़ी कुबार्नी दी थी।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आज आपको छोटे मोटे पार्ट टाइम कारोबार के लिए समय निकालने में भी सफलता मिलेगी। | **तुला** आज परेशान रहेंगे और आज आपका दिन बिना वजह की चिंता फिक्र में बीतेगा। |
| **वृषभ** करियर के मामले में लाभ होगा। आपके घर में किसी कार्य की चर्चा होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। | **वृश्चिक** सुखद समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। |
| **मिथुन** समय आज तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। | **धनु** आज आपके किसी नए संपर्क में सफलता मिलने के योग हैं। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा। |
| **कर्क** आज लाभ का दिन है और आज आपका दिन किसी प्रकार की व्यस्तता में बीतेगा। | **मकर** आज धन में वृद्धि का दिन है। आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल से भाग्य में वृद्धि के योग हैं। |
| **सिंह** कारोबार मंदा चल रहा था वह सफल होगा। व्यवसाय के क्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। | **कुंभ** उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिन भर बना रहेगा। |
| **कन्या** आज लाभ होगा और आपको विशेष प्रकार की भागदौड़ करने से सफलता प्राप्त होगी। | **मीन** ज्ञान में वृद्धि का दिन है और आज आपके सुख की प्राप्ति होगी। उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे। |

## विशेष

## बहन जी डर गई

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा नेता बहन मायावती पिछले 10 सालों से भाजपा के रहमो करम पर थी। सदन में वह भाजपा का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष समर्थन कर रही थी। इस लोकसभा चुनाव में भी किसी भी गठबंधन में नहीं जाकर उन्होंने अलग चुनाव लड़ा। जिसके कारण उत्तर प्रदेश में बसपा पूरी तरह सिमट गई। एक तरह से उन्होंने अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी मार ली। चुनाव के दौरान जिस तरह से मायावती के भतीजे और उत्तराधिकारी ने भाजपा पर निशाना साधा था। मायावती ने चुनाव के दौरान ही उसे घर बैठा दिया था। जिसका उत्तर प्रदेश के साथ-साथ सभी राज्यों में तीव्र प्रभाव पड़ा। दलितों ने मान लिया बहन जी भाजपा के साथ मिल गई हैं।

## भाजपा के प्रति नाराजी

भारतीय राजनीति में ब्राह्मणों की नाराजी भारतीय जनता पार्टी को भारी पड़ती दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नए मंत्रिमंडल में कांग्रेस छोड़कर आए,जतिन प्रसाद को केंद्र में मंत्री बना दिया है। भाजपा के तीन अन्य ब्राह्मण नेताओं को उम्मीद थी, कि उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। मंत्रिमंडल में महेश शर्मा, सुधांशु द्विवेदी आशा कर रहे थे,कि उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान मिलेगा। लेकिन उन्हें निराशा मिली है। ब्राह्मणों को लग रहा है, भारतीय जनता पार्टी में उन्हें जो स्थान मिलना चाहिए, वह नहीं मिल पा रहा है। ब्राह्मण समुदाय और ब्राह्मण नेताओं की यह नाराजी, अब खुलकर देखने को मिल रही है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1905: शास्त्रीय संगीत की साधिका हीरा बाई बरोड़कर का जन्म हुआ. 1940: द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मन सैनिकों ने पेरिस पर अधिकार किया था. 1941: अमरीका ने अपने यहाँ इटली और जर्मनी की संपत्तियों को जब्त कर लिया. 1948: बर्मा स्वतंत्रत हुआ. 1949: वियतनाम की स्थापना हुई. 1962: यूरोपीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र की स्थापना पेरिस में 1964: पश्चिम पाकिस्तान में बाढ़ और तूफान से 250 लोगों की मौत हुई. 1975: सोवियत संघ ने शुक्र ग्रह के रहस्यों की खोज के लिए अंतरिक्षयान का प्रक्षेपण किया. 1989: चीन ने कई पत्रकारों को अपने यहाँ से निष्कासित करके अमरीका को हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी. 1993: कंबोडिया में राजकुमार सिंहनुक की प्रशासनाध्यक्ष के रूप में बहाल हुए.

## दैनिक पंचांग

14 जून 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.21 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | कर्क | 07.35 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 09.51 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 12.03 बजे से |
| गुरु | वृष में | तुला | 14.13 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 16.28 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 18.44 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 20.49 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 22.36 बजे से |
| | | मीन | 00.08 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | मेष | 01.39 बजे से |
| | | वृष | 03.19 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 166 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** अष्टमी 00.05 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी अहोरात्र। **योग** सिद्धि(असृक) 19.07 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 10.49 बजे तदनन्तर बव 00.05 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 7.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 17' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872010 **जूलियन दिन** 2460475.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 07 **विशेष** मासिक दुर्गा अष्टमी, धूमावती जयंती, विश्व रक्तदान दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीएलटी ने दिवालियापन पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया 60 दिन का अतिरिक्त समय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) ने बंद हो चुकी विमानन कंपनी गो फर्स्ट को दिवाला प्रक्रिया पूरी करने के लिए 60 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। यह कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया गया चौथा विस्तार हैं। कंपनी खरीदार खोजने के लिए संघर्ष कर रही है। इससे पहले दिवाला अधिकरण ने आठ अप्रैल को 60 दिन का विस्तार दिया था जो तीन जून 2024 को समाप्त हो गया था। गो फर्स्ट को अब तीन अगस्त 2024 तक की मोहलत दी गई है। दिल्ली स्थित एनसीएलटी पीठ ने विस्तार देते हुए कहा, 'यह अंतिम विस्तार है। दो सदस्यीय पीठ ने विस्तार की मांग करने पर समाधान पेशेवर को भी कड़ी फटकार लगाई। 'रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) की ओर से पेश हुए वकील ने अधिकरण को सूचित किया कि वे यह विस्तार दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद उत्पन्न असाधारण स्थिति के कारण मांग रहे हैं, जिसमें डीजीसीए को उसके सभी 54 विमान का पंजीकरण रद्द करने को कहा गया था। आरपी के अनुसार, जिन लोगों ने एयरलाइन खरीदने में रुचि दिखाई है उन्होंने अपने प्रस्तावों को संशोधित कर दिया है और ऋणदाताओं को अभी उन पर विचार करना है। इसलिए 60 दिन का विस्तार आवश्यक है। दिवाला एवं दिवालियापन संहिता (आईबीसी) के अनुसार सीआईआरपी को 330 दिन के भीतर पूरा करना अनिवार्य है। इसमें मुकदमेबाजी के दौरान लगने वाला समय भी शामिल है। संहिता की धारा 12(1) के अनुसार सीआईआरपी को 180 दिन के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। गो फर्स्ट ने पिछले साल तीन मई को उड़ानों का संचालन बंद कर दिया था।

### सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर, चांदी में बेतहाशा गिरावट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप आज सोना-चांदी खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो आपके लिए आपके लिए अच्छी खबर है। गुरुवार 13 जून 2024 को चांदी की कीमतों में 2,000 रुपए तक की भारी गिरावट देखने को मिली है। वहीं सोना भी कल के मुकाबले 600 रुपए प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। चांदी के भाव में 2,000 रुपए की गिरावट के बाद यह फिलहाल 88,500 रुपए प्रति किलोग्राम के आसपास बनी हुई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी के भाव में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है और यह कल के मुकाबले 1921 रुपए प्रति किलोग्राम तक सस्ती होकर 88,524 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। बुधवार को वायदा बाजार में चांदी 90,554 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुई थी। वायदा बाजार में चांदी के साथ-साथ सोने की कीमतों में भी गिरावट देखी जा रही है। स्ष्ट्रङ्ग पर सोना कल के मुकाबले 582 रुपए सस्ता होकर 71,388 रुपए पर आ गया है। बुधवार को सोना 71,970 रुपए के भाव पर बंद हुआ था। घरेलू बाजार के साथ विदेशी बाजारों में भी सोने-चांदी की कीमतों में जबरदस्त गिरावट देखने को मिल रही है। अमेरिका में फेड रिजर्व की रिपोर्ट पेश होने के बाद से ही सोने-चांदी के भाव कम हुए हैं।

# 14 साल से बन रहा बुलबुला, 2025 में आ सकती है 2008 से भी बड़ी गिरावट, अर्थशास्त्री को आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के एक चर्चित अर्थशास्त्री ने वैश्विक शेयर बाजार में एक बड़ी गिरावट की आशंका जताई है। रिपोर्ट के अनुसार संभवतः यह गिरावट 2008 के वित्तीय संकट से भी बदतर होगा। हैरी डेंट जो एक सबसे अधिक बिकने वाले लेखक और अर्थशास्त्री हैं, ने यह आशंका जारी की है। दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं का अध्ययन करने के लिए हैरी डेंट एक अनूठी विधि का उपयोग करते हैं और अनुमान लगाते हैं कि भविष्य में बाजार की चाल कैसी रहेगी वे बाजार से जुड़े पूर्वानुमानों के लिए अपने खास तरह के विश्लेषण का उपयोग करते हैं।




डेंट ने फॉक्स को दिए एक साक्षात्कार में कहा है कि वैश्विक बाजार में जारी मौजूदा बढ़त एक बुलबुले की तरह है जो पूरी तरह से कृत्रिम है और कम से कम 14 वर्षों से तैयार हो रहा है। यह अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व प्रोत्साहन से प्रेरित है। अर्थशास्त्री ने तर्क दिया कि अधिकांश बुलबुलों का लगभग पांच से छह साल तक पता नहीं चलता, इनके बारे में तब पता चलता है कि जब पूरी तरह नष्ट हो जाएं। उन्होंने वैश्विक बाजार में जारी तेजी की ओर इशारा करते हुए कि मौजूदा बुलबुले को कुछ अधिक समय तक खींचा जा रहा है। ऐसे में आपको 2008-09 से भी बड़ी गिरावट की उम्मीद करनी चाहिए।

डेंट के अनुसार, 2008 के वित्तीय संकट के बाद से अतिशयोक्तिपूर्ण धन पंपिंग और ढीली मौद्रिक नीति के कारण संपत्ति की कीमतें बढ़ गईं, जिससे सभी बुलबुले का बड़ा बुलबुला बन गया। कोविड महामारी से हुई आर्थिक तबाही से उबरने के लिए, अमेरिका सहित सरकारों ने ब्याज दरों को अब तक के सबसे निचले स्तर पर रखकर अर्थव्यवस्थाओं में बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन दिया, जिससे बाजार के लिहाज से हालात और भी बदतर हो गए।

### एसएंडपी में 80 प्रतिशत तो नैस्डेक में 90 प्रतिशत से अधिक की गिरावट की आशंका

डेंट ने भविष्यवाणी करते हुए कहा, 2025 में कभी भी एसएंडपी (अमेरिकी इंडेक्स) ऊपर से 80 प्रतिशत से अधिक गिर सकता है और नैस्डैक (अमेरिकी इंडेक्स) में 90 प्रतिशत से भी ऊपर की गिरावट आ सकती है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व, जिसने सबसे पिछले साल मौद्रिक सख्ती और प्रोत्साहन को कम करने की बात की थी, अब अपने प्रारंभिक रुख में नरमी लाता दिख रहा है। वित्तीय बाज़ार 2024 में फेड की ओर से ब्याज दरों में कम से कम छह कटौती की उम्मीद कर रहे थे, जिनमें से पहली कटौती की उम्मीद मार्च में की जा रही थी। हालांकि वर्तमान हालात में अब यह असंभव लगता है क्योंकि केंद्रीय बैंक ने संकेत दिया है कि वह तब तक मौद्रिक नीति में ढील देना शुरू नहीं करेगा जब तक कि उसके पास इस बात के अधिक सबूत न हों कि मुद्रास्फीति अपने दीर्घकालिक दो प्रतिशत लक्ष्य की ओर लगातार गिर रही है। हाल ही में, विश्व बैंक ने अमेरिका में लचीले उपभोक्ता खर्च के आधार पर वैश्विक विकास दर के अपने अनुमान में इजाफा किया है। विश्व बैंक को वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जो जनवरी में बैंक के अनुमानों से 2.6 प्रतिशत या 0.2 प्रतिशत अंक अधिक है। अमेरिकी बाज़ारों ने इस साल अच्छा प्रदर्शन किया है। बेंचमार्क एसएंडपी 500 सालाना आधार पर लगभग 12.99 प्रतिशत प्रतिशत मजबुत हुआ। वहीं, तकनीकी कंपनियों की बहुतायत वाले इंडेक्स नैस्डैक में लगभग 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

### एनवीडिया जैसे मजबूत शेयर भी गिरावट से हो सकते हैं प्रभावित

डेंट के अनुसार आने समय में बाजार में संभावित गिरावट से एनवीडिया जैसे मजबूत शेयर भी अछूते नहीं रहेंगे। इस गिरावट के दौरान बाजार की दिग्गज कंपनियों को भी बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। एनवीडिया जैसी कंपनियों की गुणवत्ता को स्वीकार करने के बावजूद, डेंट ने चेतावनी दी कि वे 98 प्रतिशत तक की संभावित गिरावट के साथ तेज गिरावट का दौर देख सकते हैं।

## जुलाई के दूसरे पखवाड़े में आ सकता है पूर्ण बजट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट जुलाई के दूसरे पखवाड़े में पेश कर दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि विभिन्न मंत्रालयों और पक्षों से बजट के लिए सलाह मशविरे का काम अगले हफ्ते शुरू हो सकता है। बजट से पहले 2023-24 की आर्थिक समीक्षा पेश की जाएगी।



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होकर 3 जुलाई तक चलेगा। इसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और लोक सभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। इसके बाद राष्ट्रपति लोक सभा और राज्य सभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी और उस पर चर्चा होगी। उन्होंने लिखा, 'राज्य सभा का 264वां सत्र 27 जून को शुरू होगा और 3 जुलाई तक चलेगा।' वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश किया था, जिसमें सरकारी खजाने को मजबूती देने के सरकार के संकल्प का ध्यान रखा गया था। सरकार ने राजकोषीय घाटे को 2025-26 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.5 फीसदी से नीचे लाने का लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी के 5.1 फीसदी के बराबर रहने का अनुमान लगाया गया है। बजट में यह भी पता चलेगा कि भारतीय रिजर्व बैंक से मिले 2.11 लाख करोड़ रुपए के भारी भरकम लाभांश का इस्तेमाल सरकार किस तरह करेगी। इससे सरकार को वित्तीय मोर्चे पर राहत मिलने की उम्मीद है और खर्च संभालने में भी उसे ज्यादा सहूलियत होगी। एसऐंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा है कि अगर सरकार की नीतियों में निरंतरता बनी रहती है तो वह अगले दो साल में भारत की रेटिंग को अपग्रेड कर सकती है।

## भीषण गर्मी का रेस्तरां कारोबार पर असर, 40 प्रतिशत तक गिरावट का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी में मॉल के अलावा अन्य स्थानों पर स्थित रेस्तरां के व्यवसाय में इस साल गर्मियों में 25 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। कुछ ने इसमें 40 प्रतिशत तक गिरावट आने की आशंका जतायी है। सूरज की तपिश बढ़ने और तापमान के 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से लोगों का कहीं आना-जाना दूभर हो गया है। गुरुग्राम में 'द बिग ट्री कैफे के मालिक राहुल अरोड़ा ने कहा, ''आमतौर पर हम गर्मी के समय ग्राहकों की संख्या में थोड़ी कमी देखते हैं लेकिन इस साल अत्यधिक तापमान के कारण इसमें काफी गिरावट आई है। इसका हमारे व्यवसाय पर काफी प्रभाव पड़ा है, जिससे हमारे राजस्व असर पड़ा है... उन्होंने कहा, ''रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के कारण हमारे कारोबार में 40 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है।



इस साल गर्मी में दिल्ली और इसके आसपास का तापमान अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में 29 मई को अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 79 साल का उच्चतम तापमान था। वेधशाला में 17 जून, 1945 को तापमान 46.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। भारतीय राष्ट्रीय रेस्तरां संघ (एनआरएआई) के कोषाध्यक्ष और कई रेस्तरां के मालिक मनप्रीत सिंह ने कहा कि कनॉट प्लेस जैसे बड़े बाजार केंद्रों में ग्राहकों की संख्या में गिरावट चिंता का विषय है।

सिंह ने कहा, ''आमतौर पर गर्मियों में भी लोग दोपहर में खरीदारी के लिए निकलते थे और फिर विश्राम के लिए किसी रेस्तरां में चले जाते थे, जहां वे आराम करते थे..ठंडक में बैठते थे कुछ खाते थे। इस साल ऐसा नहीं हुआ... सामान्य तौर पर कारोबार में 25 प्रतिशत की गिरावट आई है। 'अनारदाना की संस्थापक श्रुति मलिक ने कहा, ''इस वर्ष भीषण गर्मी से ग्राहकों की संख्या काफी प्रभावित हुई है, खासकर दोपहर के भोजन के समय...। इस बीच, एक असामान्य अनुरोध में खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने वाले ऑनलाइन मंच जोमैटो ने हाल ही में ग्राहकों से आग्रह किया कि वे दोपहर में अत्यधिक गर्मी के समय 'ऑर्डर देने से बचें। जोमैटो की इस अपील को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई जहां कुछ लोगों ने कंपनी की चिंता की सराहना की, जबकि अन्य ने समस्या के वैकल्पिक समाधान सुझाए।

## पेटीएम का बड़ा फैसला, अब नहीं लाएगी खुद के जनरल इंश्योरेंस प्रोडक्ट, अन्य बीमा कंपनियों के डिस्ट्रिब्यूशन पर बना रहेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिनटेक फर्म पेटीएम अब इंश्योरेंस बिजनेस में नहीं उतरेगी। कंपनी ने अपनी योजना में बदलाव किया है और अब उसे इसके लिए बीमा नियामक इरडा की मंजूरी भी मिल गई है। कंपनी का फोकस खुद के इंश्योरेंस प्रोडक्ट लाने के बजाय अन्य बीमा कंपनियों के प्रोडक्ट के डिस्ट्रिब्यूशन पर बना रहेगा।

पेटीएम ब्रांड के तहत वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड बिजनेस करती है। कंपनी ने कुछ समय पहले बीमा के कारोबार में उतरने का मन बनाया था। उसके लिए पेटीएम जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के नाम से एक सब्सिडियरी बनाई गई थी, जिस बीमा नियामक इरडा के पास रजिस्टर कराया जा चुका था। अब कंपनी की योजना अलग हो चुकी है। उसने पेटीएम जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड का रजिस्ट्रेशन विड्रॉ करने के लिए अप्लाई किया था, जिसे इरडा ने मंजूर कर दिया है।




### इरडा ने दी ये जानकारी

एक रिपोर्ट में इरडा के हवाले से इसकी जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, बीमा नियामक ने 12 जून के एक लेटर में पेटीएम जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड का रजिस्ट्रेशन विड्रॉ किए जाने की जानकारी दी है। इरडा ने बताया है कि पेटीएम जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने रजिस्ट्रेशन विड्रॉ करने का आवेदन दिया था, जिसे मंजूर कर लिया गया है। पेटीएम पहले से इंश्योरेंस डिस्ट्रिब्यूशन के बिजनेस में काम कर रही है। पेटीएम यह बिजनेस पेटीएम इंश्योरेंस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम से करती है। इस बिजनेस के तहत कंपनी हेल्थ इंश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस, मोटर इंश्योरेंस, शॉप इंश्योरेंस, गैजेट इंश्योरेंस आदि जैसे सेगमेंट में विभिन्न बीमा कंपनियों के प्रोडक्ट को डिस्ट्रीब्यूट करती है। पेटीएम को इस साल की शुरुआत में बड़ा झटका लगा था। रिजर्व बैंक ने जनवरी महीने के अंत में उसके बिजनेस के एक सेगमेंट पर एक्शन लिया था। आरबीआई का एक्शन पेटीएम समूह की बैंकिंग यूनिट पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर हुआ था। उसके बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बिजनेस बंद हो चुका है। आरबीआई के एक्शन से पेटीएम वॉलेट, फास्टैग जैसी सेवाओं पर असर हुआ है। हालांकि कंपनी यूपीआई एग्रीगेटर ऐप के रूप में अब भी सेवाएं दे रही है लेकिन आरबीआई के एक्शन के बाद यूपीआई के बाजार में उसकी हिस्सेदारी तेजी से कम हो रही है।

## कम होने वाली हैं एफडी की ब्याज दरें, एसबीआई चेयरमैन ने दिया संकेत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि एफडी पर ब्याज दरें अपने चरम पर हैं और मध्यम अवधि में इनके नीचे आने की उम्मीद है। देश के सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक ने यह भी कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही से ब्याज दर चक्र को आसान बनाना शुरू कर सकता है। पिछले सप्ताह आरबीआई ने मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच महंगाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए लगातार आठवीं बार अपनी प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखा था। खारा ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि अक्टूबर से शुरू होने वाली तीसरी तिमाही में शायद खुदरा महंगाई चार प्रतिशत की ओर बढ़ने की कुछ संभावना होगी और वह सही समय होगा जब हम रिजर्व बैंक से नीतिगत दर में कुछ कटौती की उम्मीद कर सकते हैं' यानी अक्टूबर से एफडी पर ब्याज दरों में कटौती हो सकती है। रेपो रेट घटाने के बाद बैंक भी ब्याज घटाएंगे। स्विट्जरलैंड, स्वीडन, कनाडा और यूरो क्षेत्र जैसी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के कुछ केंद्रीय बैंकों ने वर्ष 2024 के दौरान दरों को कम करने का चक्र शुरू कर दिया है। दूसरी ओर, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की बाजार उम्मीदें, जो पहले अधिक थीं, अब कम हो गई हैं। जहां तक बैंकिंग प्रणाली में ब्याज दर का सवाल है, खारा ने कहा कि कमोबेश ये पहले ही चरम पर हैं। उन्होंने कहा, 'आगे जाकर, हमें कुछ मामूली बदलाव देखने को मिलेंगे। मुझे लगता है, अगर हम ब्याज दर के मध्यम अवधि के प्रक्षेपवक्र को देखें, तो शायद इसमें गिरावट का रुख होगा।' पिछले महीने एसबीआई ने चुनिंदा अल्पकालिक परिपक्वता वाली सावधि जमा पर ब्याज दरों में 0.75 प्रतिशत तक की वृद्धि की थी।

## एटीएम से पैसे निकालने पर देना होगा अधिक चार्ज, एटीएम ऑपरेटरों ने आरबीआई से की फीस बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एटीएम से पैसा निलालने वालों से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। आपको तय फ्री लिमिट के बाद कैश निकालने पर ज्यादा शुल्क चुकाने पड़ सकते हैं। दरअसल, देश के एटीएम ऑपरेटरों ने कैश निकासी पर ग्राहकों की ओर से भुगतान किए जाने वाले इंटरचेंज फीस में बढ़ोतरी की मांग की है। एटीएम ऑपरेटर ने इस सिलसिले में भारतीय रिजर्व बैंक भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से संपर्क किया है। एटीएम उद्योग परिसंघ चाहता है कि इस इंटरचेंज फीस को बढ़ाकर अधिकतम 23 रुपए प्रति ट्रांजेक्शन किया जाए ताकि बिजनेस के लिए ज्यादा फंडिंग जुटाई जा सके। एटीएम बनाने वाली कंपनी एजीएस ट्रांजैक्ट टेक्नोलॉजीज के कार्यकारी निदेशक स्टेनली जॉनसन ने कहा, दो साल पहले इंटरचेंज रेट में बढ़ोतरी की गई थी। हम आरबीआई से संपर्क कर रहे हैं और उम्मीद है कि वे इसका समर्थन करेंगी। हमने फीस को बढ़ाकर 21 रुपए करने की अपील है, जबकि कुछ अन्य एटीएम बनाने वाली कंपनियों ने इसे बढ़ाकर 23 रुपए करने की मांग की है। पिछली बार, इसे बढ़ाने में कई साल लग गए थे लेकिन मुझे लगता है कि सभी लोग एकमत हैं और यह केवल समय की बात है कि फीस में बढ़ोतरी कब होगी।




### 2021 में हुई थी बढ़ोतरी

बता दें कि साल 2021 में एटीएम ट्रांजैक्शन पर इंटरचेंज फीस 15 रुपए से बढ़ाकर 17 रुपए कर दी गई थी। एटीएम इंटरचेंज वह फीस होती है जो कार्ड जारी करने वाले बैंक (जारीकर्ता) की ओर उस बैंक को दिया जाता है जहां कार्ड का इस्तेमाल नकदी निकालने के लिए किया जाता है। एक अन्य एटीएम निर्माता ने कहा, इंटरचेंज रेट बढ़ाने के लिए हर जगह अपनी मांगों को उठाया गया है। एनपीसीआई के माध्यम से एक प्रतिनिधित्व भेजा गया है और बैंक भी फीस पर बढ़ोतरी के लिए राजी है। इंटरचेंज शुल्क में वृद्धि एनपीसीआई द्वारा लिया गया निर्णय है क्योंकि दर उनके द्वारा तय की जाती है। मालूम हो कि मौजूदा समय में देश के छह मेट्रो शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई और नई दिल्ली में बैंक अपने बचत बैंक खाताधारकों को एक महीने में न्यूनतम पांच फ्री ट्रांजैक्शन की सुविधा देते हैं, जबकि किसी अन्य बैंक के एटीएम पर तीन बार लेन-देन फ्री है।

## रिलायंस कैपिटल को खरीदने में हिंदुजा ग्रुप को करनी पड़ रही मशक्कत, एनसीएलटी से मांगा और समय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए हिंदुजा ग्रुपको काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्रुपने एनसीएलटी में एक आवेदन देकर लेंडर्स को अंतिम भुगतान करने के लिए और समय मांगा है। हिंदुजा ग्रुपकी कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स ने अक्टूबर 2023 में रिलायंस कैपिटल के लिए 9,850 करोड़ रुपए की सबसे बड़ी बोली लगाई थी। आइआइएचएल को इस अधिग्रहण को पूरा करने के लिए इंश्योरेंस रेगुलेटर समेत सभी अहम मंजूरियां मिल चुकी हैं। रिलायंस कैपिटल की इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग को पूरा करने और भुगतान करने की समय सीमा 27 मई थी। हिंदुजा ग्रुपका कहना है कि डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड से विदेशी निवेश के लिए मंजूरी मिलने में देरी हुई है, इसलिए उसे इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए और समय चाहिए। रिलायंस कैपिटल के लेंडर्स का आरोप था कि आईआईएचएल द्वारा आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने में विफलता का खामियाजा कॉरपोरेट देनदार और उसके वित्तीय लेनदारों को नहीं उठाना चाहिए। मंजूरी मिलने में देरी पूरी तरह से आईआईएचएल के आचरण के कारण है। आईआईएचएल ने अपने आवेदन में दावा किया है कि सभी मंजूरियां प्राप्त करना उसकी अकेले की जिम्मेदारी नहीं है, क्योंकि अधिकांश मंजूरियों के लिए प्रशासक या कॉर्पोरेट देनदार की परिचालन सहायक या सहयोगी कंपनियों के माध्यम से आवेदन करना आवश्यक है, इसलिए यह ग्रुपके हाथ में नहीं है। 2,750 करोड़ रुपए की इक्विटी निवेश के बारे में आवेदन में कहा गया है कि ग्रुपने अपने ऑडिटर्स डी एंड जी एसोसिएट्स एलएलपी के जरिए एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है। यह इस बात का प्रमाण है कि ग्रुप इक्विटी पूंजी निवेश करने के अपने दायित्व को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है।




### कितना है कर्ज

कंपनी ने कहा कि सर्टिफिकेट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इक्विटी भागीदारी के लिए 300 मिलियन (लगभग 2,500 करोड़) की धनराशि निर्धारित की गई है। आवेदक के निदेशक मंडल द्वारा पारित प्रस्ताव द्वारा भी इसका समर्थन किया गया। रिलायंस कैपिटल में करीब 20 फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां हैं। इनमें सिक्योरिटीज ब्रोकिंग, इंश्योरेंस और एक एआरसी शामिल है। आरबीआई ने भारी कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को 30 नवंबर 2021 को भंग कर दिया था और इसके खिलाफ इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग शुरू की थी। रिलायंस कैपिटल पर 40,000 करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है।

## संक्षिप्त समाचार

### सात मासूमों को मौत के घाट उतारने की दोषी महिला पर फिर शुरू हुआ मुकदमा

**लंदन, एजेंसी।** बच्चों की हत्या के आरोप में दोषी महिला पर ब्रिटेन में फिर से मुकदमा शुरू किया गया है। महिला पर अब एक नवजात बच्ची की हत्या के प्रयास का आरोप है। आरोपी महिला लूसी लेटबी ने हत्या की कोशिश वहीं की, जिस अस्पताल में वह काम करती थी। जानकारी के अनुसार, लेटबी पर आरोप है कि फरवरी 2016 में उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के काउंटेस ऑफ चेस्टर अस्पताल में उसने समय से पहले जन्में एक नवजात को मारने की कोशिश की थी। अदालत में सुनवाई के दौरान वकील निक जॉनसन ने आरोप लगाया कि आरोपी नर्स को एक वरिष्ठ डॉक्टर ने लगभग रंगे हाथों पकड़ लिया था। वकील ने बताया कि आरोपी ने शिशु की श्वास नली को हटा दिया था। शिशु वेंटिलेटर पर थी। वकील ने समझाया कि यदि शिशु की हृदय गति या रक्त में ऑक्सीजन का स्तर निश्चित स्तर से नीचे गिरता है तो अलार्म बज जाएगा। लेकिन जब बाल रोग विशेषज्ञ रवि जयराम नर्सरी में गए तो उन्होंने देखा कि लेटबी बच्ची के पास खड़ी थी। बच्ची का ऑक्सीजन स्तर लगातार गिर रहा था, लेकिन उसका अलार्म नहीं बजा। लेटबी बच्ची को बचाने के लिए कुछ भी नहीं कर रही थी। उन्होंने जूरी को बताया कि लेटबी को डॉ. जयराम ने रंगे हाथों पकड़ा। अदालत को वकील ने बताया कि पिछले साल लेटबी को 2015 और 2016 के बीच सात शिशुओं की हत्या और छह शिशुओं की हत्या के प्रयास के लिए दोषी ठहराया गया था। वकील की तमाम दलीलों के बीच, कटघरे में बैठी लेटबी ने हत्या के प्रयास से इनकार कर दिया। लेटबी के वकील बेन मायर्स ने कहा कि एक बार दोष सिद्ध होने से यह साबित नहीं किया जा सकता कि हत्या के प्रयास की आरोपी भी वही है। हम आपके सबूतों का समर्थन नहीं करते। हम तमाम आरोपों को खारिज करते हैं।



### चीन के प्रधानमंत्री पहुंचे न्यूजीलैंड, सुरक्षा मामलों पर हो सकती चर्चा

**वेलिंगटन, एजेंसी।** चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड पहुंचे जहां दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों का जश्न मनाने के साथ ही दक्षिण प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा किए जाने की उम्मीद है। क्विंग की यह यात्रा पश्चिमी लोकतंत्रों में अपने सबसे करीबी साझेदार देश की एक महत्वपूर्ण यात्रा है। चीन के दूसरे सबसे बड़े नेता ली 2017 में ली कीक्विंग की यात्रा के बाद न्यूजीलैंड का दौरा करने वाले पहले चीनी प्रधानमंत्री हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया का भी दौरा करेंगे। चीनी प्रधानमंत्री की यह यात्रा ऑस्ट्रेलिया और चीन के बीच हाल के वर्षों में रिश्तों में आया तनाव कम होने के बाद हुई है। समझा जाता है कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन इस सप्ताह सार्वजनिक बयानों में चीन के साथ व्यापारिक संबंधों की सराहना करेंगे। चीन दक्षिण प्रशांत देश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 22 अरब अमेरिकी डॉलर है। दोनों देशों के बीच 2008 में एक द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये थे। ली की यह यात्रा 2014 में हस्ताक्षरित संबंधों को मजबूत करने के संकल्प की 10वीं वर्षगांठ का प्रतीक है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आखिरी बार वेलिंगटन का दौरा किया था। लक्सन ने सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत में इस यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि इससे व्यापार के नए अवसर पैदा होंगे। ली शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की राजधानी जाएंगे। हाल के वर्षों में ऑस्ट्रेलिया से बीजिंग के संबंध संतोषजनक नहीं रहे हैं।

### जॉर्डन ने की अल-अक्सा मस्जिद परिसर में इजराइली घुसपैठ की निंदा



**अम्मान, एजेंसी।** जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने इजराइली पुलिस की देखरेख में अल-अक्सा मस्जिद परिसर में इजराइलियों की घुसपैठ की निंदा की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि बुधवार को हुई घुसपैठ की नवीनतम घटना की निंदा करते हुए जॉर्डन ने मस्जिद परिसर के अंदर इजराइलियों को बसाने की कवायद को भड़काऊ और इसकी पवित्रता का उल्लंघन बताया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि, यह एक व्यवस्थित इजराइली नीति को दर्शाता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है। जॉर्डन ने इजराइल से मस्जिद परिसर में हो रहे घुसपैठ को रोकने और इसकी पवित्रता का सम्मान करने का आग्रह किया। गौरतलब है कि अल-अक्सा मस्जिद परिसर, जिसे यहूदी लोग टेंपल माउंट के नाम से जानते हैं, मुसलमानों और यहूदियों के लिए समान रूप से महत्व रखता है। इसे लेकर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद जारी है। 1994 में जॉर्डन और इजराइल के बीच हुए शांति समझौते के अनुसार पूर्वी यरुशलम में स्थित मस्जिद परिसर की देखरेख की जिम्मेदारी जॉर्डन की है। 1967 के मध्य पूर्व युद्ध के बाद इजराइल ने इस क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है।

# अर्जेंटीना में आर्थिक सुधार बिल के खिलाफ सड़कों पर लोग: गाड़ियां जलाई, पेट्रोल बम फेंके



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना में राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के आर्थिक सुधार बिल के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बुधवार को सीनेट में बिल पेश होने के साथ ही राजधानी ब्यूनस आयर्स में लोग सड़कों पर उतरे। लोगों ने कांग्रेस (संसद) के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें हटाने के लिए आंसू गैस, रबर बुलेट और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। बीबीसी न्यूज के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल बम फेंके और पत्थरबाजी भी की। इस दौरान पुलिस की एक गाड़ी में तोड़फोड़ कर उसे आग के हवाले कर दिया गया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने देश बिकाऊ नहीं है का नारा भी लगाया। प्रदर्शनकारियों ने बाड़ों को पार कर संसद में घुसने की कोशिश भी की। उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों पर पत्थर फेंके। इस पर अफसरों ने उन्हें हटाने के लिए मिर्ची के स्प्रे का इस्तेमाल किया। प्रदर्शन में विपक्ष के कई सांसदों ने भी हिस्सा लिया। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक, झड़प के दौरान 20 पुलिसकर्मी समेत की लोग घायल हुए। वहीं पुलिस ने 18 लोगों को गिरफ्तार किया। घायल सांसदों को भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए लाया गया बिल अर्जेंटीना की खस्ता हाल अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए दक्षिणपंथी राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ने संसद में एक बिल पेश किया है। इसके तहत देश में आर्थिक इमरजेंसी की स्थिति घोषित करने की बात कही गई है। इसके अलावा पेंशन में कटौती और श्रम अधिकारों को कम करने का प्रावधान भी रखा गया है। इस प्रस्ताव का वामपंथी राजनीतिक दल, लेबर यूनियन और सामाजिक संगठन विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह बिल देश को 100 साल पीछे ले जाएगा। प्रस्ताव को फरवरी में अर्जेंटीना की संसद के लोअर हाउस (चेंबर ऑफ डेप्यूटीज) में पेश किया गया था। 2 महीनों तक चली बहस के बाद यह अप्रैल में पास हो गया। इसके बाद बुधवार को इसे सीनेट (अपर हाउस) में रखा गया। यहां शुरुआत में यह 36-36 वोटों के साथ टाई हो गया। हालांकि, सीनेट की अध्यक्ष और उपराष्ट्रपति विक्टोरिया विलारुएल ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। विक्टोरिया ने कहा, मेरा वोट उन लोगों के लिए है, जिन पर आर्थिक तंगी का सबसे ज्यादा असर हो रहा है, जो सुधार का इंतजार कर रहे हैं और जो अपने बच्चों को देश छोड़कर जाते नहीं देखना चाहते। अब इस बिल के हर पॉइंट पर चर्चा होगी, जिसके बाद इसे लागू करने के लिए दोबारा लोअर हाउस भेजा जाएगा। अर्जेंटीना में महंगाई दर 300प्रतिशत पहुंच चुकी है। जैसे-जैसे लागत बढ़ रही है, देश में गरीबी भी बढ़ती जा रही है। पिछले साल नवंबर में हुए एक सर्वे के मुताबिक देश में 40प्रतिशत से ज्यादा आबादी गरीब है। राष्ट्रपति का दावा है कि नए सुधारों से महंगाई दर काबू में आएगी। साथ ही देश पर कर्ज के बोझ को भी कम किया जा सकेगा। हालांकि, उनके आलोचकों ने आशंका जताई है कि भारी कटौती से स्थिति और खराब होगी। जेवियर को अर्जेंटीना का पागल आदमी कहते हैं आलोचक अर्जेंटीना के कट्टर राष्ट्रवादी और दक्षिणपंथी नेता जेवियर ने पिछले साल नवंबर में राष्ट्रपति पद संभाला था। उन्होंने वादा किया था कि वे सरकारी खर्च पर लगाम लगाएंगे। इसके लिए वे चुनावी कैंपेन के दौरान आरी लेकर भी पहुंचे थे। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, जेवियर को उनके आलोचक अकसर 'पागल आदमी' कहते हैं।

चुनावी कैंपेन के दौरान जेवियर ने वादा किया था कि वे गन लॉ यानी बंदूक रखने के कानूनों को लचीला बनाएंगे। देश में 2020 में गर्भपात कानून को मंजूरी दी गई थी। वो इसे भी खत्म करेंगे और ह्यूमन ऑर्गन्स यानी मानव अंगों की खरीद-फरोख्त को मंजूरी देंगे।

## पाकिस्तान का नया बजट: सरकारी कर्मचारियों की वेतन 25 फीसदी बढ़ाने की तैयारी, सेना पर खर्च सबसे ज्यादा



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार के वित्तमंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने बुधवार को वित्त वर्ष 24-25 के लिए पाकिस्तानी बजट पेश किया जिसमें उन्होंने सरकारी कर्मचारियों की वेतन को 25 फीसदी तक बढ़ाने की बात कही। अपने बजट भाषण में मंत्री ने कहा कि हमें पेंशन के ऊपर लगातार एक बड़ा हिस्सा खर्च करना पड़ता है, जो साल दर साल लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हम पेंशन स्कीम में नए तरह के रिफार्म लेकर आए हैं जिससे यह विश्व की कुछ बेहतरीन पेंशन व्यवस्थाओं जैसी हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि नए कर्मचारियों के लिए हम एक नई पेंशन व्यवस्था लेकर आए हैं। जिसमें कर्मचारियों से भी वेतन का कुछ हिस्सा पेंशन फंड हर महीने जमा करवाया जाता है, और कुछ हिस्सा सरकार उसमें जमा करेगी। इस पेंशन फंड के चलते कर्मचारियों पर पड़ने वाले आर्थिक दबाव के बारे में बात करते हुए मंत्री ने कहा कि हम जानते है कि महंगाई ज्यादा है इसके कारण हम कर्मचारियों की 25 फीसदी वेतन को बढ़ाएंगे। पाकिस्तान की यह नई पेंशन व्यवस्था भारतीय नई पेंशन स्कीम की तरह ही है, भारत में इस पेंशन व्यवस्था के खिलाफ लगातार लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। पाकिस्तान कि सरकार का यह बजट 67.84 बिलियन डॉलर का है, जिसमें उन्होंने इस वित्तवर्ष में 3.6 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर प्राप्त करने की उम्मीद जताई। लगातार आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे पाकिस्तान के लिए यह बजट इंफ्ल से नया बेल आउट पैकेज प्राप्त करने में मदद कर सकता है। पाकिस्तान ने अपनी सेना के ऊपर करीब 2.1 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपया खर्च करने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही 1 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपया पेशन फंड के ऊपर खर्च करने का लक्ष्य रखा है।

## कनाडा के बाद इटली में जहर घोलने की कोशिश! खालिस्तानियों ने तोड़ी महात्मा गांधी की मूर्ति

**इटली, एजेंसी।** खालिस्तान समर्थक आए दिन भारत के खिलाफ जहर उगलने का काम कर करते रहते हैं। कनाडा और भारत की बीच पिछले कुछ दिनों से तनाव की बड़ी वजह यहां खालिस्तान समर्थकों को मिल रही छूट है। इस बीच अब दक्षिण यूरोप के देश इटली में भी ऐसी ही एक घटना सामने आई है। जिसमें खालिस्तान समर्थकों ने एक पार्क में लगी महात्मा गांधी की मूर्ति तोड़ दी। इस घटना को लेकर इटली में भारत की राजदूत वाणी राव ने कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, यह घटना ब्रिंडिसि नामक शहर में हुई, जो दक्षिणी इटली में है। इतालवी स्थानीय अधिकारियों ने कार्रवाई की है प्रतिमा के पेडस्टल को साफ करने के लिए हमने तुरंत उनके साथ अपनी चिंताओं को उठाया है, हमने उनसे जिम्मेदार लोगों का पता लगाने और स्थानीय कानून के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इस बीच कुवैत में आग की घटना के दौरान भारतीयों की मौत पर पीएम मोदी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, कुवैत शहर में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। कुवैत में भारतीय दूतावास बारीकी से निगरानी कर रहा है। स्थिति और प्रभावितों की सहायता के लिए वहां के अधिकारियों के साथ काम कर रहे हैं।

# चीन को है गधों की जरूरत, पाकिस्तान के पास जरूरत से ज्यादा, होगी डील?

**बीजिंग, एजेंसी।** पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति काफी पतली है। इस बीच साल 2023-24 के वहां एक आर्थिक सर्वेक्षण कराया गया, जिसमें गधों की आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि का पता चला है। आज के समय में पाकिस्तान में 60 लाख के करीब गधे हैं। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 1.72 प्रतिशत अधिक है। गधों की आबादी में वृद्धि के बावजूद पाकिस्तान का समग्र आर्थिक प्रदर्शन उम्मीदों से काफी पीछे रहा है। आगे भी कोई राहत के आसार नहीं दिख रहे हैं। चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में केवल 2.4 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। आपको बता दें कि वहां की सरकार ने 3.5 प्रतिशत का रक्षा था। गधों की आबादी में वृद्धि ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों के लिए पॉजिटिव हो सकते हैं। हालांकि यह आर्थिक विकास मेट्रिक्स पर बिल्कुल विपरीत है। अर्थव्यवस्था का खराब प्रदर्शन पाकिस्तान के विकास में आने वाली चुनौतियों को उजागर करता है।

**चीन को क्यों है गधों की जरूरत :** पाकिस्तान में जहां गधों की संख्या में भारी वृद्धि हो रही है, वहीं चीन को और गधों की जरूरत है। ऐसा इसलिए कि वहां द्न-छुद्बद्धुश नाम की एक दवा का इस्तेमाल होता। इसके लिए चीन में भारी संख्या में गधों को मारा जाता है। इस दवा को बनाने के लिए गधे की खाल का इस्तेमाल होता है। कहा जाता है कि इस दवा के इस्तेमाल से चीन के लोगों में खून की कमी दूर होती है।



प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। इनके अलावा भी और कई बीमारियों में इसका इस्तेमाल होता है। इस दवा को बनाने के लिए चीन को भारी संख्या में गधों की आवश्यक्ता है और इसकी पूर्ति के लिए दुनिया के कई देशों को गधा खरीदता है। पाकिस्तान इसकी कोशिश में लगा है कि चीन के साथ गधों को लेकर एक डील की जा सके। पाकिस्तान में गधे ग्रामीण आर्थिक जीवन की शक्ति गधे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, खासकर ग्रामीण इलाकों में। ये जानवर माल ढोने और लोगों के लिए परिवहन के तौर पर काम करते हैं। इसके अलावा, कृषि कार्य और कई परिवारों के लिए आजीविका के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। गधे कुछ उद्योगों और समुदायों के लिए भी आवश्यक हैं। उनकी उपयोगिता उन क्षेत्रों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जहां परिवहन की व्यवस्था काफी कमजोर है। गधों को कई ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक ताने-बाने का एक अभिन्न अंग बनाता है।

## कनाडा में विदेशी सरकारों के हस्तक्षेप पर बवाल, सांसद बोलीं जानबूझकर नहीं किया देश के साथ विश्वासघात

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा में सांसदों की राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया समिति (एन.एस.आई.सी.ओ.पी.) की उस रिपोर्ट पर बवाल मचा हुआ है, जिसमें आरोप लगाए गए हैं कि कुछ सांसदों ने कनाडा की राजनीति में विदेशी सरकारों को सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करने में मदद की है। इस रिपोर्ट को लेकर ग्रीन पार्टी की नेता व सांसद एलिजाबेथ मे ने कहा कि उन्होंने विदेशी हस्तक्षेप पर अत्यधिक प्रचारित खुफिया निगरानी संस्था की रिपोर्ट का मूल संस्करण पढ़ा है और उन्हें नहीं लगता कि उनके हाउस ऑफ कॉमन्स के किसी भी सहकर्मी ने जानबूझकर अपने देश के साथ विश्वासघात किया है।

**रिपोर्ट में क्या लगाए गए हैं आरोप :** पिछले हफ्ते जारी की गई एन.एस.आई.सी.ओ.पी. रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ सांसद कनाडा की राजनीति में हस्तक्षेप करने के विदेशी राज्यों के प्रयासों में जानबूझकर भागीदार हैं। एलिजाबेथ कहा कि मुझे इस बात से बहुत राहत मिली है कि ऐसे सांसदों की कोई सूची नहीं है जिन्होंने कनाडा के प्रति बेवफाई दिखाई है। उन्होंने कहा कि



रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कुछ सांसदों ने विदेशी राज्यों के साथ मिलीभगत की है, क्या उन पर आरोप लगाया जा सकता है? एलिजाबेथ ने कहा कि वह वर्गीकृत खुफिया जानकारी देख सकती हैं और उन्हें बीते सोमवार रात एन.एस.आई.सी.ओ.पी.के अप्रकाशित संस्करण तक पहुंच प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद से इस पर प्रतिक्रियाओं ने मीडिया ने भड़का दिया है।

**भारत का भी है आरोपों में जिक्र :** ग्रीन पार्टी की नेता ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैंने पूरी रिपोर्ट पढ़ी। मैं अपने सहकर्मियों के साथ बैठकर बहुत सहज महसूस करती हूं। एन.एस.आई.सी.ओ.पी. की संपादित रिपोर्ट में कुछ सांसदों द्वारा विशेष रूप से चिंताजनक व्यवहार का वर्णन किया गया है। इसमें कहा गया है कि कुछ निर्वाचित अधिकारियों ने अपने चुनाव के तुरंत बाद जानबूझकर विदेशी राज्य अभिनेताओं की सहायता करना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि संसद के अनाम सदस्यों ने भारत की ओर से अपने सहकर्मियों को प्रभावित करने का काम किया और सक्रिय रूप से भारतीय अधिकारियों को गोपनीय जानकारी प्रदान की। केस स्टडी में ऐसे लोग शामिल थे जो वर्तमान में संसद में सेवारत नहीं हैं। मीडिया को दिए बयान में एलिजाबेथ ने बताया कि एन.एस.आई.सी.ओ.पी. की रिपोर्ट के मुताबिक भारत द्वारा राजनीतिक हस्तक्षेप में उन्हें वर्गीकृत जानकारी का खुलासा करने से बचने के लिए सावधानी से कदम उठाना पड़ा, उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में मुट्ठी भर से भी कम सांसदों के नाम सूचीबद्ध हैं, जिनके साथ विदेशी सरकारों ने समझौता किया हो सकता है। मे ने कहा कि एन.एस.आई.सी.ओ.पी. की रिपोर्ट में सबसे परेशान करने वाला मामला एक पूर्व सांसद का था।

## जानवरों की तरह ठूंस रखा था लोगों को, आग इतनी तेजी से फैली कि बचने का मौका न मिला

**कुवैत सिटी/कोल्लम , एजेंसी।** कुवैत की छह मंजिला इमारत में लगी आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को जान बचाने का मौका तक न मिला। कुवैत टाइम्स ने दमकल कर्मियों के हवाले से बताया कि इमारत के भूतल पर बने रसोई घर में बुधवार सुबह करीब 6 बजे अचानक सिलेंडर फटने से आग लगी। कुवैत फायर डिपार्टमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल अली ने एक भारतीय मीडिया समूह को बताया, इमारत में 160 से ज्यादा मजदूर थे और ज्यादातर भारतीय थे। कुछ पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मजदूरों के भी रहने की पुष्टि हुई है। सभी एक ही कंपनी के लिए काम करते थे। अली ने कहा, आग बहुत तेजी से फैली। मजदूरों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। कई लोगों को इमरजेंसी सर्विस के जरिये निकाला गया। हादसे में 30 से ज्यादा जख्मी हैं। कुवैत के गृह मंत्री शेख फहद ने कहा, जो हुआ वह कंपनी और भवन मालिकों के लालच का परिणाम है। उन्होंने इमारतों में जानवरों की तरह श्रमिकों को ठूंसने के मामले में कुवैत नगर पालिका और स्थानीय सार्वजनिक प्राधिकरण को तत्काल कार्रवाई के लिए कहा। उन्होंने इस तरह की घटनाओं के रोकथाम के लिए सभी सुरक्षा आवश्यकताएं लागू करने के निर्देश भी दिए। विदेश मंत्री जयशंकर, राहुल गांधी ने जताया शोक विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा,



दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। जो भी घायल हैं उनके जल्द से जल्द पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं। वहीं, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि इस भयावह खबर से स्तब्ध हूं। वहीं, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर कुवैत घटना में केंद्र के दखल की मांग की। कुवैत में 21 फीसदी भारतीय कुवैत खाड़ी के उन देशों में है, जहां भारतीयों की संख्या आबादी की करीब 21 फीसदी है। करीब 10 लाख भारतीय कुवैत में नीचे से लेकर शीर्ष तक के पदों पर काम करते हैं। 42 लाख लोगों का देश कुवैत, अमेरिकी राज्य न्यूजर्सी से थोड़ा छोटा है, लेकिन यहां दुनिया का छठा सबसे बड़ा ज्ञात तेल भंडार है। श्रम बल में भारतीयों की हिस्सेदारी 30 फीसदी है।

# युद्ध विराम और गाजा से इस्राइली सैनिकों की वापसी के लिए डालें दबाव, हमास ने अमेरिका से की अपील

**दोहा, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच लंबे समय से युद्ध जारी है। अमेरिकी विदेश मंत्री इन दिनों मध्य पूर्व के दौरे पर थे। दौर के आखिरी दिन उन्होंने कहा कि फलस्तीनी क्षेत्र में भयंकर लड़ाई चल रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि गाजा में संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई का समझौता अब भी संभव है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, एक दिन पहले ही इस्राइल ने लेबनान के आंतकी समूह हिजबुल्लाह के वरिष्ठ कमांडर को मौत के घाट उतार दिया, जिसके बाद उत्तरी इस्राइल पर हिजबुल्लाह रॉकेट की बारिश कर रहा है। हमास ने इस्राइल पर दबाव डालने का किया आग्रह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के युद्ध विराम प्रस्ताव को बढ़ावा देने के लिए ब्लिंकन अंतिम दिन कतर की राजधानी दोहा पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि अमेरिका सौदे को लागू करने के लिए क्षेत्रीय भागीदारों के साथ काम करेगा। हमास ने मंगलवार देर रात मध्यस्थ कतर और मिस्र को अपना जवाब प्रस्तुत किया। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ओसामा हमदान ने कहा कि हम गाजा में स्थायी युद्ध विराम और इस्राइली सैनिकों की पूर्ण वापसी चाहते हैं पर इस्राइल ने अस्वीकार कर दिया है। हमास ने ब्लिंकन से आग्रह किया है कि वे इस्राइल पर दबाव डालें। इसके अलावा, अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा कि हमास की कई मांगे मामूली नहीं है और उनकी मांगे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पास प्रस्ताव से अलग है। सुरक्षा परिषद में पहला प्रस्ताव पास बता दें, 10 जून को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से संघर्ष विराम



योजना का समर्थन किया और अपने पहले प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह प्रस्ताव अमेरिका ने पेश किया था, जो 14-0 से पास हो गया। मतदान के दौरान रूस वहां उपस्थित नहीं था। इस दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि इस्राइल ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। अमेरिका ने हमास से आह्वान किया था कि वह भी प्रस्ताव को स्वीकार करे। प्रस्ताव पर अमेरिका ने कहा कि यह इस्राइल और हमास बिना किसी शर्त के प्रस्ताव की शर्तों को पूरी तरह से लागू करें। हमास ने प्रस्ताव का किया स्वागत हमास ने सोमवार को प्रस्ताव किया। हमास ने कहा था कि वे प्रस्ताव के सिद्धांतों को लागू करने के लिए मध्यस्थों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

हमास ने कहा था कि वह उन सिद्धांतों को लागू करने के लिए अप्रत्यक्ष बातचीत करने के लिए तैयार है, जो उनकी मांगों के अनुरूप हैं। हमास ने सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव में शामिल उन सभी बातों का स्वागत किया है, जिसमें गाजा में स्थायी युद्ध विराम, पूर्ण वापसी, कैदियों की अदला-बदली, पुनर्निर्माण, विस्थापितों को उनके निवास क्षेत्रों में वापस भेजना और आवश्यक सहायता देने सहित कई सिद्धांत शामिल हैं। सात अक्तूबर से जारी है युद्ध गौरतलब है कि सात अक्तूबर की सुबह हमास द्वारा करीब 5000 रॉकेट इस्राइली शहरों पर दागे गए थे. जिसके बाद से दोनों पक्षों में युद्ध जारी है। इस्राइल ने इस हमले को आंतकी हमला करार दिया है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कमस खाई है कि वह जब तक हमास को पूर्ण रूप से खत्म नहीं कर देते, तब तक वे युद्ध विराम नहीं करेंगे। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस्राइली हमलों में 36,700 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो गई है। वहीं, 80 हजार से अधिक लोग घायल हैं। इनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। 80प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है और सैकड़ों हजारों लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं।

# अर्शदीप सिंह ने T-20 वर्ल्ड कप में तोड़ा 10 साल पुराना रिकॉर्ड



### पहले था इस भारतीय खिलाड़ी के नाम

**न्यूयार्क, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर 8 में अपनी जगह को पक्का कर लिया है। 12 जून को संयुक्त मेजबान यूएसए के खिलाफ न्यूयॉर्क के नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले को टीम इंडिया ने 7 विकेट से अपने नाम किया। इस मैच में भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें उन्होंने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने के कप्तान रोहित शर्मा के फैसले को पूरी तरह से सही साबित किया। भारतीय टीम ने अमेरिका को 20 ओवर्स में 110 के स्कोर पर रोक दिया। अर्शदीप सिंह ने अपने 4 ओवर्स में सिर्फ 9 रन देने के साथ 4 विकेट हासिल किए जिसके साथ ही उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में रविचंद्रन अश्विन के 10 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

### टी20 वर्ल्ड कप में भारत की तरफ से किया सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन

अर्शदीप सिंह ने इस मुकाबले में अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट हासिल किए, जिसमें सयान जहांगीर और एंड्रीस गोस का विकेट शामिल था। वहीं अर्शदीप ने अपने अगले 2 शिकार नितीश कुमार और हरमीत सिंह के रूप में किए। टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में अब एक मैच में किसी भारतीय खिलाड़ी की तरफ से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने का रिकॉर्ड अर्शदीप सिंह के नाम पर दर्ज हो गया है। इससे पहले ये रिकॉर्ड रविचंद्रन अश्विन के नाम पर था जिन्होंने साल 2014 के टी20 वर्ल्ड कप में मीरपुर के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 11 रन देते हुए 4 विकेट हासिल किए थे। इस मैच में अर्शदीप सिंह को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी दिया गया।

## सूर्यकुमार ने दिखाया कि वे अलग शैली में भी खेल सकते है, अमेरिका पर जीत के बाद बोले रोहित शर्मा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ मुकाबले में अनुभवी खिलाड़ी की तरह एक अलग शैली का खेल दिखाया है। भारत ने अमेरिका के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह बनाई। मैच के बाद पत्रकारों से बातचीत में रोहित ने सूर्यकुमार की बल्लेबाजी को लेकर कहा, 'उन्होंने दिखाया कि वह एक अलग तरह की शैली के साथ भी बल्लेबाजी कर सकते हैं। आप अनुभवी खिलाड़ियों से यही उम्मीद करते हैं। मैदान पर उतरने के बाद अक्सर आप परिस्थितियों के हिसाब से बल्लेबाजी करने का प्रयास करते हैं। सूर्यकुमार ने आज कुछ वैसा ही किया। सूर्यकुमार और शिवम दुबे के बीच हुई, 67 रनों की साझेदारी हमारे लिए अहम थी। अंत में वह हमें जीत तक लेकर गए और यह एक शानदार प्रयास था। उन्होंने कहा, 'हम जानते थे कि ये 111 रन हमारे लिए मुश्किल चुनौती है, लेकिन इसका श्रेय हमें जाता है। अंत में हमनें संयम बरता और साझेदारी भी की। शुरुआत में हमने विकेट खोए लेकिन इसका श्रेय सूर्यकुमार और शिवम को जाता है जिन्होंने परिपक्वता दिखाई और हमें जीत तक लेकर गए। रोहित ने दुबे के ऑलराउंड प्रदर्शन पर कहा, 'हम चाहते हैं कि हमारे पास इसी तरह के विकल्प मौजूद हों। हालांकि एक बात यह भी है कि हमें पता होना चाहिए कि हमें कहां उनका प्रयोग कर सकते हैं। आज मुझे लगा कि हम उनका उपयोग कर सकते हैं, क्योंकि पिच उस तरह की ही थी। उन्होंने कहा, 'हम जानते थे कि गेंदबाजो को सामने से हमारी टीम को नेतृत्व करना होगा। हम पता था कि इस पिच पर रन बनाना मुश्किल है। दोबारा कहूंगा कि हमारे गेंदबाजों ने शानदार काम किया। जिस तरह से उन्हें रन बनाने से रोका वह देखना शानदार था। यहां पर क्रिकेट खेलना आसान नहीं है। यह किसी भी मैच में किसी के साथ भी हो सकता है। उन्होंने कहा, 'तीनों ही मैचों में यहां पर हमें अंत तक डटे रहना था और खेल को गहराई तक लेकर जाना था।



## प्रणय, आकर्षी और मालविका की जीत से शुरुआत, अनुपमा-समीर और किरण जॉर्ज भी जीते



**सिडनी, एजेंसी।** आकर्षी कश्यप, मालविका बंसोड़, अनुपमा उपाध्याय, समीर वर्मा और किरन जॉर्ज ने भी अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया है। आकर्षी ने यूक्रेन की पोलीना बुहरोवा को 21-14, 21-11 से हराया। मालविका ने अपनी ही साथी 21-10, 21-8 से हराया। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके देश के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत से शुरुआत की है। पांचवीं वरीय इस शटलर ने ब्राजील के यगोर कोएल्हो 21-10, 23-21 से पराजित किया। वह अगले दौर में इस्राइल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। आकर्षी कश्यप, मालविका बंसोड़, अनुपमा उपाध्याय, समीर वर्मा और किरन जॉर्ज ने भी अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया है। आकर्षी ने यूक्रेन की पोलीना बुहरोवा को 21-14, 21-11 से हराया। मालविका ने अपनी ही साथी 21-10, 21-8 से हराया।

अनुपमा उपाध्याय ने मलयेशिया की वांग लिंग चिंग को 21-14, 23-21 से, किरन जॉर्ज ने कनाडा के जियाओ डांग शेंग को 21-17, 21-10 से, समीर वर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के रिकी तांग को 21-10, 21-10 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। मिश्रित युगल में पति-पत्नी की जोड़ी बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने मलयेशिया की वांग तिएन सी और लिम च्यू सिएन को 21-17, 21-19 से हराया। भारत की इमाद फारूकी सामिया ने तीसरी वरीय ताईवान की पाई यू पो को कड़ी टक्कर दी, लेकिन उनके हिस्से में 23-21, 13-21, 22-24 से हार आई।

### पेरिस ओलंपिक में नडाल-अल्काराज की जोड़ी युगल में खेलेगी

# स्वर्ण पर साधेंगे निशाना

**मैड्रिड, एजेंसी।** फेडरेशन ने यह घोषणा 21 वर्षीय अल्कारेज के पहली बार फ्रेंच ओपन चैंपियन बनने के तीन दिन बाद की है। अल्कारेज को नडाल का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। नडाल उनके बचपन के हीरो रहे हैं।

महान टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल और युवा सनसनी कार्लोस अल्कारेज पेरिस ओलंपिक में जोड़ी बनाकर स्पेन के लिए पेरिस ओलंपिक में उतरेंगे। स्पेनिश टेनिस फेडरेशन बुधवार को घोषणा की कि नडाल-अल्कारेज ओलंपिक में युगल में खेलेंगे। फेडरेशन ने यह घोषणा 21 वर्षीय अल्कारेज के पहली बार फ्रेंच ओपन चैंपियन बनने के तीन दिन बाद की है। अल्कारेज को नडाल का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। नडाल उनके बचपन के हीरो रहे हैं। नडाल न सिर्फ 22 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं बल्कि 2008 के बीजिंग ओलंपिक में उन्होंने एकल का स्वर्ण और 2016 के रियो ओलंपिक में मार्क लोपेज के साथ मिलकर युगल का स्वर्ण जीता था।

**अल्काराज ने हाल ही में बनाया था रिकॉर्ड-** स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रविवार को यहां पुरुष एकल के फाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच सेटों के कड़े मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन का एकल वर्ग का खिताब जीत लिया। अल्काराज ने यह मुकाबला 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से अपने नाम किया। साल 2022 से अल्काराज ने प्रत्येक वर्ष एक ग्रैंडस्लैम की ट्रॉफी जीती है। यह अल्काराज का तीसरा ग्रैंडस्लैम खिताब रहा। इससे पहले 21 वर्षीय सप्ताह तक नहीं खेल पाए थे। ज्वेरेव दूसरी बार ग्रैंडस्लैम के फाइनल में हारे हैं। इससे पहले उन्हें 2020 यूएस ओपन के फाइनल में शिकस्त मिली थी।



अल्काराज ने 2022 में यूएस ओपन और 2023 में विंबलडन जीता था।

अल्काराज ने 11 एटीपी टूर खिताब जीते हैं। 21 वर्षीय अल्काराज तीन अलग-अलग ग्रैंडस्लैम (सतह) को जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं और उन्होंने हमवतन राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया। नडाल 14 बार के फ्रेंच ओपन विजेता हैं। फ्रेंच ओपन में खेलने से पहले अल्कारेज चोट के कारण तीन

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने रविवार को तीनों सतहों में से हर एक पर ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के एटीपी खिलाड़ी बन गए। अल्काराज तीनों सतहों पर ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सातवें खिलाड़ी हैं। अल्कराज का ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड प्रभावशाली 52-10 पर है, जो इस मेजर टूर्नामेंट में उनके निरंतर अच्छे प्रदर्शन को दर्शाता है।

# निकोलस पूरन ने रचा इतिहास

### सिर्फ 17 रनों की पारी से तोड़ दिया क्रिस गेल का रिकॉर्ड

**टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी।** वेस्टइंडीज की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपने ग्रुप के तीसरे मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम को 13 रनों से मात देने के साथ सुपर 8 के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है। इस मैच में विंडीज टीम के स्टार बल्लेबाज निकोसल पूरन के बल्ले से 17 रनों की छोटी लेकिन ऐतिहासिक पारी देखने को मिली जिसमें उन्होंने दिग्गज खिलाड़ी



क्रिस गेल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस मुकाबले में वेस्टइंडीज की टीम ने एक समय अपनी आधी टीम सिर्फ 30 रनों के स्कोर पर गंवा दी थी जिसमें पूरन का विकेट भी शामिल था। पूरन ने अपनी 17 रनों की पारी में 12 गेंदों का सामना किया और 3 चौके लगाए थे। इस मुकाबले में वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में कुल 149 रनों का स्कोर बनाया था जिसके बाद न्यूजीलैंड की टीम 136 रनों का स्कोर ही बनाने में कामयाब हो सकी।

वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने निकोलस पूरन

निकोलस पूरन अब वेस्टइंडीज के लिए टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। पहले ये रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम पर था जिन्होंने विंडीज टीम के लिए साल 2006 से लेकर 2021 तक 79 टी मैचों में खेलते हुए कुल 1899 रन बनाए थे जिसमें उनका औसत जहां 27.92 का था तो वहीं उन्होंने 2 शतकीय पारियां खेलने के साथ 14 अर्धशतकीय पारियां भी खेली थी। वहीं निकोलस पूरन की बात की जाए तो उन्होंने 2016 में अपना पहला टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने के बाद से अब तक वेस्टइंडीज की टीम के लिए 91 मैचों में खेलते हुए 83 पारियों में 25.52 के औसत से 1914 रन बना चुके हैं। इस दौरान पूरन ने 11 अर्धशतकीय पारियां खेली हैं।

**टी20 इंटरनेशनल में वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी**

| | |
|---|---|
| निकोलस पूरन | 1914 रन |
| क्रिस गेल | 1899 रन |
| मार्लोन सैमुअल्स | 1611 रन |
| कायरन पोलार्ड | 1569 रन |
| लिंडल सिमंस | 1527 रन |

## संक्षिप्त समाचार

### वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को हरा कर सुपर 8 में बनाई जगह

**टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी।** शेरफेन रदरफोर्ड की नाबाद 68 रन की पारी और अल्जारी जोसेफ के चार विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड को 13 रन से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बना ली है।

धाकड़ ऑलराउंडर से सजी वेस्टइंडीज की टीम ने ग्रुप-सी में तीनों मैच जीते हैं और अब उसका सामना ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में अफगानिस्तान से होगा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड लगातार दो हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है।



न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 136 रन ही बना सकी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। महज 30 रन के अंदर टीम ने अपने 5 विकेट खो दिए, लेकिन छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए शेरफेन रदरफोर्ड ने पारी को संभाला और स्कोर 149 तक पहुंचाया। रदरफोर्ड ने नाबाद 68 रन बनाए। उनके अलावा निकोलस पूरन ने 17, अकील होसैन ने 15, आंद्रे रसेल ने 14 और रोमारियो शेफर्ड ने 13 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए ट्रेंट बोल्ट ने 3 विकेट झटके। टिम साउथी और लॉकी फर्ग्यूसन ने 2-2 विकेट लिए। जेम्स नीशम और मिचेल सेंटनर को 1-1 विकेट मिला। 150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत भी खराब रही। हालांकि, फिन एलन ने एक छोड़ संभाले रखा लेकिन वो भी 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। नंबर-6 पर बल्लेबाजी करने आए ग्लेन फिलिप्स ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने 4 विकेट झटके। वहीं मोती ने 3 विकेट लिए। आंद्रे रसेल और अकील होसेन को 1-1 विकेट मिला।

### स्टॉप क्लॉक पेनाल्टी का पहला शिकार बना यूएसए

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेल की गति को बढ़ाने की मंशा से लाए गए स्टॉप क्लॉक नियम का पहला शिकार संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) की टीम बनी है। बुधवार को न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप 2024 में भारत के खिलाफ खेले गए मैच में यूएसए को पेनाल्टी के तौर पर पांच अतिरिक्त रन देने पड़ गए। यह पेनाल्टी तीन बार ओवर को समय पर शुरू ना करने की



वजह से लगाई जाती है। जिस समय यूएसए पर यह पेनाल्टी लगी, वह मैच का बेहद महत्वपूर्ण मोड़ था। अगला ओवर समय पर शुरू न करने के लिए अमेरिका की खिंचाई की गई और परिणामस्वरूप, उनके प्रतिद्वंद्वी भारत को अतिरिक्त रन दिए गए। यह नियम 1 जून से पुरुषों के वनडे और टी20आई में लागू किए गए हैं। नियमों के मुताबिक पिछले ओवर की समाप्ति और नए ओवर की शुरुआत के बीच एक मिनट से अधिक समय बर्बाद नहीं होना चाहिए। अगर एक पारी में ऐसा तीसरी बार होता है तब गेंदबाजी टीम पर पांच रनों की पेनल्टी लगाई जाएगी। भारत

# इस फुटबॉल क्लब से खेलते हुए करियर खत्म करेंगे मेसी



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** मेसी का इंटर मियामी से 2025 तक का अनुबंध है। इंटर मियामी मेजर लीग सॉकर का हिस्सा है। इसके बाद वह अपने कॉन्ट्रैक्ट को आगे बढ़ाएंगे या नहीं इसको लेकर अब तक उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी है।

दुनिया के महान फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार लियोनल मेसी ने कहा है कि वह अपने करियर का अंत अपने मौजूदा क्लब इंटर मियामी में रहते हुए ही करेंगे। इसके अलावा उन्होंने अपने सबसे बड़े डर का भी खुलासा किया है। साथ ही यह भी बताया है कि वह फुटबॉल में अपना करियर खत्म होने के बाद क्या करेंगे। मेसी का इंटर मियामी से 2025 तक का अनुबंध है। इंटर मियामी मेजर लीग सॉकर का हिस्सा है। इसके बाद वह अपने कॉन्ट्रैक्ट को आगे बढ़ाएंगे या नहीं इसको लेकर अब तक उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी है। ऐसा माना जा रहा है कि 2025 उनके करियर का आखिरी साल हो

### अपने सबसे बड़े डर का भी किया खुलासा

सकता है। मेसी ने 2022 में अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप का खिताब दिलाया था। अभी भी दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में से एक होने के बावजूद मेसी ने स्वीकार किया कि उनके करियर का अंत निकट आ रहा है। बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन फुटबॉल क्लब का यह पूर्व स्टार इस महीने के अंत में 37 वर्ष का हो जाएगा। मेसी ने ईएसपीएन अर्जेंटीना के साथ एक इंटरव्यू में अपनी भावनाओं और योजनाओं को साझा किया। मेसी ने ईएसपीएन अर्जेंटीना से कहा, मैं फुटबॉल छोड़ने के लिए तैयार नहीं हूं। मैंने अपने पूरे जीवन में यही किया है। मैं ट्रेनिंग सेशन और मैच का आनंद लेता हूं। यह डर हमेशा बना रहता है कि सब कुछ खत्म हो जाएगा। मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा आखिरी क्लब होने जा रहा है।

मेसी का करियर असाधारण रहा है। अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी ने कई बार चैंपियंस लीग जीती है, साथ ही स्पेन और फ्रांस में लीग खिताब हासिल किए हैं। सबसे खास बात यह है कि अर्जेंटीना को कोपा अमेरिका और विश्व कप में जीत दिलाई है। मेसी की ट्रॉफी कैबिनेट भी उतनी ही प्रभावशाली है, जो उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में मान्यता देने वाले कई बैलन डी ओर पुरस्कारों से सुसज्जित है।

जैसे-जैसे वह रिटायरमेंट के करीब पहुंच रहे हैं, मेसी के विचारों से वैश्विक आइकन के मानवीय पक्ष का पता चलता है। उन्होंने स्वीकार किया, यह डर कि सब कुछ खत्म हो जाएगा, यह हमेशा बना रहता है। इससे पता चलता है कि महान खिलाड़ियों को भी किसी न किसी डर से गुजरना पड़ता है।





# राजनीति की तुलना में अभिनय आसान...

कंगना रणौत ने एक सफल अभिनय करियर के बाद अब राजनीति का रुख किया है और हाल ही में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र से आम चुनाव जीता है। अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना ने हाल ही में बताया कि कैसे उनकी पहली फिल्म गैंगस्टर के बाद उनसे राजनीति में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया था और कैसे वह एक सांसद के रूप में अपने कर्तव्यों के साथ फिल्मों में अपने काम को संतुलित करने की योजना बना रही हैं। एक हालिया इंटरव्यू में कंगना ने खुलासा किया कि उनके परिवार के विभिन्न सदस्यों से पहले स्थानीय राजनीतिक नेताओं द्वारा संपर्क किया गया है। अभिनेत्री के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब मुझसे राजनीति में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया, मुझे पहले भी कई अन्य प्रस्ताव मिले हैं। गैंगस्टर के तुरंत बाद, मुझे टिकट की पेशकश की गई। मेरे परदादा कम से कम तीन बार विधायक रहे। इसलिए जब आप ऐसे परिवार से होते हैं और कुछ सफलता का स्वाद चखते हैं, तो स्थानीय नेता आपसे संपर्क करते हैं। यह बहुत आम है।

**'खतरों के खिलाड़ी' 14**

# रोहित शेट्टी की नजरों में इस बार खिताब का प्रबल दावेदार है शालीन भनोट



रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड शो 'खतरों के खिलाड़ी' के नए सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। यह शो कलर्स टीवी पर टेलीकास्ट होता है। इस बार इसका 14वां सीजन है। इसमें दर्शकों को काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। रोहित नए खिलाड़ियों के साथ नई लोकेशन पर शूटिंग कर रहे हैं। कुछ दिन पहले रोहित ने इंस्टाग्राम पर पहले स्टंट की फोटो भी शेयर की थी। अब हाल ही में 'बिग बॉस' और 'खतरों के खिलाड़ी' की पल-पल की अपडेट देने वाले एक इंस्टाग्राम पेज ने जानकारी शेयर करते हुए बताया कि रोहित ने कंटेस्टेंट शालीन भनोट की जमकर तारीफ की और कहा कि उन्हें उनके अंदर एक विनर नजर आता है। इस इंस्टाग्राम पेज ने ये भी दावा किया कि रोहित ने शालीन को फाइनलिस्ट भी बताया।

उल्लेखनीय है कि शालीन ने एक्ट्रेस दलजीत कौर के साथ शादी की थी। उनका तलाक हो चुका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इससे पहले आसिम रियाज को रोहित से बदतमीजी करने के बाद शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था, लेकिन उन्होंने गलती के लिए माफी मांगी, जिसके बाद उन्हें एक और मौका दिया गया है। शो जुलाई के मध्य से ऑन एयर होगा।

**सोनाक्षी-जहीर ने कंफर्म की शादी की खबरें**

# हम रूमर्ड बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड से पति-पत्नी बनने जा रहे..



एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा पिछले कई दिनों से अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं। कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस 23 जून को कथित बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल संग सात फेरे लेंगी। अभी तक कपल ने इन सब खबरों पर कोई चुप्पी नहीं तोड़ी थी। हालांकि, अब सोनाक्षी और इकबाल ने खुद अपनी शादी की खबर कन्फर्म करते हुए एक डिजिटल इन्विटेशन शेयर किया है, जिसमें उन्होंने ऑडियो मैसेज भी दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल इस कार्ड में उन्होंने कहा है कि वे 7 साल से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अब रूमर्ड बॉयफ्रेंड और गर्लफ्रेंड से वाइफ और हसबैंड बनने जा रहे हैं। इस शादी को लेकर दोनों बेहद एक्साइटेड हैं और इस ऑडियो कार्ड में एक क्यूआर कोड भी शामिल है, जिसमें सोनाक्षी और जहीर का एक प्यारा मेसेज है। इस ऑडियो में दोनों एक साथ कहते सुनाई जे रहे हैं, हमारे सभी टैलेंटेड, टेक सेवी और जासूस मित्रों और परिवार को, जो इस पेज पर आने में सफल रहे हैं, उन्हें नमस्ते।

जहीर कहते हैं- पिछले सात सालों से हम साथ हैं, सारी खुशियां, प्यार, हंसी और कई रोमांच भरे पल हमें यहां तक लेकर आए हैं। वह पल जहां हम रूमर्ड बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड से अब ऑफिशियली वाइफ-हसबैंड बनने जा रहे हैं। फाइनली ये उत्सव आपके बिना पूरा नहीं हो सकता। इसलिए 23 जून को आप जो भी कर रहे हैं उसे छोड़ दें और हमारे साथ पार्टी करें। जल्द मिलते हैं। लीक हुए इनवाइट के मुताबिक, पार्टी मुंबई में एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के रेस्टोरेंट बास्टियन में होगी। बता दें, हाल ही सोनाक्षी सिन्हा की एक दोस्त ने खुलासा किया था कि एक्ट्रेस जहीर संग 23 जून की रजिस्टर्ड मैरिज करेंगी और फिर उसी शाम को कपल रिशेप्शन पार्टी देगा।

# अन्तर्राष्ट्रीय शो द टुनाइट शो का हिस्सा होंगे दिलजीत दोसांझ



कुछ समय पूर्व इम्तियाज अली की फिल्म चमकीला में अपने अभिनय से दर्शकों को रोमांचित करने वाले पंजाबी सिंगर और हिन्दी फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता दिलजीत दोसांझ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय मनोरंजन दुनिया को एक नए स्तर पर ले जाने वाले हैं। प्राप्त समाचारों के अनुसार दिलजीत दोसांझ जल्द ही एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर नजर आने वाले हैं, जिससे उनकी पॉपुलैरिटी सातवें आसमान पर जाने वाली है। दिलजीत दोसांझ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जानकारी दी है कि वह जल्द ही जिमी फॉलन के बेहद लोकप्रिय अंतरराष्ट्रीय शो 'द टुनाइट शो' पर शिरकत करेंगे। यह शो दिलजीत के फैंस के लिए एक बड़ी खबर है और इससे उनकी अंतरराष्ट्रीय पहचान में जबरदस्त बढ़ोतरी होगी।

दिलजीत दोसांझ जल्द ही अपनी आगामी पंजाबी फिल्म 'जट्ट एंड जूलियट 3' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह नीरू बाजवा के साथ मुख्य भूमिका में होंगे। यह फिल्म लोकप्रिय 'जट्ट एंड जूलियट' फ्रेंचाइजी की तीसरी कड़ी है और इसका निर्देशन जगदीप सिद्धू ने किया है। फिल्म 28 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वालीहै। दिलजीत दोसांझ ने हाल ही में इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' में अपने दमदार अभिनय से सभी का दिल जीता। इस फिल्म में उनके किरदार को काफी सराहना मिली और इसे दर्शकों और आलोचकों द्वारा खूब पसंद किया गया। दिलजीत ने अपने अभिनय की विविधता को एक बार फिर से साबित किया है और अपनी पहचान को और मजबूत किया है। दिलजीत दोसांझ का सफर एक बेहतरीन गायक से एक सफल अभिनेता तक का रहा है। उनकी मेहनत और प्रतिभा ने उन्हें आज इस मुकाम पर पहुंचाया है कि वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं। जिमी फॉलन के 'द टुनाइट शो' में उनकी उपस्थिति से यह साबित होता है कि वह न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी जगह बना चुके हैं।



**सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

# बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका के निपटारे तक हमारे बारह की रिलीज पर रोक

मालूम हो कि पिछले सप्ताह बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अन्नू कपूर की फिल्म की समीक्षा के लिए मुस्लिम समुदाय से एक व्यक्ति सहित स्वतंत्र व्यक्तियों की तीन सदस्यीय समिति के गठन का निर्देश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने अन्नू कपूर की फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर रोक लगा दी है। 7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली यह फिल्म अपनी बोल्ड कहानी और जनसंख्या वृद्धि के मुद्दे को दर्शाने के लिए विवादों में घिर गई है। कथित तौर पर इसमें कुरान की आयतों को तोड़-मरोड़ कर जनसंख्या वृद्धि के लिए मुसलमानों को दोषी ठहराने वाली कहानी का प्रचार किया गया है। सांप्रदायिक तनाव को रोकने के लिए देश के कई हिस्सों में फिल्म पर प्रतिबंध भी लगाया गया है। रिलीज पर रोक लगने के बाद मेकर्स की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं।

### हमारे बारह के मेकर्स की बढ़ी चिंता

सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के रिलीज पर तब तक के लिए रोक लगा दी जब तक कि बॉम्बे हाई कोर्ट फिल्म में आपत्तिजनक दृश्यों के संबंध में मामले की सुनवाई और निपटारा नहीं कर देता। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका के निपटारे तक, संबंधित फिल्म का प्रदर्शन स्थगित रहेगा।

मालूम हो कि पिछले सप्ताह बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अन्नू कपूर की फिल्म की समीक्षा के लिए मुस्लिम समुदाय से एक व्यक्ति सहित स्वतंत्र व्यक्तियों की तीन सदस्यीय समिति के गठन का निर्देश दिया था। कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर लगी रोक हटा दी थी और निर्माताओं को सोशल मीडिया से ट्रेलर हटाने का निर्देश दिया था। फिल्म की रिलीज 14 जून तक टाल दी गई थी।

### फिल्म मेकर्स की मिली थीं यह धमकियां

बता दें कि इससे पहले अन्नू कपूर ने अपनी आगामी फिल्म के कलाकारों और चालक दल को सोशल मीडिया पर बलात्कार और मौत की धमकियां मिलने के बाद मुंबई पुलिस से सुरक्षा का अनुरोध किया था। अभिनेता ने एक वीडियो में कहा, फिल्म महिला सशक्तिकरण की वकालत करती है और महिलाओं के अधिकारों की बात करती है। पहले फिल्म देखें और फिर अपना फैसला दें। लोगों को सोशल मीडिया पर अपनी बात कहने की आजादी है, लेकिन उन्हें गाली नहीं देनी चाहिए।



# बॉर्डर-2 के साथ लौट रहे सनी

बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की 1997 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल आने वाला है। एक्टर और मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए इसकी घोषणा की। सनी देओल की गदर 2 के बाद से उनकी बॉर्डर 2 की चर्चा जोरों पर थी। गुरुवार को, फिल्म मेकर्स ने एक स्पेशल वीडियो शेयर किया। वीडियो में केवल टेक्स्ट है, इसमें फिल्म से जुड़ा कोई विजुअल नहीं है और बैकग्राउंड में सनी देओल की आवाज सुनाई देती है। वीडियो में सनी कहते हैं, 27 साल पहले, एक फौजी ने वादा किया था कि वह वापस आएगा। उसी वादे को पूरा करने, हिंदुस्तान की मिट्टी को अपना सलाम कहने, आ रहा है फिर से.. वीडियो के आखिर में फिल्म का गाना संदेशे आते हैं सुनाई देता है, जिसे सोनू निगम ने गाया था। 1997 में रिलीज हुई बॉर्डर में सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, अक्षय खन्ना, सुदेश बेरी और पुनीत इस्सर जैसे कलाकारों ने काम किया था। इनके अलावा, कुलभूषण खरबंदा, तब्बू, राखी, पूजा भट्ट और शरबानी मुखर्जी जैसे सहायक कलाकार भी थे। फिल्म में लोंगेवाला की लड़ाई को काल्पनिक तरीके से दिखाया गया था। फिल्म में अनु मलिक ने म्यूजिक दिया था और जावेद अख्तर ने गाने लिखे थे।

# विजय वर्मा स्टारर मटका किंग की शूटिंग शुरू



इन दिनों विजय वर्मा स्टारर क्राइम थ्रिलर मटका किंग की काफी चर्चा है। फैंस इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मेकर्स ने एक बड़ा अपडेट जारी किया है। मेकर्स ने एक्टर का नया पोस्टर शेयर करते हुए बताया कि सीरीज की शूटिंग शुरू हो चुकी है। पोस्टर में विजय 90 के दशक के अवतार में नजर आ रहे हैं। उन्होंने व्हाइट शर्ट पहनी हुई है, और ताश के साथ खेलते हुए दिख रहे हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, शर्त लगाने के लिए तैयार! मटका किंग जल्द ही, लेकिन अभी शूटिंग शुरू। मटका किंग की कहानी 1960 के दशक की है, जिसमें एक कपास व्यापारी मटका नामक एक नया जुआ खेल शुरू करता है। यह खेल शहर में तूफान मचा देता है। यह खेल पहले सिर्फ अमीरों और अभिजात वर्ग के लिए आरक्षित था, लेकिन अब हर वर्ग के लोग जुड़ जाते हैं। इस सीरीज में कृतिका कामरा, सई ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे कलाकार शामिल हैं। रॉय कपूर फिल्म्स के बैनर तले सिद्धार्थ रॉय कपूर और नागराज मंजुले के साथ गार्गी कुलकर्णी, आशीष आर्यन और अश्विनी सिद्वानी द्वारा निर्मित इस सीरीज का निर्देशन नागराज ने किया है और मंजुले के साथ अभय कोरानने ने इसे लिखा है। इस सीरीज को प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।